www.navpradesh.com
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

रायपुर, मंगलवार, 11 अगस्त 2026 कृष्ण पक्ष-चर्तुदशी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 183 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

राष्ट्रीय ध्वज 140 करोड़ भारतवासियों के सम्मान का प्रतीक : मुख्यमंत्री साय

भाजपा की रायपुर में निकली भव्य 'तिरंगा यात्रा' में भारी जनसमूह उमड़ा, जगह-जगह पुष्पवर्षा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा 140 करोड़ भारतवासियों के सम्मान का प्रतीक है और यह पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने का काम करता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत काल में 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत की थी, जो आज एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन का रूप ले चुका है। श्री साय ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को यह समझाना है कि यह आजादी हमें आसानी से नहीं मिली है।

महात्मा गांधी, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस और वीर सावरकर जैसे अनेक महापुरुषों के त्याग, बलिदान और कुर्बानियों के बाद देश आजाद हुआ है। श्री साय सोमवार को यहाँ भारतीय जनता ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गुलामी से समाज में व्याप्त कुरीतियों-विकृतियों को दूर करना है : विजय शर्मा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरुआत की है। गुलामी से समाज में जो कुरीतियाँ और विकृतियाँ व्याप्त हुई हैं, उन्हें दूर करना है और देश को गौरवान्वित करना है। भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा शांति और सद्भाव का प्रतीक है।

सीएम और डिप्टी सीएम 1500 मीटर तिरंगे के साथ चले

भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को राजधानी स्थित बलवीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम से भव्य 'तिरंगा यात्रा' निकाली जो सुभाष स्टेडियम में समाप्त हुई। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री साय और उप मुख्यमंत्री द्वय श्री साव व श्री शर्मा ने यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में आम जनता और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। यात्रा में मुख्यमंत्री श्री साय एवं उपमुख्यमंत्री द्वय श्री साव व श्री शर्मा 1500 मीटर तिरंगे के साथ चले। घोड़ा-बग्घी सहित तिरंगा यात्रा निकाली गई। बलबीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम से शुरू होकर यह तिरंगा यात्रा सिद्धार्थ चौक, पुरानी बस्ती, कालीबाड़ी और महिला थाना चौक से होते हुए सुभाष स्टेडियम पर संपन्न हुई। पूरी यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के उद्घोष से राजधानी का माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया। यात्रा-मार्ग पर जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

तिरंगा यात्रा में ये हुए शामिल

भाजपा की इस तिरंगा यात्रा में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, गुरु खुशवंत साहेब, राजेश अग्रवाल, लक्ष्मी रजवाड़े, भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, डॉ नवीन मार्कंडेय, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, अनुज शर्मा, इंद्रकुमार साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग, जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, श्याम नारंग सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, आमजन, कॉलेज एवं स्कूल से आए विद्यार्थीगण व भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

आज बेबाक

टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा जो खुद को फायर ब्रांड नेत्री बताते नहीं थकती थी वो फ्लावर से भी गई बीती निकली। उन्होंने पुलिस पूछताछ वर्चुअल करने की सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई क्योंकि उन्हें खुद पर अंडे फेंके जाने का खतरा है। सुको ने उन्हें टका सा जवाब देकर उन पर कड़ी टिप्पणी कर महुआ मोइत्रा को हास्य का पात्र बना दिया। कल को इस मोहतरमा को किसी मामले में सजा हो गई तो अपने लिए अलग से सर्व सुविधा युक्त जेल बनाने की भी मांग करेंगी। बाबा का राज है। हर जगह इन सांसदों को वीवीआईपी ट्रीटमेंट चाहिए।

ईडी निदेशक राहुल नवीन का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा

नई दिल्ली/ए.। केंद्र सरकार ने वित्तीय अपराधों की जांच करने वाली शीर्ष एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के प्रमुख राहुल नवीन का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति की ओर से शनिवार को जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, ईडी निदेशक के रूप में उनका सेवा विस्तार 13 अगस्त 2026 से प्रभावी होकर 13 अगस्त 2027 या अगले आदेश तक लागू रहेगा। 59 वर्षीय राहुल नवीन 1993 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के आयकर कैडर के वरिष्ठ अधिकारी हैं।

गरमा-गरम

आक्रोश : प्रदर्शनकारियों ने जवाब में पानी की बोतल और चप्पलें फेंकीं, कई लोग घायल

झारखंड में विस गेट तक पहुंचे छात्र, 3 बार लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले दागे

विधानसभा के बाहर देर शाम तक जारी रहा प्रदर्शन, पुलिस के साथ झड़प भी

रांची/नवप्रदेश/ झारखंड के रांची में जेपीएससी -जेएसएससी परीक्षा में धांधली के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हजारों छात्र बैरिकेडिंग तोड़ विधानसभा गेट के पास पहुंच गए। छात्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें गेट से हटाने की कोशिश की, लेकिन नहीं हटे तो लाठीचार्ज कर खदेड़ दिया।

कई बार पुलिस और छात्रों के बीच झड़प की नौबत आई। दो-तीन बार लाठीचार्ज करना पड़ा। कुछ छात्रों के सिर पर चोटें आई हैं। प्रदर्शनकारियों ने भी पुलिस पर पानी की बोतलें और चप्पलें फेंकीं। छात्र नेता देवेंद्र नाथ महोती की धरनास्थल पर तबीयत बिगड़ गई। पुलिस प्रशासन ने उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले आंदोलनकारी छात्र सुबह 10 बजे ओल्ड ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सरकार की तानाशाही का करारा जवाब देंगे : मरांडी

सीएम आवास के बाहर धरना दे रहे बीजेपी नेता बाबूलाल मरांडी को पुलिस ने डिटेन कर लिया गया। डिटेन होने के बाद मरांडी ने कहा कि 'झारखंड के छात्र पिछले 17 दिनों से सीबीआई जांच की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। इसी मुद्दे पर आज हम सभी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर छात्रों की मांगों पर कार्रवाई की मांग करने जा रहे थे, लेकिन हमें आवास के बाहर ही रोक दिया गया और फिर खेलगांव स्थित कैंप जेल में डिटेन कर दिया गया। सोरेन सरकार की इस तानाशाही का करारा जवाब देंगे।

सरकार से अब बातचीत नहीं, देवेंद्र महतो का अल्टीमेटम

झारखंड के रांची में छात्रों का आंदोलन अब आर-पार की लड़ाई में बदलता दिख रहा है। विधानसभा घेराव के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जोरदार टकराव हुआ। प्रदर्शनकारी देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि 'अब सरकार से कोई और बातचीत नहीं होगी। अब सरकार को छात्रों की मांगों पर फैसला लेना होगा।' आंदोलन के 17वें दिन हजारों छात्र पुरानी विधानसभा से नई विधानसभा की ओर मार्च लेकर निकले। कई जगह बैरिकेडिंग कर उन्हें रोकने की कोशिश हुई, लेकिन छात्र आगे बढ़ते रहे। धक्का-मुक्की के बाद पुलिस ने बल प्रयोग किया। इस दौरान कई प्रदर्शनकारी सड़क पर ही बैठ गए। 9 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे देवेंद्र नाथ महतो भी एंबुलेंस से पहुंचे और स्ट्रेचर पर लेटकर मार्च में शामिल हुए।

लाठीचार्ज गलत, शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना अधिकार

नई दिल्ली/ए.। झारखंड में छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने छात्रों के खिलाफ बल प्रयोग को गलत बताते हुए कहा कि उन्हें शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार है और समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए होना चाहिए। 'एक्स' पर पोस्ट कर उन्होंने कहा कि झारखंड में प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ बल प्रयोग गलत है।

झारखंड पीएससी के पूर्व अध्यक्ष गिरफ्तार

इधर, सीआईडी ने जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष एल ख्यांगते को गिरफ्तार कर लिया है। 21 जुलाई को जेपीएससी ऑफिस में रेड के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। सीआईडी उनसे लगातार पूछताछ कर रही थी। झारखंड पीएससी-एसएससी की परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर 17 दिन से आंदोलन कर रहे हैं।

संसद का हंगामेदार मानसून सत्र

विपक्षी हंगामे के बीच दोनों सदनों में दो विधेयक पारित

राज्यसभा से 'बैंककार बही साक्ष्य विधेयक' पास, लोकसभा में 'अधिकरण सुधार विधेयक' पारित

नई दिल्ली (ए.)। संसद के मानसून सत्र के आखिरी सप्ताह के पहले दिन सोमवार को दोनों सदनों में भारी हंगामे और विपक्षी दलों के विरोध के बीच महत्वपूर्ण विधायी कार्य संपन्न हुए। जहां एक ओर राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों के बहिर्गमन के बीच 'बैंककार बही साक्ष्य विधेयक-2026' को मंजूरी मिल गई, वहीं दूसरी ओर लोकसभा में भी भारी शोरगुल के बीच 'अधिकरण सुधार विधेयक, 2026' को बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

राज्यसभा में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों के वॉकआउट ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गृहमंत्री शाह आज दे सकते हैं जवाब

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने स्पष्ट किया कि सरकार और गृह मंत्री अमित शाह छात्रों पर हुई कार्रवाई के मुद्दे पर चर्चा और उसके बाद जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रिजिजू ने विपक्ष से अपील की कि जब गृह मंत्री जवाब दें तो सदन में हंगामा न किया जाए और उनका पूरा पक्ष सुना जाए। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के आंदोलन और उससे जुड़ी पुलिस कार्रवाई समेत सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। लगातार जारी हंगामे के कारण पीठासीन अधिकारी ने लोकसभा की कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया।

बिल से पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी

लोकसभा में मानसून सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन भी विपक्ष का हंगामा जारी रहा। दो बार के स्थगन के बाद दोपहर में जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए। हंगामे के बीच ही विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'अधिकरण सुधार विधेयक, 2026' पेश किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विधेयक किसी अधिकरण के क्षेत्राधिकार में बदलाव नहीं करता, बल्कि पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए है। पीठासीन अधिकारी जगदम्बिका पाल ने हंगामे के बीच ही इसे बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित करा दिया।

राम मंदिर का सीईओ बनने 5200 आवेदन, शॉर्टलिस्ट हुए 18 दावेदार

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सीईओ पद का इंटरव्यू की तारीख तय

अयोध्या/ए.। अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया अपने अंतिम और निर्णायक चरण में प्रवेश कर गई है। देशभर से प्राप्त 5200 से अधिक आवेदनों की गहन समीक्षा और प्राथमिक छांट प्रक्रिया के बाद केवल 18 उम्मीदवारों को अंतिम साक्षात्कार के लिए चुना गया है।

यह अंतिम इंटरव्यू प्रक्रिया आगामी 11 और 12 अगस्त को अयोध्या के राम मंदिर परिसर में ही आयोजित ■ शेष पृष्ठ 8 पर

2 सितंबर को ट्रस्ट की बैठक में अंतिम फैसला

चयन समिति द्वारा दिए गए तीन नामों के पैनल पर अंतिम निर्णय आगामी 2 सितंबर को होने वाली श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की आधिकारिक बैठक में लिया जाएगा। इसी बैठक में चर्चा के बाद सर्वसम्मति से सीईओ पद के लिए अंतिम व्यक्ति का नाम घोषित किया जाएगा। नया सीईओ मंदिर परिसर के दैनिक प्रशासनिक कार्यों, वित्तीय प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के संचालन की जिम्मेदारी संभालेगा।

हॉस्टल में जहरीले सांप का कहर, 6 छात्राओं को काटा

इलाज के दौरान 3 की मौत, 3 की हालत गंभीर

गढ़चिरौली/पखांजूर। छत्तीसगढ़ सीमा से लगे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले से एक दिल दहला देने वाली बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। धनोरा तहसील के जपटलाई शासकीय कन्या छात्रावास में आधी रात को एक जहरीला सांप घुस आया। इस दौरान हॉस्टल के कमरे में फर्श पर कुल 79 छात्राएं सो रही थीं, जिनमें से 6 छात्राओं को सांप ने डस लिया।

घटना का पता चलते ही छात्रावास में अफरा-तफरी मच गई। प्रबंधन द्वारा तत्काल सभी प्रभावित ■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रशासन और सरकार सख्त, जांच के आदेश

इस हृदयविदारक घटना के बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है। गढ़चिरौली के जिला कलेक्टर अविश्यंत पांडा ने पूरे मामले की विस्तृत मजिस्ट्रेटी और विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। प्रशासन यह जांच कर रहा है कि छात्रावास परिसर में सुरक्षा, साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाओं के क्या इंतजाम थे तथा सांप अंदर कैसे पहुंचा।

नाले में बही कार, 3 बच्चों समेत 9 की मौत

2 युवक तैरकर बाहर आए, पानी में डूबे अधूरे पुल को देख नहीं पाया ड्राइवर

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश के राजगढ़ में निर्माणाधीन पुल पर भारी बारिश के बीच ईको वैन नाले में बह गई। वैन में 11 लोग सवार थे। हादसे में अब तक 9 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि दो लोग तैरकर बाहर निकल गए।

तेज बारिश के कारण नाले का पानी पुल के ऊपर से बह रहा था। बताया जा रहा है कि ड्राइवर को अधूरा पुल दिखाई नहीं दिया, जिससे वैन नाले में जा गिरी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पड़ाना बायपास पुलिया पर पानी और झिरी के सामने उफनते नाले का तेज बहाव देखकर मौके पर मौजूद प्रशासनिक अमले और ग्रामीणों ने वाहन चालक को आगे जाने से मना किया था। बावजूद इसके चालक ने वाहन को पानी के बीच से निकालने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

यूपी में गंगा का पानी हाईवे पर आया, भोपाल में 7 इंच बारिश

लखनऊ/ए.। यूपी में गंगा-यमुना समेत 10 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। फर्रुखाबाद-बिजनौर में गंगा नदी का पानी हाईवे के ऊपर बह रहा है। कई सड़कें डूब गई हैं। 40 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। लोग सड़कों पर टेंट लगाकर रह रहे हैं। काशी में सभी 84 घाटों को जोड़ने वाले रास्ते जलमग्न हो गए हैं। गंगा का पानी मणिकर्णिका घाट तक पहुंच गया है। इधर भोपाल में 12 घंटे में सात इंच बारिश दर्ज की गई है। कई इलाके जलमग्न हो गए हैं।

कोलंबिया में 7.4 तीव्रता का भूकंप, 20 की मौत

कई इमारतें गिरीं, मकान खाली कराए गए, सैकड़ों लोगों के घायल होने की खबर

बोगोटा/ए.। दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। इसमें अब तक 20 लोगों की मौत हो गई हैं। भूकंप स्थानीय समय के मुताबिक सोमवार सुबह करीब 7 बजे आया। लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। कई इमारतें खाली कराई गई हैं। सैकड़ों लोगों के घायल होने की खबर है। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंप का केंद्र

राजधानी बोगोटा से करीब 400 किलोमीटर पश्चिम में पालमार इलाके में था। इसके झटके पड़ोसी देश इक्वाडोर और वेनेजुएला तक महसूस किए गए।

कोलंबिया में ज्यादा भूकंप क्यों आते हैं: कोलंबिया दुनिया के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

तीन बागी टीएमसी सांसदों का भाजपा में जाने से इनकार

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के तीन बागी मुस्लिम सांसद अबू ताहिर खान, खलीलुर रहमान और यूसुफ पठान ने कहा है कि वे बीजेपी में शामिल नहीं होंगे और वे एनडीए का हिस्सा भी नहीं हैं। तीनों सांसदों के मुताबिक, वे बीजेपी की राजनीति से सहमत नहीं हैं, लेकिन अपने क्षेत्रों के लोगों के हित में केंद्र और राज्य सरकार के साथ काम करेंगे। ये तीनों उन 20 बागी टीएमसी सांसदों में शामिल हैं, जिन्होंने बंगाल चुनाव के कुछ हफ्तों बाद ममता की पार्टी से अलग होकर एनसीपीआई में विलय किया था।

इलाज : 15 साल के बच्चे सहित 20 दिन में 9 बड़े ऑपरेशन, 2 महीने में 13 लोबेक्टॉमी

अंबेडकर अस्पताल में फेफड़ों की सर्जरी का नया रिकॉर्ड

मेडिकल कॉलेज के हार्ट-चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग का एक और कीर्तिमान

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति अस्पताल के हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग ने फेफड़ों की जटिल सर्जरी में नया रिकॉर्ड बनाया है। विभाग में सिर्फ 20 दिन में फेफड़े की 9 लोबेक्टॉमी सर्जरी (फेफड़े के संक्रमित हिस्से को निकालने की सर्जरी) की गई हैं। इन्हें मिलाकर पिछले दो महीने में कुल 13 मरीजों के फेफड़े की लोबेक्टॉमी सर्जरी हो चुकी है। इनमें सबसे कम उम्र का मरीज 15 साल का बच्चा है, जबकि सबसे ज्यादा उम्र 70 साल है।

अब तक के सबसे कम उम्र का मरीज जिसके फेफड़े की लोबेक्टमी सर्जरी की गई

इस ऑपरेशन में शामिल मरीजों की उम्र 15 साल से लेकर 70 साल तक

दो आपातकालीन सर्जरी ऐसे मरीजों की की गई, जिन्हें खांसी के साथ अत्यधिक रक्तस्राव (हेमोप्टाइसिस) हो रहा था। आधुनिक तकनीक और एडवांस्ड लंग स्टेपलर की सहायता से की गई इन जटिल सर्जरियों ने न केवल संस्थान ■ शेष पृष्ठ 8 पर

क्या होती है लोबेक्टॉमी सर्जरी

हमारे शरीर में फेफड़े के दो हिस्से होते हैं, जिसे दायां एवं बायां फेफड़ा कहा जाता है। बायां फेफड़ा दो लोब (भाग) से मिलकर बनता है, जिसको अपर लोब और लोअर लोब कहा जाता है। उसी प्रकार दायें फेफड़े में तीन लोब होते हैं: अपर लोब, मिडिल लोब एवं लोअर लोब। यदि फेफड़े को कोई बीमारी जैसे कि एस्परजिलोमा, ब्रोन्किएक्टैसिस या लंग ट्यूमर किसी एक भाग या लोब तक सीमित होती है तो उस स्थिति में उस भाग को ऑपरेशन द्वारा निकाल दिया जाता है, जिसको मेडिकल भाषा में लोबेक्टॉमी कहा जाता है। इसमें दायें या बायें छाती में चीरा लगाकर संक्रमित फेफड़े को अन्य भागों से अलग किया जाता है एवं विशेष तकनीक एवं लंग स्टेपलर की सहायता से संक्रमित लोब को निकाला जाता है। आधुनिक स्टेपलर प्रयोग करने से फेफड़े के ऑपरेशन के बाद होने वाले कॉम्प्लिकेशन जैसे कि ब्रोन्कोप्लूरलफिस्टुला में बहुत ही कमी आ जाती है।

25वीं छत्तीसगढ़ स्टेट जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ

■ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में जिला बैडमिंटन एसोसिएशन राजनांदगांव के तत्वावधान में आयोजित 25वीं छत्तीसगढ़ स्टेट जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026-27 का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता 9 अगस्त से 13 अगस्त 2026 तक आयोजित की जा रही है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि

राजनांदगांव में प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन होना गर्व की बात है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश स्तर से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनाएं। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, जूडो, कराटे और कुश्ती सहित विभिन्न खेलों में यहां के खिलाड़ी लगातार आगे बढ़ रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि राजनांदगांव को खेल नगरी के रूप में और अधिक विकसित करने के लिए खेल अधोसंरचना को मजबूत किया जा रहा है। खिलाड़ियों की आवश्यकता के अनुरूप मैदान, कोर्ट, प्रशिक्षण सुविधाएं और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए बड़े स्तर पर राशि का प्रावधान किया गया है। खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, कोचिंग और प्रशिक्षकों के विशेष प्रशिक्षण के साथ-साथ खेल अधोसंरचना के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि राजनांदगांव के बच्चे भी खेलों के प्रति उत्साह के साथ मैदानों में पहुंच रहे हैं। सुबह बड़ी संख्या में बच्चे हॉकी, फुटबॉल और क्रिकेट सहित विभिन्न खेलों का अभ्यास करते दिखाई देते हैं। यह राजनांदगांव की खेल संस्कृति और यहां की प्रतिभाओं की मजबूत नींव को दर्शाता है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे अनुशासन, निरंतर अभ्यास और मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राजनांदगांव से आने वाले खिलाड़ी प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने सभी खिलाड़ियों और आयोजकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि राजनांदगांव संस्कारधानी के साथ-साथ अब खेलों की राजधानी के रूप में भी अपनी पहचान बना रहा है। ज्ञानेश्वरी यादव जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने विश्व स्तर पर राजनांदगांव का नाम रोशन किया है और जिले में ऐसी अनेक खेल प्रतिभाएं मौजूद हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश जो खेलेगा, वही खिलेगा को आत्मसात करते हुए खिलाड़ी पूरी लगन और मेहनत के साथ खेलें, आगे बढ़ें और देश का नाम रोशन करें। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि प्रदेश में सरकार बनने के बाद खेल और खिलाड़ियों की तरक्की एवं बेहतरी के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

डोंगरगढ़ में 100 के ऑनलाइन रिचार्ज के नाम पर 95 हजार रुपये की ठगी

डोंगरगढ़ / राजनांदगांव। साइबर ठगी का एक नया मामला डोंगरगढ़ में सामने आया है। मोबाइल ऐप पर महज ?100 का रिचार्ज करने के नाम पर एक व्यक्ति के बैंक खाते से ?95,000 पार कर दिए गए। पीड़ित की शिकायत पर डोंगरगढ़ पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मिस्त्री पारा, वार्ड क्रमांक 09 निवासी मनोज कुमार इंदुरकर (53 वर्ष) के मोबाइल ऐप पर ?100 में रिचार्ज करने का ऑफर आया था। मनोज पहले से ही उक्त ऐप का इस्तेमाल कर रहे थे। उन्होंने 4 अगस्त को दोपहर करीब 3:15 बजे फोन के माध्यम से 100 का रिचार्ज किया। रिचार्ज के कुछ समय बाद उसी दिन शाम को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से दोबारा फोन आया। कॉल करने वाले ने खाते से ?95,000 और अन्य लेन-देन का जिक्र किया। संदेह होने पर पीड़ित ने बैंक खाता जांचा तो पता चला कि खाते से ?95,000 ट्रांसफर हो चुके थे।

बैंक हेल्पलाइन और साइबर हेल्पलाइन में शिकायत -घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने बैंक हेल्पलाइन से संपर्क कर अपनी यूपीआई सेवा बंद कराई और राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की पावती मिलने के बाद डोंगरगढ़ थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और डिजिटल ट्रांजेक्शन की जानकारी के आधार पर आरोपी की पतासाजी में जुटी है।

फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 15 को

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। डोंगरगढ़ के रेलवे फुटबॉल ग्राउंड में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे इंस्टिट्यूट डोंगरगढ़ विनीत न्यू फ्रेंड्स क्लब , डोंगरगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित आज से 7-ए साइड फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ होगा। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 15 अगस्त 2026 को खेला जाएगा। टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में द्वझ्र्ख्रक्रके उप सेनानी कमांडेंट मुकेश सिंह भास्कर शामिल होंगे। उनकी मौजूदगी से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ेगा और आयोजन को विशेष गरिमा मिलेगी। दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होंगे मुकाबले-आयोजकों के अनुसार टूर्नामेंट के मुकाबले दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक रेलवे फुटबॉल ग्राउंड में खेले जाएंगे। डोंगरगढ़ सहित आसपास के खिलाड़ियों को इस फुटबॉल प्रतियोगिता में भागीदारी और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। इस आयोजन को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं रेलवे इंस्टिट्यूट, डोंगरगढ़ का विशेष सहयोग प्राप्त है।न्यू फ्रेंड्स क्लब ने डोंगरगढ़ के सभी खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। आयोजकों का कहना है कि प्रतियोगिता के माध्यम से खेल भावना, अनुशासन और एकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानः रेलवे फुटबॉल ग्राउंड, डोंगरगढ़, टूर्नामेंट प्रारंभः 9 अगस्त 2026, फाइनल मुकाबलाः 15 अगस्त 2026, समयः दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक, आयोजकः न्यू फ्रेंड्स क्लब , डोंगरगढ़, मुख्य अतिथिः द्वझ्र्ख्रक्र के उप सेनानी कमांडेंट मुकेश सिंह भास्कर, विशेष सहयोगः दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं रेलवे इंस्टिट्यूट, डोंगरगढ़ होंगे।

विश्व आदिवासी दिवस पर देवभोग धुवागुड़ी में झलकी पुरातन लोक संस्कृति

देवभोग/नवप्रदेश। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर क्षेत्र में देवभोग,धुवागुड़ी में आदिवासी समाज के हजारों कार्यकर्ताओं ने इसे धूमधाम से मनाया कार्यक्रम को अपने आराध्य बुढादेव और देवी देवताओं के पूजन से शुरू कर शोभायात्रा के पश्चात समापन किया।इस अवसर पर दोनों स्थानों में समाज के श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के अलावा मांझी मुखिया और परिक्षेत्र के पदाधिकारी भी शामिल हुये। जहां एक ओर आदिवासी कार्यकर्ता अपने परंपरागत पोशाक में दिखे तो वहीं लोक नृत्य कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र रहा है।समाज की एकता,अखंडता और संस्कृति का अनुपम मेल-इस अवसर पर आदिवासी समाज के कार्यकर्ता हजारों की संख्या में शामिल होकर एकता अखंडता का परिचय दिया तो वहीं अपने परंपरागत पोशाक के साथ लोक नृत्य और आदि पूजन विधान के जरिये सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी ,आदिवासी दिवस के अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिला कार्यकर्ताओं के अलावा बच्चे भी शामिल हुये।

मानसून ट्रैकिंग में शामिल हुए विभिन्न जिलों के सदस्य

यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ने धमतरी से मासूल तक निकाली तिरंगा यात्रा

धमतरी/नवप्रदेश। यूथ हॉस्टल एसोसिएशन धमतरी इकाई की ओर से देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश देखने को मिला।एसोसिएशन द्वारा धमतरी से मासूल वॉटरफॉल तक मानसून ट्रैकिंग का आयोजन किया गया।इस दौरान तिरंगा यात्रा भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में सदस्यों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति का जज्बा दिखाया।

यूथ हॉस्टल एसोसिएशन द्वारा समय समय पर सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरण से संबंधित गतिविधियां संचालित की जाती है। मानसून आते ही पर्यावरण के संरक्षण के लिए पौधरोपण सहित सीड बाल निर्माण का कार्य किया गया। 15 अगस्त के पहले एसोसिएशन ने मासूल वॉटरफॉल (गुरूर रेंज) तक तिरंगा यात्रा कम मानसून ट्रैकिंग का आयोजन किया गया।यूथ हॉस्टल एसोसिएशन का यह आयोजन

युवाओं को प्रकृति, फिटनेस और राष्ट्रप्रेम से जोड़ने की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में सामने आया।

अन्य जिलों से भी सदस्य पहुंचे -एसोसिएशन के अध्यक्ष हुकुमचंद जैन ने बताया इस ट्रैकिंग कार्यक्रम में रायपुर, भिलाई सहित धमतरी जिले के यूथ हॉस्टल एसोसिएशन के सदस्य शामिल हुए।प्राकृतिक वादियों के बीच सदस्यों ने ट्रैकिंग का आनंद लिया और युवाओं को फिटनेस के साथ प्रकृति से जुड़ने का संदेश दिया।

सीड बाल का रोपण किया गया-यूथ हॉस्टल के वरिष्ठ योगेश गुप्ता ने बताया कि ट्रैकिंग के दौरान पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी पहल की गई।सदस्यों ने रास्ते में सीड बॉल का रोपण किया, ताकि आने वाले समय में इन क्षेत्रों में हरियाली को बढ़ावा मिल सके। सीड बॉल के जरिए पौधों को प्राकृतिक रूप से विकसित करने का प्रयास किया गया।तिरंगे के साथ निकली इस यात्रा ने जहां देशभक्ति का संदेश दिया, वहीं सीड बॉल के रोपण के जरिए पर्यावरण बचाने का संकल्प भी नजर आया।

ट्रेकिंग में हुकुमचंद मित्री,योगेश गुप्ता,वेकटेश्वर साहू, डॉ. भूपेंद्र साहू,दीक्षा साहू, डॉ.भूपेंद्र सोनी, रवि कृष्णानी,तेजप्रकाश रिगरी, भारत पांडे,मनोज देवान,घनश्याम साहू,भूपेश चौधरी,डॉ. शेषनारायण चंद्राकर,नीरज शुक्ला,अनुष्का शुक्ला, अर्जुन शुक्ला,तूलिका शुक्ला, श्रेया साहू,आकाश चंद्राकर, इनाया वर्मा,घनश्याम साहू, टिक्की निर्मलकर,सुनील गुरानी,नरेश मखीजा,रमेश मित्री, एकता सिंह, डॉ. शक्ति वर्मा,डॉ. प्रीति वर्मा, सुधीर अवधिया, कल्पना अवधिया, राजेश मराठे, श्रीमती मराठे,गोपाल ताम्रकार, कमलेश कोठारी,नरेंद्र गोलछा, अनीता गोलछा,किरण सोनवानी, डॉ. धर्मेंद्र सिन्हा,जय गोलछा, पुखराज साहू, बीरबल डहरे आदि शामिल रहे।

शीतलापारा में गूंजा हर-हर महादेव का जयघोष

सैकड़ों शिवभक्तों ने किया पार्थिव शिवलिंग निर्माण

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर के धार्मिक एवं आस्था के प्रमुख केंद्र शीतलापारा में जय श्री राम अखंड रामायण नवयुवक मंडल के तत्वावधान में एक दिवसीय दिव्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं विशेष पूजन महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। आयोजन में नवापारा नगर के विभिन्न वार्डों से माताएं, बहनें, बच्चे एवं बुजुर्गों सहित सैकड़ों शिवभक्त शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह गौरी-गौरा अखंड रामायण चौक में पंडित संतोष मिश्रा (तरीं वाले) के श्रीमुख से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। इसके पश्चात मंगलमूर्ति हनुमान मंदिर एवं शिव मंदिर में अखंड दीप प्रज्वलित किए गए। धार्मिक अनुष्ठान के क्रम में श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा, शिवाष्टक एवं 108 बार राम नाम का जाप किया। इसके बाद विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के बीच पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया।

पार्थिव शिवलिंग निर्माण के पश्चात भगवान शिव का विशेष पूजन एवं आरती की गई। इस दौरान पूरा शीतलापारा क्षेत्र हर-हर महादेव और जय श्री राम के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह एवं आस्था के साथ धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई।

संगठन की मजबूती का आधार है बूथ स्तर का कार्यकर्ता: रंजना साहू

■ हर बूथ तक पहुंचे संगठन का संदेश : चेतन हिंदूजा

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी विधानसभा अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी रांवा मंडल की मासिक बैठक ग्राम सरसोंपुरी में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, बूथ स्तर पर पार्टी के कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से संचालित करने तथा जिला संगठन से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

बैठक के दौरान आगामी 10 अगस्त से 14 अगस्त तक आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा

को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि तिरंगा यात्रा को प्रत्येक बूथ एवं गांव तक पहुंचाते हुए आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही संगठन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यक्रमों को भी समयबद्ध तरीके से बूथ स्तर पर आयोजित करने पर जोर दिया गया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन देशभर में अपने मजबूत बूथ तंत्र और समर्पित कार्यकर्ताओं के कारण प्रभावी है, संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम को केवल मंडल या जिला स्तर तक सीमित न रखते हुए बूथ स्तर तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। श्रीमती साहू ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, गौरव और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है।

डोंगरगढ़ के हर वार्ड में अब नगर पालिका का 'नोडल कर्मचारी', समस्याओं पर रहेगी नजर

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद ने वार्डों की स्थानीय समस्याओं को लेकर एक नई व्यवस्था शुरू करने की तैयारी की है। नगर पालिका अधिकारी राजेश तिवारी से मौखिक चर्चा में मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 1 से 24 तक प्रत्येक वार्ड में एक-एक कर्मचारी को जिम्मेदारी दी जाएगी। नियुक्त कर्मचारी वार्ड में जाकर वार्डवासियों से सीधे संपर्क करेंगे और नल-पानी, नाली, सफाई, बिजली से जुड़ी नगर पालिका संबंधी समस्याओं सहित अन्य स्थानीय समस्याओं की जानकारी मौके पर लेंगे।

मौके से सीएमओ तक पहुंचेगी जानकारी-वार्ड में नियुक्त कर्मचारी समस्याओं का निरीक्षण कर उनकी जानकारी अपने मोबाइल के माध्यम से व्हाट्सएप पर नगर पालिका अधिकारी/सीएमओ राजेश तिवारी

तक पहुंचाएंगे। इससे समस्या सामने आने के बाद उसके निराकरण की प्रक्रिया को तेजी मिलने की उम्मीद है।

वार्डवासियों को मिलेगा कर्मचारी का मोबाइल नंबर-नगर पालिका की ओर से संबंधित कर्मचारी का मोबाइल नंबर वार्डवासियों को उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि लोग अपनी समस्या सीधे जिम्मेदार कर्मचारी तक पहुंचा सकें। इससे छोटी-छोटी समस्याओं के लिए बार-बार नगर पालिका कार्यालय या पार्षद के चक्कर लगाने की जरूरत कम हो सकती है।

पार्षदों की भी आसान होगी जिम्मेदारी

नई व्यवस्था से पार्षदों को भी राहत मिलने की संभावना है। वार्ड की समस्याओं की नियमित जानकारी नगर पालिका कर्मचारी द्वारा लेने से वार्ड का लगातार निरीक्षण और समस्याओं की रिपोर्टिंग व्यवस्थित तरीके से हो सकेगी। नगर पालिका की इस पहल का मुख्य उद्देश्य वार्ड स्तर पर समस्याओं की पहचान, अधिकारियों तक त्वरित सूचना और उनके निराकरण की प्रक्रिया को आसान बनाना बताया गया है।अब असली परीक्षा होगी व्यवस्था की अब यह देखना दिलचस्प होगा कि नगर पालिका की इस नई व्यवस्था के बाद हर वार्ड में कितनी समस्याओं का वास्तव में निराकरण होता है और कितनी समस्याएं जस की तस बनी रहती है। वार्ड में कर्मचारी के नियमित निरीक्षण और समस्याओं की रिपोर्टिंग के बाद क्या जमीनी स्तर पर बदलाव दिखाई देता है, यह आने वाले समय में साफहोगा।

जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस पर भव्य उत्सव

नगरी/नवप्रदेश। जिला सर्व आदिवासी समाज धमतरी एवं सर्व आदिवासी समाज तहसील नगरी के तत्वावधान में रविवार को कृषि उपज मंडी परिसर नगरी में जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया।पूजा-अर्चना के बाद निकली भव्य रैली

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह देतेश्री मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन, गीत-संगीत और जयघोष के बीच नगर में भव्य रैली निकाली गई। रैली राजा बाड़ा से प्रारंभ होकर बजरंग चौक, बस स्टैंड, रानी दुर्गावती चौक होते हुए कृषि उपज मंडी परिसर पहुंची।

रैली के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार सजाए गए थे। समाज के लोगों ने पुष्पमालाओं से अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। रैली में छोटे बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में 'रेला पाटा' सहित विभिन्न लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी। डीजे

,ढोल, मांदर और नगाड़ों की थाप पर थिरकते युवक-युवतियों ने नगर का माहौल पूरी तरह आदिवासी संस्कृति के रंग में रंग दिया।

विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों की रही उपस्थिति: मुख्य कार्यक्रम में मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं डॉ. जितेंद्र वीणा जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज धमतरी जीवराखन मरई, विधायक अंबिका मरकाम उमेश देव, तहसील अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज नगरी,अरुण सावा अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी ,श्रवण मरकाम पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व विधायक महेश गोटा,जनपद पंचायत नगरी अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा,नगर पंचायत अध्यक्ष, गोंडवाना समाज तहसील नगरी अध्यक्ष सुरेंद्र ध्रुव, गोंड समाज तहसील नगरी अध्यक्ष रैनलाल देव, आदिवासी हल्बा सिहावा-नगरी अनित ध्रुव सचिव संघ अध्यक्ष सहित अखिलेश ध्रुव, रामेश्वर मरकाम जिला मीडिया प्रभारी उत्तम नेताम सरपंच राजपुर,पुष्पराज साक्षी ,जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम,हरिशंकर मरकाम ,समेत गांव के सरपंच बड़ी संख्या अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाज के पदाधिकारी मंचासीन रहे।

धमतरी में तीन दिवसीय आयुष्मान आरोग्य एवं एक्स-रे जांच शिविर आज से:
धमतरी/नवप्रदेश। नगर निगम धमतरी के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग द्वारा नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 10 से 12 अगस्त 2026 तक तीन दिवसीय आयुष्मान आरोग्य एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में ड्ढ-न्न्ड्ड4 जांच, स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार, विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श तथा आयुष्मान कार्ड एवं आभा ड्ढ्ढ बनाने की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग जगदलपुर

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना क्र. 02/2026-27 (चतुर्थ निविदा आमंत्रण)

क्रमांक /1810 / एस.ए.सी./ ग्रा.यां. सेवा/ 2025-26 जगदलपुर, दिनांक 05/08/2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न निर्माण कार्य हेतु निविदा ऑनलाइन (Online) दिनांक .08.2026 तक आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रूपये लाख में)	मैनुअल दस्तावेज कार्यालय में पहुँचने की अंतिम तिथि
1	एम्पीथियेटर एवं 8 शॉप का निर्माण कार्य धुड़मारास विकास खण्ड दरभा विद्युतिकरण सहित	92.33	14.08.2026

2. उक्त निर्माण कार्यो की निविदा सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 07.08.2026 से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग जगदलपुर

जी-262702699/7

कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रायपुर
बंजारी माता मंदिर के सामने रावांभाठा रायपुर (छ.ग.)

सूचना

परिवहन सुविधा केन्द्र (LL Facilitation center) भारत सरकार के राजपत्र क्रमांक 240 (अ) दिनांक 31/03/2021 एवं 'परिवहन सुविधा केन्द्र मार्गदर्शिका-2022' जारी किया गया है। इस प्रकार रायपुर जिले हेतु लर्निंग लायसेंस बनाने के लिए 02 अतिरिक्त परिवहन सुविधा केन्द्र खोले जाने की स्वीकृति प्राप्त है जिस हेतु अर्हताधारी आवेदकों से 'क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, रायपुर बंजारी माता मंदिर के सामने बिलासपुर रोड, रावांभाठा रायपुर' में 200/- विहित शुल्क सहित वांछित दस्तावेजों के साथ आवेदन आमंत्रित की जाती है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 24.08.2026 शाम 5:00 बजे तक है। (निर्धारित तिथि व समय के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा) सुविधा केन्द्र हेतु जिले के स्थानीय निवासी को ही प्राथमिकता दी जावेगी। आवेदन शुल्क किसी भी दशा में वापसी योग्य नहीं होगा।

नोट :- उपरोक्त सूचना से संबंधित अर्हताएं, नियम एवं शर्तें क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) में कार्यालयीन दिवसों में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है या छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा ''परिवहन सुविधा केन्द्र मार्गदर्शिका-2022'' का अवलोकन कर सकते है।

वरिष्ठ क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

जी-262702548/5

15 अगस्त को प्रदेशभर में गरिमामय और देशभक्ति से ओत-प्रोत आयोजन

राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे ध्वजारोहण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने स्वतंत्रता दिवस समारोह-2026 के आयोजन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शासन ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय, अनुशासित और देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण बनाने के लिए राज्य से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

ग्राम पंचायत स्तर तक होंगे राष्ट्रभक्ति से जुड़े आयोजन

शासन ने जनपद पंचायत एवं तहसील स्तर पर भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। जनपद पंचायत मुख्यालय में जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। जिन नगर पालिका अथवा नगर पंचायतों का मुख्यालय विकासखण्ड मुख्यालय पर नहीं है, वहां नगर पालिका अथवा नगर पंचायत के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसी तरह पंचायत मुख्यालयों एवं बड़े ग्रामों में सरपंच और गांव के मुखिया द्वारा ध्वजारोहण कर ग्रामीणों के साथ सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान एवं वंदे मातरम् का गायन किया जाएगा।

रात में रोशन होंगे शासकीय एवं ऐतिहासिक भवन

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या एवं 15 अगस्त की रात्रि में प्रदेश के सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों तथा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी।

राज्य और जिला स्तर पर सुबह 9 बजे से शुरू होंगे ध्वजारोहण कार्यक्रम

राज्य एवं जिला स्तर पर ध्वजारोहण समारोह प्रातः 9 बजे से प्रारंभ किए जाएंगे। विभागों एवं कार्यालयों के प्रमुखों को अपने कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एकत्रित कर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्कूलों में ध्वजारोहण के साथ सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियां

शासन ने सभी शिक्षण संस्थानों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। स्कूलों में ध्वजारोहण के साथ सांस्कृतिक, साहित्यिक, मनोरंजन एवं खेल-कूद से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यालयों द्वारा वृक्षारोपण जैसे रचनात्मक कार्यक्रम भी किए जाएंगे। शिक्षण संस्थानों को अपने क्षेत्र में प्रातःकाल 'प्रभात फेरी' आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रदेश के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान ध्वनि-विस्तारक यंत्र यानी लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति जिला कलेक्टर द्वारा प्रदान की जाएगी।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिवारों का होगा सम्मान

जिला कलेक्टर द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा नक्सली हिंसा में शहीद हुए जवानों के परिवारों को जिला स्तरीय पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाएगा। 15 अगस्त के आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई है। पुलिस परेड ग्राउंड में रंग-रोगन और परेड रिहर्सल की तैयारी चल रही है।

शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय भवनों एवं ऐतिहासिक स्थलों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। राजधानी रायपुर में मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। समारोह का शुभारंभ प्रातः 9 बजे होगा। मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा ध्वजारोहण, परेड की सलामी तथा प्रदेश की जनता के नाम संदेश का कार्यक्रम होगा। समारोह स्थल पर देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने के लिए तिरंगे गुब्बारे भी छोड़े जाएंगे।

जिला मुख्यालयों में निर्धारित अतिथि करेंगे ध्वजारोहणः जिला मुख्यालय स्तर पर शासन द्वारा निर्धारित अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और परेड की सलामी ली जाएगी। जिसके लिए शासन द्वारा सूची जारी की गई है। इसके पश्चात राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन किया जाएगा।

अपराधः सूखे नशे के कारोबार पर कमिश्नरेट पुलिस की बड़ी कार्रवाई

20 लाख की एमडीएमए के साथ राजस्थान के युवक को दबोचा

सप्लाई नेटवर्क की जांच जारी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी और बिक्री के खिलाफ रायपुर कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम ने तेलघानी नाका ओवरब्रिज के नीचे कार्रवाई करते हुए 106.19 ग्राम एमडीएमए के साथ राजस्थान के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक जब्त एमडीएमए और आईफोन समेत कुल मशरूका की कीमत करीब 20 लाख रुपये है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान रामनिवास माचरा (उम्र 22 साल) के रूप में हुई है। वह ग्राम केरला नाडा बिकमकोर, थाना मतोड़ा, जिला फलोदी, राजस्थान का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार आरोपी रायपुर में एमडीएमए की खेप सप्लाई करने के इरादे से आया था। पुलिस के मुताबिक 9 अगस्त 2026 को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि गंज थाना क्षेत्र के तेलघानी नाका ओवरब्रिज के नीचे बिजली ऑफिस के पास एक व्यक्ति एमडीएमए लेकर खड़ा है और उसे बेचने की फिराक में है।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला और पुलिस उपायुक्त (मध्य क्षेत्र) तारकेश्वर पटेल ने अधीनस्थ अधिकारियों को सूचना का सत्यापन करने और सही पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।इसके बाद एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने निगरानी करते हुए मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति की पहचान की और घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रामनिवास माचरा बताया।

बैग की तलाशी में मिला 106.19 ग्राम एमडीएमए

पुलिस टीम ने आरोपी के पास रखे बैग की तलाशी ली तो उसमें एमडीएमए बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार आरोपी से मादक पदार्थ रखने और उसके परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस का कहना है कि इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 106.19 ग्राम एमडीएमए और मामले से संबंधित एक आईफोन जब्त किया गया। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई गई है। मामले में थाना गंज में धारा 22(ग) नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

साथियों के साथ मिलकर सप्लाई करने का पुलिस का दावा

प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस के मुताबिक आरोपी ने बताया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एमडीएमए की बिक्री करता है। वह अपने साथियों के कहने पर एमडीएमए की खेप लेकर रायपुर में सप्लाई करने आया था।अब पुलिस आरोपी से एमडीएमए की खरीदी के स्रोत, सप्लायर, रायपुर में खेप प्राप्त करने वाले लोगों और उसके अन्य साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस पूरे सप्लाई नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश में जुटी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी से मिली जानकारी के आधार पर नशे के अवैध कारोबार में शामिल अन्य लोगों की पहचान और उनकी भूमिका की भी जांच की जा रही है।

73 मामलों में 163 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर कमिश्नरेट पुलिस के मुताबिक एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है।पुलिस के अनुसार एनडीपीएस एक्ट के 73 प्रकरणों में कुल 163 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन मामलों में करीब 5 करोड़ 47 लाख 4 हजार 290 रुपये कीमत की अलग-अलग सामग्री जब्त की गई है। जब्त सामान में 588.97 किलोग्राम गांजा, 2.5 ग्राम ओसियन ग्रो गांजा, 27,875 प्रतिबंधित नशीली टैबलेट, 173 ग्राम एमडीएमए, 8 पार्टी पिल्स, 4.55 ग्राम कोकीन, 251 शीशी सिरप, 0.547 ग्राम डोडा, 20.740 ग्राम हेरोइन (चिट्टा), 0.80 ग्राम ब्राउन शुगर और 71 ग्राम अफीम शामिल हैं। इसके अलावा पुलिस ने इन मामलों में 13,55,830 रुपये नकद, 8 चारपहिया वाहन, 11 दोपहिया वाहन और 81 मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक कार्रवाई के दौरान एक कट्टा और दो चाकू भी बरामद किए गए हैं।

जांच और पूछताछ जारी

एमडीएमए बरामदगी के इस मामले में पुलिस आरोपी से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण में एंड-टू-एंड जांच जारी है और पूरे नेटवर्क से जुड़े लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

रायपुर में फिर पकड़ा गया बांग्लादेशी युवक

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में पुलिस ने एक बार फिर बांग्लादेशी युवक को पकड़ा है। युवक की पहचान शेख रेहान के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे टिकरापारा थाना क्षेत्र के संजय नगर इलाके से गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि शेख रेहान काफी समय से रायपुर में रह रहा था और यहां मैकेनिक का काम करता था। पुलिस के मुताबिक पिछले दिनों चलाए गए अभियान के दौरान युवक पुलिस की कार्रवाई से बचकर भाग गया था। इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने युवक के पास से भारतीय पासपोर्ट और आधार कार्ड भी बरामद किया है। दस्तावेजों को लेकर पुलिस अब जांच कर रही है कि ये वास्तविक हैं या फर्जी। फिलहाल पुलिस शेख रेहान को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है। उसके रायपुर में रहने, दस्तावेज हासिल करने और यहां की गतिविधियों से जुड़े पहलुओं की भी जानकारी जुटाई जा रही है।मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है।

केंद्रीय कैबिनेट सचिव के साथ सुधारात्मक उपायों पर की चर्चा

छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव विकासशील ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के कैबिनेट सचिव डॉ. टी.वी. सोमनाथन ने सोमवार को देश के सभी राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रिफॉर्म (सुधार) एवं सुधारात्मक उपायों को लेकर चर्चा की। बैठक में राज्यों से प्रशासनिक एवं विकासात्मक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव विकासशील ने राज्य की ओर से विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। रिफॉर्म्स के लिए सुझाव देने और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए। बैठक में देश के अन्य राज्यों के मुख्य सचिवों ने भी अपने-अपने राज्यों की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। इस दौरान राज्यों में सुधारों को गति देने, प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने तथा विभिन्न प्रक्रियाओं के सरलीकरण से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

केन्द्रीय सचिव डॉ. टी.वी. सोमनाथन की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में केंद्र शासन के विभिन्न विभागों के सचिव भी शामिल हुए। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच समन्वय को मजबूत करते हुए सुधारात्मक उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर विशेष जोर दिया गया। आगामी अक्टूबर माह से दिसम्बर तक देश भर में रिफार्म उत्सव मनाया जाएगा। जिसमें जनता से भी विभिन्न माध्यमों से सुझाव लिए जायेंगे।

जेआर दानी स्कूल में छात्राओं को खिलाई गई कृमिनाशक दवा

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर जे आर दानी शासकीय कन्या उत्कृष्ट हिन्दी विद्यालय , रायपुर में छात्राओं को कृमि नाशक गोली खिलाने हेतु आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक महोदय सुनील सोनी जी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ.

विधायक श्री सोनी ने स्वयं छात्राओं को कृमिनाशक एल्बेन्डाजॉल की गोली खिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को स्वच्छता बनाए रखने और नियमित रूप से हाथ धोने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कृमि संक्रमण बच्चों के विकास में बाधा बनता है, इसलिए हर 6 महीने में कृमिनाशक दवा लेना जरूरी है। इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन में जे आर दानी स्कूल के प्राचार्य डॉ हितेष दीवान ने छात्राओं को कृमि से

बचाव हेतु स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने कहा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने कहा कि इस गोली का कोई दुष्प्रभाव नहीं होता है। इस कार्यक्रम में सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. भेनूज सिन्हा प्रधान पाठक वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती ज्योति सक्सेना, श्रीमती मीनू पाण्डेय एवं श्रीमती कांति चंद्राकर, तथा स्वास्थ्य विभाग से शहरी कार्यकम प्रबंधक अशोक कुमार सिंह, श्री अनुराग गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी गजेन्द्र डोंगरे, एएनएम एवं मितानिन स्टाफ उपस्थित रहे।

बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता सेवाओं को मजबूत करने पर जोर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव विकासशील ने सोमवार को मंत्रालय में राज्य में बच्चों के लिए चलाए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों को लेकर यूनिसेफ और राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी की बैठक ली।बैठक में राज्य में बच्चों के लिए पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, साफ-सफाई और स्वच्छता सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाये जाने के लिए विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बच्चों में कुपोषण, एनीमिया, विकास में देरी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बच्चों के स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत आवश्यक माइक्रोन्यूट्रिएंट्स, फोलेट, विटामिन, बी-12 और जिंक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यूनिसेफ और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर, एनीमिया नियंत्रण, कुपोषण और बाल विवाह जैसी समस्याओं की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

सुनवाईः एक प्रकरण में 15 सौ रुपये प्रतिमाह भरण-पोषण पर सहमति

महिला आयोग ने की 32 मामलों में सुनवाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू ने सोमवार को रायपुर स्थित आयोग कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में महिलाओं से जुड़े विभिन्न मामलों की सुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान महिला उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, भरण-पोषण, घरेलू हिंसा तथा कार्यस्थल पर शोषण से संबंधित कुल 32 प्रकरणों पर विचार किया गया, जिनमें कई मामलों में दोनों पक्षों की उपस्थिति दर्ज हुई। इस अवसर पर आयोग की सदस्यगण श्रीमती सरला कोसरिया, श्रीमती ओजस्वी मंडावी एवं सुश्री दीपिका सोरी भी उपस्थित रहीं।

डॉ. ममता साहू ने सुनवाई के दौरान महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निराकरण पर जोर दिया। आयोग की समझाइश से एक प्रकरण में 1500 रुपये प्रतिमाह भरण-पोषण राशि देने पर सहमति बनी, जिससे संबंधित महिला को राहत मिली। कार्यस्थल पर महिलाओं के आर्थिक शोषण से जुड़े मामलों को भी आयोग ने गंभीरता से लिया। इस संबंध में डॉ. साहू ने संबंधित महिलाओं को एफआईआर दर्ज कराने तथा कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रमिक और सेवा क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना आयोग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

जनसुनवाई के दौरान पारिवारिक विवाद, भरण-पोषण, घरेलू हिंसा और महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में आयोग ने आवश्यक कानूनी परामर्श प्रदान करते हुए संबंधित पक्षों को विधिक प्रक्रिया अपनाने की सलाह दी। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू ने कहा कि आयोग केवल शिकायतों की सुनवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि पीड़ित महिलाओं को सम्मानजनक जीवन, सुरक्षा, न्याय और आवश्यक कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

सुविचार

जिंदगी में तपिश भी बहुत जरूरी है क्योंकि अक्सर वे पौधे मुरझा जाते हैं जिनकी परवरिश छांव में होती है। - अज्ञात

सीजेपी पर संकट के बादल

नीट पेपरलीक मामले को लेकर नई दिल्ली के जंतर मंतर पर आंदोलन करके चर्चा में आई कॉकरोच जनता पार्टी पर इन दिनों संकट के बादल मंडराने लगे हैं। सीजेपी के संस्थापक अभीजित दीपके के खिलाफ उनकी ही पार्टी में असंतोष गहराने लगा है। सीजेपी से शुरू से जुड़े रहे राहुल पांडया और मनीष खट्टर ने अभीजित दीपके पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ भूख हड़ताल शुरू कर दी है। उनका आरोप है कि अभीजित दीपके ने अपने खास लोगों को ही पार्टी में महत्वपूर्ण पद दे दिये हैं अपनी गर्ल फ्रेन्ड को पार्टी का प्रवक्ता बना दिया है। जिन छात्रों ने आंदोलन के दौरान लाठियां खाई थी उनकी पूरी तरह उपेक्षा कर दी गई है। आम आदमी पार्टी के नेताओं के इशारे पर ही अभीजित दीपके काम कर रहे हैं। इन दोनों युवा नेताओं की बगावत के बाद अभीजित दीपके ने इन दोनों को पार्टी के वाट्सेप ग्रुप से भी बाहर कर दिया है। पार्टी में तो अंतरकलह मची ही हुई है अब अभीजित दीपके के तानाशाही रवैये को लेकर सांभाजी नगर पुलिस ने भी उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गौरतलब है कि सांभाजी नगर स्थित अभीजित दीपके के घर में उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। जिनके साथ अभीजित दीपके ने बद्तमीजी की थी। यहां तक की सुरक्षा के लिए तैनात एक पुलिस अधिकारी को उन्होंने अपने घर से बाहर कर दिया था। उनके इस रवैये से नाराज होकर सांभाजी नगर पुलिस ने अपने आला अफसरों से मांग की है कि अभीजित दीपके की पुलिस सुरक्षा हटा ली जाये। पुलिसकर्मियों की भी कोई इज्जत होती है वे अभीजित दीपके की बदसूलुकी बर्दाश्त नहीं करेंगे और जरूरत पड़ी तो वे इस मुद्दे को लेकर अनसन पर भी बाध्य होंगे। अभीजित दीपके खिलाफ पुलिस वालों को मोर्चा खोलने का हौसला उस समय मिला है जब सुप्रीम कोर्ट के वकील और प्रसिद्ध समाजिक कार्यकर्ता डॉ.सैय्यद रिजवान अहमद ने हजारों की भीड़ के साथ नई दिल्ली के संसद मार्ग थाने में जाकर वहां के पुलिसकर्मियों और अफसरों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया और वहां एकत्रित हजारों की भीड़ ने नई दिल्ली पुलिस जिंदाबाद तथा भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाये। डॉ.सैय्यद रिजवान अहमद ने कहा है कि नई दिल्ली पुलिस के सौ से अधिक जवान तथा अफसर कॉकरोचों के आंदोलन के दौरान घायल हुए थे इसलिए उन्हें न्याय दिलाने के लिए वे सुप्रीम कोर्ट में केस दायर कर चुके हैं। जिन असमाजिक तत्वों ने पुलिस पर हमला किया था उन्हें किसी कीमत पर बख्शने नहीं दिया जाएगा। गौरतलब है कि कॉकरोच जनता पार्टी लगातार पुलिस पर आरोप लगाती रही है कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियां भी पुलिस के खिलाफ ही आरोप लगा रही हैं ऐसे में डॉ.सैय्यद रिजवान अहमद ने पुलिस के पक्ष में आकर और हजारों की भीड़ जुटाकर कॉकरोचों के लिए परेशानी शुरू कर दी है। डॉ.सैय्यद रिजवान अहमद ने तो यहां तक एलान कर दिया है कि यदि पुलिसकर्मियों के साथ न्याय नहीं हुआ तो वे खुद जंतर मंतर पर आमरण अनसन पर बैठ जाएंगे। कुल मिलाकर नवगठित कॉकरोच जनता पार्टी की मुसीबतें बढने लगी हैं।

आप और कांग्रेस के वार पर साय का पलटवार

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विपक्षी नेताओं के सियासी वार पर पलटवार किया है। आमतौर पर सीएम साय विपक्षी नेताओं के आरोपों को नजर अंदाज कर देते हैं लेकिन इस बार उन्होंने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस नेताओं के आरोपों को सीरे से खारिज करते हुए शालीनतापूर्वक ही सही लेकिन पलटवार किया है। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी के बड़बोले सांसद संजय सिंह ने बयान दिया था कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार को केन्द्र सरकार ने हाईजैक कर रखा है। इस पर सीएम साय ने कहा है कि केन्द्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार है और इसीलिए छत्तीसगढ़ तेजी से विकास कर रहा है। सीएम साय का कहना सही भी है जिस संजय सिंह ने साय सरकार पर निशाना साधा है उनकी आम आदमी पार्टी ने ही पंजाब सरकार को हाईजैक कर रखा है। अरविंद केजरीवाल सुपर सीएम बने हुए हैं। मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के सभी बड़े नेता पंजाब में ही डेरा डाले पड़े रहते हैं। संजय सिंह को यह बात समझना चाहिए कि जिनके अपने घर सिसे के बने हों उन्हें दूसरों पर पत्थर नहीं उछालना चाहिए। सीएम साय सीएम साय ने यह भी यही कहा है कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के पास भाजपा के खिलाफ कोई मुद्दा नहीं है। इसलिए वे अनरगल बयानबाजी करते रहते हैं। उन्होंने कांग्रेस को नसीहत दी है कि उन्हें तो इस बात पर खुश होना चाहिए कि जो बस्तर पिछले चालीस सालों से नक्सलवाद की समस्या से झुझता रहा है वहां अब नक्सलवाद खत्म हो गया है और अब वहां गांव गांव में तिरंगा लहराया जा रहा है। वास्तव में विपक्ष मुद्दाविहीन हो गया है और बेबुनियाद आरोपों के जरिये अपनी सियासत चमका रहा है। किन्तु ऐसा करने से विपक्ष को कोई लाभ नहीं होगा।

अमंगल हारी, करुणामयी शिवशक्ति का पावन पर्व है सावन शिवरात्रि

योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

भारत में सर्वाधिक महत्व जिस देव का है, वो देवाधिदेव भगवान शिव ही हैं, जो आज भी समूचे भारतवर्ष में उतने ही पूजनीय और वंदनीय हैं, जितने सदियों पहले। देशभर में भगवान शिव की पूजा-उपासना व्यापक स्तर पर होती है, इसीलिए 'शिवरात्रि' पर्व को भारत में राष्ट्रीय पर्व का दर्जा प्राप्त है। वैसे तो शिवरात्रि हर माह मनती है किन्तु इनमें से फाल्गुन महाशिवरात्रि और सावन शिवरात्रि की महत्ता सर्वाधिक है। सावन शिवरात्रि प्रायः माह की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को मनाई जाती है, जिसे भगवान शिव के प्रति भारतीयों की आस्था की प्रतीक 'कांवड़ यात्रा' का समापन दिवस भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भारत में सावन शिवरात्रि का बहुत महत्व है।

हिंदू पंचांग के अनुसार, सावन की शिवरात्रि सावन महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है और वर्ष यह तिथि 11 अगस्त को प्रातः 4 बजकर 43 मिनट से शुरू होकर 12 अगस्त रात्रि 01 बजकर 51 मिनट तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, यह पर्व 11 अगस्त को ही मनाया जाएगा और इसी दिन शिवलिंग का जलाभिषेक होगा। सावन शिवरात्रि के पावन अवसर पर ही कांवड़ यात्रा का भी समापन होता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस साल सावन शिवरात्रि पर चतुर्ग्रही योग बन रहा है और इस दिन कर्क राशि में सूर्य, गुरु, बुध और चंद्रमा एक साथ बैठकर चतुर्ग्रही योग का निर्माण करने वाले हैं।

धार्मिक ग्रंथों में 'शिव' और 'रात्रि' के शाब्दिक अर्थ को परिभाषित करते हुए बताया गया है, जिसमें सारा जगत शयन करता है, जो विकार रहित है, वह शिव है अथवा जो अमंगल का ह्रास करते हैं, वे ही सुखमय, मंगलमय शिव हैं। जो सारे जगत को अपने अंदर लीन कर लेते हैं, वे ही करूणासागर भगवान शिव हैं। जो भगवान नित्य, सत्य, जगत आधार, विकार रहित, साक्षीस्वरूप हैं, वे ही शिव हैं। महासमुद्र रूपी शिव ही एक अखंड परम तत्व हैं, इन्हीं की अनेक विभूतियां अनेक नामों से पूजी जाती हैं, यही सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान हैं, यही व्यक्त-अव्यक्त रूप से 'सगुण ईश्वर' और 'निर्गुण ब्रह्म' कहे जाते हैं तथा यही परमात्मा, जगत आत्मा, शम्भव, मयोभव, शंकर, मयस्कर, शिव, रूद्र आदि कई नामों से संबोधित किए जाते हैं। 'रात्रि' शब्द 'रा' दानार्थक धातु से बना है अर्थात् जो सुखादि प्रदान करती है, वह 'रात्रि' है। रात्रि सदा आनन्ददायिनी होती है, अतः सबकी आश्रयदात्री होने के कारण उसकी स्तुति की गई है। इस प्रकार शिवरात्रि का अर्थ है, वह रात्रि, जो आनंद देने वाली है, जिसका शिव नाम के साथ विशेष संबंध है। भगवान शिव को 'कालों का काल' और 'देवों का देव' अर्थात् 'महादेव' कहा गया है। देव-दानव, मानव-प्रेत, भगवान शिव इन सभी के आराध्य देव रहे हैं। 'भोले बाबा' के रूप में सर्वत्र पूजनीय भगवान शिव को समस्त देवों में अग्रणीय और पूजनीय इसलिए भी माना गया है क्योंकि वह अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और दूध या जल की धारा, बेलपत्र व भांग की पत्तियों की भेंट से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न हो जाते हैं तथा उनकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। भगवान शिव को भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता तथा अखण्डता का प्रतीक माना गया है। एक होते हुए भी शिव के नटराज, पशुपति, हरिहर, त्रिमूर्ति, मृत्युंजय, अर्द्धनारीश्वर, महाकाल, भोलेनाथ, विश्वनाथ, ओंकार, शिवलिंग, बटुक, क्षेत्रपाल, शरभ इत्यादि अनेक रूप हैं। ग्रंथों में भगवान शिव के बारे में यही उल्लेख मिलता है कि तीनों लोकों की अपार सुन्दरी और शीलवती गौरी को अर्धांगिनी बनाने वाले शिव प्रेतों और भूत-पिशाचों से घिरे रहते हैं। उनका शरीर भस्म से लिपटा रहता है, गले में सर्पों का हार शोभायमान रहता है, कंठ में विष है, जटाओं में जगत तारिणी गंगा मैया हैं और माथे में प्रलयंकर ज्वाला है। बैल (नंदी) को भगवान शिव का वाहन माना गया है और ऐसी मान्यता है कि स्वयं अमंगल रूप होने पर भी भगवान शिव अपने भक्तों को मंगल, श्री और सुख-समृद्धि प्रदान करते हैं। कहा जाता है कि भगवान विष्णु ने भगवान शिव की अनुकम्पा प्राप्त करने के लिए उन्हें अपनी एक आंख समर्पित कर दी थी। इस बारे में कहा गया है कि भगवान विष्णु जब शिव को प्रसन्न करने के लिए 1008 कमल के फूलों से उनका अभिषेक कर रहे थे, तब आखिर में एक कमल कम रह गया। इस पर भगवान विष्णु ने तुरंत कटार से अपनी एक आंख निकाली और कम रहे कमल के स्थान पर शिव को अपनी आंख अर्पित कर दी। इससे शिव विष्णु पर इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने भगवान विष्णु को अपना दिव्य मंत्र प्रदान कर दिया:-

त्रयम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम।
उर्वारूकमिवबन्धनात।मृत्योर्मुक्षीय मामृतात।।

भगवान शिव के मस्तक पर अर्द्धचंद्र शोभायमान है। इसके संबंध में कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय समुद्र से विष और अमृत के कलश उत्पन्न हुए थे। इस विष का प्रभाव इतना तीव्र था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था, ऐसे में भगवान शिव ने इस विष का पान कर सृष्टि को नया जीवनदान दिया जबकि अमृत का पान चन्द्रमा ने कर लिया। विषपान करने के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया, जिससे वे 'नीलकंठ' के नाम से जाने गए। विष के भीषण ताप के निवारण के लिए भगवान शिव ने चन्द्रमा की एक कला को अपने मस्तक पर धारण कर लिया। यही भगवान शिव का तीसरा नेत्र है और इसी कारण भगवान शिव 'चन्द्रशेखर' भी कहलाए।

ढाई साल की उपलब्धियाँ- छत्तीसगढ़ का श्रमिक कल्याण के क्षेत्र में नई पहचान

छगन लाल लोन्हारे
(संयुक्त संचालक, जनसंपर्क)

पिछले ढाई साल में श्रम विभाग ने गढ़ी सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि की मिसाल। छत्तीसगढ़ सरकार ने पिछले ढाई वर्षों में श्रमिकों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अनेक ऐतिहासिक पहल की हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने श्रमिक कल्याण को केवल योजनाओं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे सुशासन, पारदर्शिता और तकनीकी नवाचार से जोड़ते हुए श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। वहीं श्रम एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में विभाग ने श्रमिकों तक योजनाओं का लाभ तेज़ी और सरलता से पहुंचाने के लिए व्यापक सुधार किए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों की बेहतरी के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है, इन योजनाओ के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। राज्य में संगठित, असंगठित और निर्माण श्रमिकों के हितों के संरक्षण के लिए विभिन्न श्रम कल्याण मंडलों के माध्यम से 67 कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। श्रमिकों के पंजीयन, सहायता और योजनाओं के लाभ को अधिक पारदर्शी एवं सुगम बनाने के लिए श्रम विभाग ने नई यूजर-फ्रेंडली वेबसाइट shramvjayate.ch.gov.in श्रमेव जयते मोबाइल एप विकसित किया है, जिससे श्रमिक अब ऑनलाइन आवेदन, पंजीयन और अन्य सुविधाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर रहे हैं।

ढाई वर्षों में श्रम विभाग ने प्रशासनिक व्यवस्था को भी मजबूत किया है। 5 नए जिलों (मोहला-मानपुर-अंबागढ़,चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, ,सारंगढ़-बिलाईगढ़, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं सक्ती) में श्रम अधिकारी कार्यालय की स्थापना हेतु 20 पदों का सृजन किया गया है। वर्तमान में 10 जिलों के सहायक श्रमायुक्त कार्यालय तथा 23 जिलों में श्रम पदाधिकारी कार्यालय संचालित है। इस प्रकार राज्य के सभी 33 जिलों में श्रम कार्यालयों का संचालन सुनिश्चित किया गया है। इसके साथ ही विभिन्न पदों पर नियुक्तियां कर विभागीय क्षमता को भी बढ़ाया गया है। उद्योगों और श्रमिकों के बीच बेहतर संतुलन स्थापित करने के उद्देश्य से श्रम कानूनों में कई महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं। दुकानों एवं स्थापना अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन, फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट, महिला श्रमिकों के लिए रात्रिकालीन कार्य की सुविधा, फैक्ट्री लाइसेंस की अवधि बढ़ाने जैसे अनेक निर्णयों ने रोजगार सृजन के साथ श्रमिक अधिकारों को भी मजबूत किया है।

श्रम विभाग की उपलब्धियों में सबसे उल्लेखनीय सफलता श्रमिक पंजीयन और हितलाभ वितरण रही है। 1 जनवरी 2024 से 30 जून 2026 के बीच लगभग 12.65 लाख नए श्रमिकों का पंजीयन किया गया। लगभग 17.82 लाख श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया गया, जिन पर लगभग 800 करोड़ रुपये से अधिक की राशि व्यय की गई। निर्माण श्रमिकों को लगभग 780 करोड़ रुपये तथा असंगठित श्रमिकों को लगभग 187 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई। लाभ वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण प्रणाली लागू की गई है।

मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केंद्र 24 घंटे, सात दिन संचालित

मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केंद्रों की स्थापना श्रमिकों के लिए बड़ी राहत साबित हुई है। मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केंद्र 24 घंटे, सात दिन संचालित किया जा रहा है। संचालित राज्यभर में मोबाइल शिविर आयोजित कर लाखों श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण और आवेदन संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया है। इससे दूरस्थ क्षेत्रों के श्रमिकों को भी सरकारी सेवाओं का लाभ घर के समीप मिल रहा है। राज्य सरकार ने श्रमिक परिवारों के सामाजिक सुरक्षा कवच को भी मजबूत किया है। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के तहत आवास सहायता राशि बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये की गई है। मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता, छात्रवृत्ति, श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा सहायता तथा अन्य योजनाओं के माध्यम से हजारों परिवारों को आर्थिक संबल मिला है।

महिला श्रमिकों के सम्मान और सुरक्षा की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। मिनीमाता महतारी जतन योजना के अंतर्गत निर्माण एवं असंगठित क्षेत्र की 1.60 लाख से अधिक महिला श्रमिकों को मातृत्व सहायता प्रदान की गई। वहीं 'शहीद वीरनारायण सिंह श्रम अन्न योजना' के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों को मात्र 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। श्रमिकों के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए मेधावी शिक्षा सहायता, निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग तथा छात्रवृत्ति योजनाओं का प्रभावी संचालन किया जा रहा है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जब भी कोई नया काम शुरू करता हूं लोग पूछते हैं, पिछला वाला बंद कर दिए क्या ? यूट्यूब चैनल शुरू किया तो पूछा गया- लिखना बंद कर दिए। किताबें छापनी शुरू की तो पूछा गया- यूट्यूब बंद कर दिया क्या ? अब न्यूज पोर्टल शुरू किया है तो जानना चाहते हैं- और वो बांकी सब, गाने, एआई फिल्में वगैरह। तो भाइयों बता दूं, बंद कुछ भी नहीं हुआ है, सब एक साथ चल रहा है, एक ही काम के ये अलग-अलग आयाम हैं। और वो काम है, पत्रकारिता।मिलते रहिएगा- यदा कदा। **- केवल कृष्ण**

कभी हार का सामना,कभी जीत का स्वाद। अमित न भूले भूलती,विगत दिनों की याद॥ गिरता था हर रोज़ ही,उठता भी हर रोज़। विषम परिस्थितियाँ रहीं,गिरा न मुख का ओज॥ माँ कहती है आज भी,रखना उर विश्वास। जब अपने संग छोड़ दें,रहते प्रभु आ पास॥ **- अमित शिवकुमार दुबे**

व्यक्ति को बहुत ज्यादा सीधा भी नहीं होना चाहिए ,क्योंकि जंगल के सीधे पेड़ ही काट लिए जाते हैं , इसी प्रकार सीधे व्यक्ति से हरकोई अपने काम निकलवाता रहता है और उसका ही उपहास भी उड़ाता है । **- सीमा राय**

ज़िंदगी की असली खूबसूरती हमारे रिश्तों में छिपी होती है। कभी माँ की ममता में सुकून मिलता है, तो कभी दोस्ती की बातों में हँसी। कोई रिश्ता हमें ताक़त देता है, तो कोई हमें ज़िंदगी का मतलब सिखा जाता है। रिश्ते वो धागा हैं जो दिलों को जोड़ते हैं और जब ये एहसास शब्दों में ढलता है तो ज़िंदगी आनंद से भर जाती है। **- वर्षा वार्ष्णेय**

सुनो अपना अपना सच होता है क्या? सच , सच होता है या फिर अपना अपना? तुम तुम्हारे सच के साथ जियो और मैं जियूँ अपने सच के साथ ऐसा भी साथ-साथ जीना होता है क्या? सुनो हम साथ साथ जी लेते हैं अब थोड़ा झूठ ही कि इतना तो सच हम जी ही सकते हैं न साथ-साथ,,। **- शुचि 'भवि**

अभी छतीसगढ़ मे नये नये सनातनी बने भगवान शिव और उनके अवतार माने जाने वाले आचार्य के भक्त उनको जानकारी नहीं होगा शायद बस राइट विंग और हिंदुत्व संघ कि जिम्मेदारी है क्या मेरा मानना है राइट विंग और हिंदुत्व संघठन को इस बार चुप रहना चाहिए इस बार विरोध कि जिमेदारी नये सनातनी निभाए... जय सियाराम। **- अंबर दानी**

आसमां ने फंसा दिया है मुझे, चांदनी से लड़ा दिया है मुझे। बेवफ़ाई का जाम उनका था , उसने क्यूं फिर पिला दिया है मुझे। कल अदब ने लताड़ा पहले फिर, लिखने का इक नशा दिया है मुझे। इश्क़ मंझधार से हुआ जब से, साहिलों ने भगा दिया है मुझे। गांव में खुशियों का ख़ज़ाना मिला, शहर ने दुख सदा दिया है मुझे। गो पहाड़ों ने कुछ दिया न दिया, जीने का हौसला दिया है मुझे। दुनिया की सेवा उम्र भर किया पर, दुनिया ने दानी क्या दिया है मुझे। **- डॉ संजय दानी**

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1914 - फ्रांस ने ऑस्ट्रिया और हंगरी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1929 - पर्शिया और इराक के बीच मैत्री संधि पर हस्ताक्षर किए गए। 1940 - ब्रिटेन के पोर्टलैंड बंदरगाह पर जर्मनी ने हवाई हमला किया। 1944 - अमेरिका ने सुमात्रा द्वीप समूह के पालेमबेंग क्षेत्र पर हवाई हमला किया। 1948 - दूसरे विश्वयुद्ध के बाद पहली बार ओलिंपिक खेलों का आयोजन हुआ। 1960 - अफ्रीकी देश चाड ने फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल की। 1961 - दादर नगर हवेली का भारत में विलय और इसे केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया। 1962 - सोवियत संघ ने वोस्टोक-3 स्पेसक्राफ्ट को लॉन्च किया। इसमें सवार एंड्रीयन निकोलायेव ने 4 दिन के भीतर 64 बार धरती की परिक्रमा की थी। ऐसा करने वाले वे पहले अंतरिक्ष यात्री हैं। 1984 - लॉस एंजलीस ओलंपिक खेलों में दक्षिण अफ्रीकी मूल की ब्रिटिश धावक जोला बड 3000 मीटर की दौड़ में अमेरिका की शीर्ष धावक मैरी डेकर से टकरा गईं। मैरी को दौड़ से बाहर होना पड़ा। 1984 - तत्कालीन सोवियत रूस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया। 1999 - यूरोप और एशिया में सदी का अंतिम सूर्यग्रहण।

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपको आकस्मिक लाभ देकर जाएगा दिन के पूर्वार्ध में घर एवं कार्य क्षेत्र में तालमेल बैठाने में परेशानी होगी इससे होने वाले लाभ में कुछ कसर भी रह सकती है।

वृष: आज का दिन आपके लिए सामान्य फलदायक रहेगा दिन के पहले हिस्से में बड़ी-बड़ी योजनाएं बनाएंगे परिश्रम करने में भी कमी नहीं रखेंगे लेकिन परिस्थितियां आज साथ कम ही देंगी।

मिथुन: आज के दिन आपके स्वभाव में चंचलता अधिक रहेगी। आप जहां भी जाएंगे वहां का वातावरण विनोदी स्वभाव से हल्का बनाएंगे।

कर्क: आज के दिन से आप कुछ विशेष उम्मीद नही लगाएंगे फिर भी आज कुछ ऐसा होगा जिसकी आपने कल्पना ही नही की। धन को लेकर आज आप अधिक लालची बनेंगे।

सिंह: आज का दिन आप को सार्वजनिक क्षेत्र से लाभ के साथ सम्मान की प्राप्ति कराएगा। स्वभाव में जल्दबाजी भी रहेगी। जो भी कार्य करें बुद्धि विवेक के साथ ही करें तो होने वाले लाभ के प्रतिशत में अवश्य वृद्धि होगी।

कन्या: आज का दिन आपके लिए कार्य सफलता वाला रहेगा दिन के पहले भाग में जो भी योजना बनाएंगे मध्यांतर थोड़ी दौड़ को उसके बाद उसे पूरा करके ही दम लेंगे।

तुला: आज के दिन आप मानसिक रूप से शांत रहेंगे लेकिन धन संबंधित कामनाये अधिक रहेंगी। मध्यान तक कार्य क्षेत्र पर परिश्रम की अधिकता रहेगी।

वृश्चिक: आज का दिन आप को शांति से बिताने की सलाह है। निरंतर मिल रही असफलताओं से क्षुब्ध होकर जल्दबाजी में कोई गलत फैसला ले सकते हैं।

धनु: आज का दिन भी आपके लिए आनंददायक रहेगा आज आप स्वतंत्र विचार रहने के कारण किसी के दबाव में नहीं आएंगे। कार्य को आज के दिन पूरा करें कल पर छोड़ना हानि कराएगा।

मकर: आज धन की प्राप्ति जितनी सुगम रहेगी खर्च भी उतनी ही जल्दी हो जाएगा। मितव्ययता बरतने पर भी खर्चो पर नियंत्रण नही रहेगा आकस्मिक खर्च आर्थिक उलझन बनाएंगे।

कुंभ: आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायक रहेगा स्वभाव की मनमानी आज प्रत्येक क्षेत्र में आपको कुछ ना कुछ कमी रखेगी।

मीन: आज के दिन आपकी वाणी का तीखा पन व्यर्थ के झड़े मोल लेगा। मन भी काम की बातों को छोड़ इधर-उधर ज्यादा भटकेगा।

QUIZ TIME

1. 1960 में भारत में प्रथम एसटीडी लाईन किन शहरों के बीच स्थापित की गई थी?
2. श्रीलंका के राष्ट्रपति के निवास स्थान का नाम क्या है ?
3. किस राक्षसी ने अपने मुंह का आकार बदलकर हनुमान जी को उस समय परेशान किया था जब वो लंका जाने के लिए समुद्र के उपर उड़ रहे थे?
4. शाहजहां के किस पुत्र ने उपनिषद् और भागवद् गीता जैसे ग्रंथों का पर्सियन भाषा में अनुवाद किया था?
5. जापानी महिलाओं की पारंपरिक वेशभूषा को क्या कहा जाता है?

उत्तरमाला- (1) लखनऊ और कानपुर के बीच (2) टेम्पल ट्रीज (3) सुरसा (4) दारा शिकोह (5) किमोनो

RamaQuiz

पहेली

शब्द सामर्थ्य -126

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 125 का हल

कैरियर काउंसलिंग में विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र

■ 11वीं-12वीं के 87 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा, साइकोमैट्रिक टेस्ट से समझी व्यक्तित्व की खूबियां

महासमुंद/नवप्रदेश। विद्यार्थियों को सही दिशा देने और उनके भविष्य के लक्ष्य निर्धारित करने के उद्देश्य से शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरपुर में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 11वीं और 12वीं के करीब 87 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कैरियर विकल्प, बेहतर पढ़ाई, व्यक्तित्व विकास, समय प्रबंधन और स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

कार्यक्रम में बढ़व संगवारी संस्था के काउंसलर शिव कुमार वर्मा, डॉ. राधेश्याम बघेल, चंद्रभूषण बगरिया, रामेश्वरी परगनिहा और किरण बाला वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के परिचय के साथ हुई। इसके बाद संविधान की प्रस्तावना का वाचन रामेश्वरी परगनिहा ने कराया।

साइकोमैट्रिक टेस्ट से समझाया व्यक्तित्व विकास का महत्व

डॉ. राधेश्याम बघेल ने विद्यार्थियों का साइकोमैट्रिक टेस्ट लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि इस तरह के परीक्षण से उनकी रुचि, व्यक्तित्व और क्षमताओं को समझने में मदद मिल सकती है। उन्होंने व्यक्तित्व विकास को भविष्य में सही कैरियर का चुनाव करने के लिए महत्वपूर्ण बताया।

समय प्रबंधन और निरंतर प्रयास को सफलता की कुंजी बताया

किरण बाला वर्मा ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन का महत्व समझाते हुए लक्ष्य निर्धारित कर उसके लिए नियमित रूप से मेहनत करने की सलाह दी। वहीं चंद्रभूषण बगरिया ने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए एक प्रयास में असफल होने पर निराश होने के बजाय बार-बार प्रयास और निरंतरता बनाए रखना जरूरी है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कैरियर और भविष्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। काउंसलिंग से विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमताओं को समझने के साथ ही भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारित करने में मदद मिली।

पढ़ाई के साथ स्वास्थ्य पर भी दिया जोर

सहायक प्राध्यापक शिव कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को बेहतर पढ़ाई की तकनीक, विभिन्न कैरियर विकल्प और स्वास्थ्य जागरूकता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किशोरावस्था में शरीर के विकास के लिए प्रोटीन, मिनरल्स और विटामिन्स की आवश्यकता बताते हुए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य पदार्थों से पोषण संबंधी जरूरतें पूरी करने के उपाय भी समझाए।

राजीव नगर दुगली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भव्य स्वागत

नगरी/नवप्रदेश। राजीव नगर दुगली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। सरपंच रामेश्वर मरकाम, उपसरपंच चंद्रभान नेताम सहित अनूपचंद वट्टी, निरेंद्र मरकाम, रमाकांत तिवारी, रतेश्वर नेताम, नरेंद्र कुमार राज समेत अन्य लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया। वहीं स्कूली बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की। पूर्व मुख्यमंत्री ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया।

न्यूज गैलरी

निर्राबेड़ा में सिंचाई तालाब की मेड़ पर हुआ पौधरोपण

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत फरसियाँ के आश्रित ग्राम निर्राबेड़ा में ग्रामीणों के सहयोग एवं सहभागिता से सिंचाई तालाब की मेड़ पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के ग्रामीणजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पौधों के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, गांव में हरियाली बढ़ाने तथा जल संरक्षण को लेकर सामूहिक रूप से संकल्प लिया। ग्रामीणों ने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित रखने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। पौधरोपण के साथ ही लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं सुरक्षा पर भी जोर दिया गया। ग्रामीणों ने संदेश दिया कि पेड़ लगाएं, पर्यावरण बचाएं और हरियाली से गांव सजाएं। कार्यक्रम में ग्राम निर्राबेड़ा के ग्रामीणजनों की सहभागिता सराहनीय रही।

तिरंगे के रंग में रंगेगा छुरा11 को निकलेगी भव्य बाइक तिरंगा यात्रा

छुरा/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व छुरा नगर में देशभक्ति का माहौल नजर आएगा। आगामी 11 अगस्त, मंगलवार को शीतला मंदिर परिसर से कोसमबुड़ा तक बाइक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का शुभारंभ सुबह 10.30 बजे होगा। आयोजन में राजिम विधायक रोहित साहू के आतिथ्य में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। तिरंगा यात्रा के दौरान बाइक सवार हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर नगर से कोसमबुड़ा तक पहुंचेंगे। आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना बताया गया है। यात्रा को लेकर आयोजकों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। भारतीय जनता पार्टी मंण्डल छुरा खोमन चन्द्रकार ने भाजपा महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, झुग्गी झोपड़ी मोर्चा सहित भाजपा के सभी प्रकोष्ठ एवं मोर्चा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ता, पंच सरपंच त्रिस्तरीय पंचायती राज के सदस्यों, पार्षदों एवं समस्त सामाजिक कार्यकर्ता आम नागरिकों को देश के आन बान शान तिरंगा यात्रा में शामिल होने का आव्हान किया है

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक सम्पन्न

पिथौरा/नवप्रदेश। तहसील स्तरीय छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक स्थानीय विश्राम गृह में 9 जुलाई को सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक का मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष डॉ अशोक गिरी गोस्वामी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला स्तर से आए पदाधिकारी राजेंद्र इंगोले, महेश शर्मा, मन्नूलाल साहू उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष डॉ अशोक गिरी गोस्वामी, प्रांतीय स्तर के पदाधिकारी पीतांबर डडसेना के अलावा जेके महापात्र,नरेश नायक,हरिकृष्ण पटेल,छबिराम पटेल ने संघ की मजबूती, एकता एवं सक्रिय क्रियाकलाप पर प्रकाश डालकर सबको अवगत कराया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष गोस्वामी ने आगामी 17 दिसंबर को महासमुंद में संघ के प्रांतीय सम्मेलन की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दिया और सब से तन -मन से सहयोग करने की अपील की। उन्होंने आगे पेंशनरों के अधिकार और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। इस दरम्यान विगत एक- दो साल के अंदर में सेवानिवृत कर्मचारियों का तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान बैठक में तहसील शाखा अध्यक्ष डीएन पटेल, प्रांतीय पदाधिकारी पीतांबर डडसेना,वरिष्ठ पदाधिकारी आर के भोई,एमडी प्रधान,सुखीराम डडसेना, डीपी चौधरी, मुनीर खान,एमके दास,जेके महापात्र,अनवर खान, ऋषिकेश बारीक, नरेश नायक, राजेश भोई, रमेश पटेल, राधेश्याम राजपूत,आरके निवरगिया, छबिराम पटेल, अक्रूर साहू एवं आरएल सिंग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन पीतांबर डडसेना ने किया। इस तरह कार्यक्रम उत्साह पूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

लाफिन खुर्द में 28 छात्राओं को मिली नि :शुल्क साइकिल

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती साइकिल योजना के तहत लाफिन खुर्द विद्यालय परिसर में छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान विद्यालय में अध्ययनरत 28 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई।

चंद्रहास चंद्राकर ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरस्वती साइकिल योजना का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने के लिए सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना और उन्हें नियमित रूप से शिक्षा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राओं के लिए यह योजना विशेष रूप से उपयोगी है। साइकिल मिलने से छात्राओं को आवागमन में सुविधा होगी और उनकी पढ़ाई निरंतर जारी रखने में मदद मिलेगी।

जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने छात्राओं से शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार और आत्मविश्वास को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

कलेक्टर का धन्यवाद, लेकिन मांग अभी अधूरी : बाबा टेक सिंह चंदेल

खैरझिटी के जर्जर स्कूल भवन को डिस्मेंटल करने कलेक्टर का आदेश

15 अगस्त को होगा बच्चो का सांकेतिक आंदोलन

धमधा/नवप्रदेश। खैरझिटी के जर्जर प्राथमिक शाला भवन को लेकर ग्रामीणों, पालकों और किसान बंधु संगठन द्वारा लंबे समय से चलाए जा रहे संघर्ष का असर आखिरकार दिखाई दिया है। कलेक्टर दुर्ग श्री अभिजीत सिंह द्वारा जारी आदेश में शासकीय प्राथमिक शाला खैरझिटी के जर्जर भवन को निष्प्रयोज्य घोषित करते हुए उसके डिस्मेंटल (ध्वस्तीकरण) की अनुमति प्रदान कर दी गई है।

गौरतलब है कि स्कूल भवन लंबे समय से जर्जर स्थिति में था, जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई ग्राम पंचायत भवन सहित अन्य अस्थायी व्यवस्थाओं में संचालित की जा रही थी। ग्रामीण लगातार नए स्कूल भवन और शिक्षकों की व्यवस्था की मांग कर रहे थे। इस मुद्दे को लेकर किसान बंधु संगठन के नेतृत्व में कई ज्ञापन, प्रदर्शन और आंदोलन किए गए। किसानों एवं ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट का घेराव भी किया था।

नवप्रदेश खबर का असर

जब जिला प्रशासन द्वारा जर्जर स्कूल भवनों की सूची जारी की गई थी, तब उसमें खैरझिटी स्कूल का नाम शामिल नहीं होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी थी। इसके विरोध में किसान बंधु संगठन ने आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी थी। लगातार जनदबाव और आंदोलन की चेतावनी के बाद जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए खैरझिटी स्कूल भवन को डिस्मेंटल करने का आदेश जारी कर दिया। आदेश जारी होने के बाद किसानों, ग्रामीणों, पालकों और बच्चों में खुशी का माहौल है।

किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल ने कहा कि यह संघर्ष की पहली जीत है। उन्होंने कलेक्टर अभिजीत सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ÷जर्जर भवन को डिस्मेंटल करने का आदेश स्वागत योग्य है, लेकिन हमारी सबसे बड़ी मांग अभी भी अधूरी है। खैरझिटी के बच्चों के लिए नए स्कूल भवन की स्वीकृति और पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था होना जरूरी है। जब तक यह मांग पूरी नहीं होती, हमारा संघर्ष जारी रहेगा। इसके अलावा 17 अगस्त से पंचायत भवन में संचालित स्कूल को प्रतीकात्मक रूप से पेड़ की छांव में लगाकर बच्चों द्वारा सांकेतिक प्रदर्शन किया जाएगा, ताकि शासन-प्रशासन का ध्यान बच्चों की मूलभूत शिक्षा व्यवस्था की ओर आकर्षित किया जा सके।

15 अगस्त को होगा सांकेतिक आंदोलन

किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक की बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि नए भवन और शिक्षकों की व्यवस्था पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर धमधा के गंडई चौक से विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय तक बच्चों, पालकों और ग्रामीणों की रैली निकाली जाएगी तथा बीईओ कार्यालय परिसर में झंडारोहण कर सांकेतिक विरोध दर्ज कराया जाएगा।

बैठक में रहे उपस्थित

बैठक में किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल, आत्मा साहू (अध्यक्ष किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक), श्रीमती डालेश्वरी वर्मा (सरपंच खैरझिटी), मोतीराम वर्मा (पूर्व सरपंच), केवल वर्मा, अनिल वर्मा, संतोष साहू, नीलकंठ साहू, नकुल उमरे, रंजीत वर्मा, चिंता वर्मा, तुलसी वर्मा, पिलाराम साहू, घसिया साहू, कन्हैया वर्मा, राकेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, पालक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

पटरी पार की बदहाल सड़कों को लेकर फूटा लोगों का गुस्सा, 7 दिन का अल्टीमेटम

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर के पटरी पार और नयापारा क्षेत्र की जर्जर सड़कों को लेकर अब लोगों का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। लंबे समय से बदहाल सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण की मांग को लेकर पटरी पार संघर्ष मोर्चा एवं क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम से सौंपा गया है।

संघर्ष मोर्चा ने आरोप लगाया कि शहर के पटरी पार क्षेत्र, गुलशन चौक और नयापारा सहित कई प्रमुख मार्ग लंबे समय से जर्जर स्थिति में हैं। सड़कों पर जगह-जगह एक से दो फीट तक गहरे गड्ढे हो गए हैं। बारिश के दौरान इन गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क और नाली का अंतर तक दिखाई नहीं देता, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है।

स्कूली बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पर सवाल: ज्ञापन में कहा गया है कि नयापारा और गुलशन चौक मुख्य मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और आम नागरिक आवागमन करते हैं। जर्जर सड़क और उड़ती धूल के कारण जहां वाहन चालकों को परेशानी हो रही है, वहीं स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर भी विपरीत असर पड़ रहा है।

गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालकों के गिरकर घायल होने की घटनाएं भी लगातार सामने आ रही हैं। सड़क की बदहाली का असर स्थानीय कारोबार पर भी पड़ रहा है। मोर्चा के अनुसार सड़कों से उड़ने वाली धूल दुकानों में पहुंच रही है, जिससे व्यापारियों की परेशानी बढ़ गई है।

हर घर तिरंगा-हर दुकान तिरंगा अभियान चलाएगा कैट, व्यापारियों ने लिया राष्ट्र प्रथम का संकल्प

गरियाबंद/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर व्यापारिक प्रतिष्ठानों और घरों में तिरंगा फहराने के उद्देश्य से कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की जिला इकाई जिलेभर में हर घर तिरंगा-हर दुकान तिरंगा अभियान चलाएगी। अभियान की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के प्रमुख बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और कस्बों तक अभियान पहुंचाने तथा अधिक से अधिक व्यापारियों व नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया।

जिला अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा ने कहा कि व्यापारी समाज केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रहित और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा-हर दुकान तिरंगा अभियान राष्ट्र के प्रति सम्मान, एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। इसके तहत प्रत्येक व्यापारी अपने प्रतिष्ठान पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देगा।

बता दे कि यह अभियान कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं भारत व्यापार कल्याण बोर्ड के आह्वान पर कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी तथा छत्तीसगढ़ अध्यक्ष परमानंद जैन और विक्रम सिंह देव के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है।

इस अवसर पर सभी व्यापारी संगठनों, व्यापारियों, उद्योगपतियों, युवाओं एवं आम नागरिकों से अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और कार्यालयों पर पूरे सम्मान एवं गरिमा के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की गई। इस अवसर पर बैठक में अमित ठक्कर, आशीष ठक्कर, उमेश सिंह सहित अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

शहीद प्रमोद पटेल के परिवार का भाजयुमो ने किया सम्मान

हर घर तिरंगा अभियान के तहत इमलीभांटा पहुंचकर शहीद की धर्मपत्नी को शाल-श्रीफल भेंट किया

महासमुंद/नवप्रदेश। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के पदाधिकारियों ने इमलीभांठा पहुंचकर शहीद प्रमोद कुमार पटेल के परिवार का सम्मान किया। इस दौरान शहीद की धर्मपत्नी श्रीमती किरण पटेल को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शहीद परिवार के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके त्याग एवं बलिदान को नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा, एकता और गौरव के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों का योगदान देश सदैव याद रखेगा। शहीद परिवारों के प्रति सम्मान व्यक्त करना और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा रहना समाज एवं देश के प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

कार्यक्रम के माध्यम से शहीद प्रमोद कुमार पटेल के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए उनके परिवार के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की गई। साथ ही राष्ट्रहित में बलिदान देने वाले शहीदों के परिवारों के सम्मान और सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा, किसान मोर्चा जिला महामंत्री देवेन्द्र चंद्राकर, पूर्व मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र जैन, पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, नंदू जलक्षत्री, भाजयुमो जिला मंत्री जतिन रुपरेला, जिला सह-कोषाध्यक्ष दिगेश साहू, जनपद सदस्य एवं कन्या शक्ति संयोजिका निधि लोकेश चंद्राकर, ज्योति चंद्राकर, गोपी कन्नौजे, कार्यालय मंत्री खुशहाल ठाकुर, रोशन बग्गा, लोकेश चंद्राकर एवं विनय ठाकुर सहित भाजयुमो के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बोल बम के जयघोष से गूंजा नगर, जगह-जगह हुआ पुष्पवर्षा एवं जलपान से स्वागत

अर्जुनी में निकली भव्य चतुर्थ वर्ष कांवड़ यात्रा

डोंगरगाँव/नवप्रदेश। सावन के पावन सोमवार के अवसर पर अर्जुनी में भव्य चतुर्थ वर्ष कांवड़ यात्रा का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और भक्तिमय वातावरण के बीच किया गया। यात्रा के दौरान पूरा नगर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंज उठा। बड़ी संख्या में शिवभक्त कांवड़ लेकर यात्रा में शामिल हुए और शिवालयों में जल अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कांवड़ यात्रा का नेतृत्व पॉवर सिद्धी मित्रमंडल अर्जुनी, पॉवर हाउस चौक द्वारा किया गया। यात्रा के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर व्यापारियों, सामाजिक बंधुओं एवं श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई तथा भक्तों के लिए फल, मिठाई, पानी और जलपान की व्यवस्था की गई।

यात्रा के मुख्य सहयोगियों में कांवडेश्वर महादेव पैरी परिवार, श्री शंकर नगर अर्जुनी, ऋषि प्रसाद शिव मंदिर, बस स्टैंड शिव मंदिर, प्राथमिक विद्यालय शिव मंदिर, हॉस्पिटल शिव मंदिर, राजपूत शिव मंदिर, शिवछाया मंदिर, श्रद्धा सुजल शिव मंदिर, बाजार चौक शिव मंदिर एवं शीतला शिव मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं का विशेष सहयोग रहा।

यात्रा के दौरान बागेश्वर शिष्य मंडल अर्जुनी, महेश फल, विजय जैन धनलक्ष्मी वस्त्रालय, मंगलू होटल, दिव्य कलेक्शन, देव मिष्ठान भंडार, लक्ष्मी वस्त्रालय, जगदीश किराना स्टोर, दिनेश फोटो, अजय वैष्णव कृषि केंद्र, आशीष वैष्णव किराना स्टोर एवं अजय साहू पैरी सहित सहयोगियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए जलपान एवं अन्य सेवाओं की व्यवस्था की गई। कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। डीजे एवं भक्ति गीतों के साथ श्रद्धालु भगवान शिव की भक्ति में झूमते नजर आए। यात्रा के दौरान नगरवासियों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई और कांवड़ियों का स्वागत कर धार्मिक एकता एवं सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया।

शासन के संलग्नीकरण समाप्ति आदेश के बाद भी शिक्षक को नहीं किया मूल संस्था में कार्यमुक्त

जिला शिक्षा कार्यालय की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

छुईखदान/नवप्रदेश। शासन द्वारा संलग्नीकरण समाप्त किए जाने के स्पष्ट आदेश के बावजूद खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में एक शिक्षक को उसकी मूल पदस्थापना वाली संस्था में कार्यमुक्त नहीं किए जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर छुईखदान निवासी बी.आर. यादव ने शिक्षा सचिव को शिकायत भेजकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार श्री आत्माराम साहू, व्याख्याता एल.बी., शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चिचोला, विकासखंड खैरागढ़ का संलग्नीकरण समाप्त कर उन्हें मूल संस्था के लिए कार्यमुक्त किया जाना था। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर द्वारा 14 जुलाई 2026 को आदेश क्रमांक एम.आई.एस./एन-123/2026 जारी किया गया था।शिकायतकर्ता का आरोप है कि शासन द्वारा संलग्नीकरण समाप्ति एवं ब्रेक इन सर्विस का स्पष्ट आदेश जारी किए जाने के बाद भी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा श्री आत्माराम साहू को मूल संस्था के लिए कार्यमुक्त नहीं किया गया।



संक्षिप्त खबरें

प्रतिभास्थली की छात्राओं ने शतरंज प्रतियोगिता में लहराया परचम

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर ओपन क्लासिकल शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ, डोंगरगढ़ की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में प्रतिभास्थली की छात्राओं ने अपनी एकाग्रता, रणनीतिक सोच, धैर्य एवं उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए शानदार सफलता हासिल की। छात्राओं के बेहतरीन प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्रतियोगिता में व्रतिका जैन (कक्षा 9वीं), आर्या जैन (कक्षा 11वीं) एवं माही जैन (कक्षा 12वीं) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दिवि जैन (कक्षा 7वीं) ने द्वितीय स्थान तथा चहक गजेन्द्र (कक्षा 7वीं) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

बरगद के पत्तों पर उकेरी गई आदिवासी संस्कृति की अनूठी कला

नगरी/नवप्रदेश। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर बरगद के पत्तों पर आकृति उकेरा गया है जल, जंगल और ज़मीन की रक्षा ङ्क आदिवासी समाज प्रकृति का संरक्षक है। एकता और सामूहिकता सभी लोग साथ खड़े हैं, जो संगठन और भाईचारे का प्रतीक है।साहस और वीरता ङ्क भाला आत्मरक्षा, सम्मान और संघर्ष का प्रतीक है।प्रकृति से जुड़ाव स्वयं कला एक पत्ते पर बनी है, जो प्रकृति के प्रति प्रेम दर्शाती है। सांस्कृतिक गौरव पारंपरिक वेशभूषा और स्वरूप आदिवासी पहचान और विरासत को सम्मान देते हैं। स्वाभिमान और आत्मसम्मान ङ्क सिर ऊँचा करके खड़ी आकृति अपने अधिकारों और सम्मान का संदेश देती है।

बच्चों ने बनाए 'बीज बॉल' हरियाली का दिया संदेश

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक विद्यालय लमती के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए 'बीज बॉल' का निर्माण एवं वितरण किया। सहायक शिक्षक कन्हैया साहू के मार्गदर्शन में बच्चों ने मिट्टी, जैविक खाद और नीम, कनेर, जामुन, गुलमोहर, आम, कउहा, इमली, बादाम, सीताफल आदि के बीजों से छोटी-छोटी बीज बॉल तैयार कीं। तैयार बीज बॉल पर्यावरण सुधिजनों तथा प्रकृति प्रेमियों को वितरित कर धरती पर हरियाली लाने का छोटा-सा प्रयास किया गया। बीज बॉल मिट्टी, खाद और बीज से बनी छोटी गोली होती है, जिसमें बीज सुरक्षित रहता है। वर्षा होने पर मिट्टी में नमी पहुँचने से बीज अंकुरित होकर पौधा बनने लगता है। मिट्टी की परत बीज को सुरक्षित रखने में भी सहायक होती है। इस सरल विधि से उपयुक्त स्थानों पर पौधों की संख्या बढ़ाने, हरियाली विकसित करने, जैव विविधता को बढ़ावा देने और मिट्टी के संरक्षण में सहायता मिल सकती है। विद्यार्थियों ने इस गतिविधि के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को केवल पढ़ा ही नहीं, बल्कि उसे अपने हाथों से करके भी समझा और 'एक बीज, एक पौधा और हरियाली की ओर एक कदम' का संदेश दिया।

आज भाजपा महिला मोर्चा का सावन महोत्सव

भाटापारा/नवप्रदेश।जिला भाजपा महिला मोर्चा के तत्वाधान में सेमरिया रोड स्थित खोखली के अग्रवाल फार्म हाउस में सावन महोत्सव का आयोजन आज मंगलवार को दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया। इस दौरान मेंहदी प्रतियोगिता,सज्जा सुंदरता प्रतियोगिता और ब्यूटी कॉन्टेस्ट का आयोजन होगा। जिला मीडिया प्रभारी आयशा खान ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी के निर्देश पर और महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस सावन महोत्सव के इस आयोजन में प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल,पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा,जिला अध्यक्ष आनंद यादव,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा,संभाग प्रभारी हेमलता चंद्राकर सहित सुषमा खालको,मिली बैनर्जी,विद्या पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहेगी।जिला महामंत्री गीता अग्रवाल,निर्मला रजक ने सभी मोर्चा पदाधिकारियों से हरी साड़ी, संस्कृत वेश भूषा में आने की अपील करते हुए आयोजन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने की अपील की है।

आदिवासी समाज की एकजुटता ही सबसे बड़ी ताकत : द्वारिकाधीश यादव

■ **सिमगांव और कोमाखान में धूमधाम से मना विश्व आदिवासी दिवस**

महासमुंद/नवप्रदेश। अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ सर्कल दाईजबांधा राज सुअरमाल के तत्वावधान में ग्राम सिमगांव में विश्व आदिवासी दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम में कोमाखान में भी विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव उत्साह और उमंग के साथ आयोजित हुआ। दोनों कार्यक्रमों में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपराओं, सामाजिक एकता, शिक्षा और विकास के मुद्दों पर चर्चा हुई।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि आदिवासी समाज देश की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जल, जंगल और जमीन के संरक्षण में आदिवासी समाज की ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ संगठित होकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

कोमाखान में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय पदाधिकारी श्रीमती बसंता ठाकुर, पुरन सिंह सोरी, देवसिंह ठाकुर, राजू ठाकुर, भगवानी ठाकुर, कोमल सोम, भारत सिंह ठाकुर, राजूराम ठाकुर, मनोज कुमार ठाकुर, शंकर ठाकुर, खेमराज ठाकुर, तुफान दीवान, राधेश्याम मांझी, जितेंद्र मांझी, रघुवीर ठाकुर, ओंकार सिंह, राधेश्याम, अरूण ठाकुर, मोहर सिंह ठाकुर सहित समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

वहीं सिमगांव में आयोजित समारोह में बुढ़ान सिंह ठाकुर, गायत्री ठाकुर सरपंच बिंद्रावन, भोग सिंह ठाकुर, राजू ठाकुर, जगदेव ठाकुर, केजू ठाकुर, मानसिंह ठाकुर, रेखा ठाकुर, कंवल सिंह ठाकुर, हेमसिंग ठाकुर, रामकुमार ठाकुर, नोहर ठाकुर, परस ठाकुर, पावित्री ठाकुर, डुमरौतिन ठाकुर, अंजोर ठाकुर, ललित बया सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

दोनों आयोजनों में आदिवासी संस्कृति और सामाजिक एकता की झलक देखने को मिली। समाज के लोगों ने अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ शिक्षा, रोजगार और विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

शिक्षा को बनाएं समाज की सबसे बड़ी ताकत

विधायक यादव ने कहा कि शिक्षा ही समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार है। समाज को शिक्षा को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाकर नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। आपसी मतभेदों को पीछे छोड़कर समाजहित और क्षेत्र के विकास के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के अधिकार, सम्मान और विकास से जुड़े विषयों को मजबूती से उठाने के लिए वे हमेशा समाज के साथ खड़े रहेंगे।

छात्राओं और छात्रों को नशे के दुष्परिणाम, पॉक्सो एक्ट और महिला-बाल अपराधों की दी जानकारी

विश्व आदिवासी दिवस: छात्रावासों में लगा विधिक जागरूकता शिविर

महासमुंद/नवप्रदेश। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद के तत्वाधान में जिले के विभिन्न आदिवासी कन्या एवं बालक छात्रावासों में विशेष विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देश एवं स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के तहत आयोजित इन शिविरों का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों, संरक्षण संबंधी कानूनों और अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना रहा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती आफरीन बानो ने खैरा स्थित पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास पहुंचकर छात्राओं को विभिन्न कानूनी विषयों की जानकारी दी। उन्होंने सरल एवं सहज भाषा में कानून की उपयोगिता, अधिकारों तथा जरूरत पड़ने पर मिलने वाली विधिक सहायता के संबंध में छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि कानून की जानकारी न केवल अधिकारों की रक्षा का माध्यम है, बल्कि अपराध से बचाव और समाज में सुरक्षित वातावरण निर्माण का भी महत्वपूर्ण आधार है।

बालकों को पॉक्सो एक्ट और नशे से होने वाले नुकसान बताए

इसी क्रम में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी संजीव पंडा तथा असिस्टेंट श्रीमती रीना जैन एवं डोलामनी पटेल ने बीटीआई रोड स्थित प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर लिया। इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों, पॉक्सो एक्ट, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों तथा उनसे बचाव के कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

थाना क्षेत्रों के छात्रावासों में भी पहुंची विधिक जागरूकता

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत जिले के सभी आरक्षी केंद्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों द्वारा भी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में स्थित छात्रावासों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों के माध्यम से आदिवासी विद्यार्थियों को कानून के प्रति जागरूक करने के साथ ही उनके अधिकारों और संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी गई।

बीजापुर में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य और गीत-संगीत ने बांधा समां, सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया हिस्सा

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम बीजापुर में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। उपक्षेत्र बीजापुर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बीजापुर सहित आसपास के सैकड़ों गांवों से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समाज की समृद्ध परंपरा और संस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिली। समाज के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर लोकनृत्य, गीत-संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी संस्कृति और विरासत का प्रदर्शन किया। आयोजन स्थल पर उत्साह और उमंग का माहौल रहा। ग्रामीणों ने आदिवासी समाज की एकता, सामाजिक समरसता, जल-जंगल-जमीन और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों ने विश्व आदिवासी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन आदिवासी समाज की पहचान, अधिकार, संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक एकता को मजबूत करने का अवसर है।

नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली परंपराओं और संस्कृति से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में उपक्षेत्र बीजापुर के अध्यक्ष भुखऊ कुजाम, उपाध्यक्ष गंगाराम मरकाम, सचिव कृष्णा नेताम, संचालक पीगल गोटा, प्रवक्ता ईश्वर मंडावी, तहसील सदस्य सियाराम मरकाम एवं संतानू नेताम, संरक्षक देवनाथ नेताम एवं नारायण नेताम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

रानी दुर्गावती के शौर्य को किया नमन, आदिवासी संस्कृति के संरक्षण का लिया संकल्प

■ **विश्व आदिवासी दिवस पर विधायक ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, समाज को दी शुभकामनाएं**

महासमुंद/नवप्रदेश। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान उन्होंने रानी दुर्गावती के अदम्य साहस, वीरता, त्याग, स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को स्मरण किया। उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। विधायक ने आदिवासी समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई और शुभकामनाएं भी दीं।

विधायक सिन्हा ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती भारतीय इतिहास में साहस और शौर्य की महान प्रतीक हैं। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने आत्मसम्मान और मातृभूमि की रक्षा से कभी समझौता नहीं किया। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों को साहस, संघर्ष और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, रीति-रिवाज, कला, भाषा और ऐतिहासिक विरासत देश की गौरवशाली धरोहर है। आदिवासी समाज ने देश की संस्कृति को समृद्ध करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जल, जंगल और जमीन के संरक्षण में भी आदिवासी समाज की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। कार्यक्रम के दौरान समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के संरक्षण तथा आने वाली पीढ़ियों तक उन्हें पहुंचाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता गोविंद ठाकुर, राम आश्रय यादव, बंशीलाल साहू, दिनेश रूपरेला सहित आदिवासी समाज के पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बेलरगांव में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

■ **गोंडवाना भवन में पूजा-अर्चना के बाद निकली भव्य रैली, बस स्टैंड पर किया गया ध्वजारोहण**

नगरी/नवप्रदेश।विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बेलरगांव में आदिवासी समाज द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गोंडवाना भवन में विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुई। इसके बाद समाज के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए गांव की गलियों में भव्य रैली निकाली।

रैली में बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए। पारंपरिक परिधान, सांस्कृतिक नृत्य और समाज के ध्वजों के साथ निकली रैली ने पूरे गांव का माहौल उत्सवमय बना दिया। जगह-जगह ग्रामीणों ने रैली का स्वागत किया।

इसके पश्चात ग्राम पंचायत के हृदय स्थल बेलरगांव बस स्टैंड में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां ग्रामीण गोंडवाना समाज एवं ध्रुव समाज के अध्यक्षों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने आदिवासी संस्कृति, परंपरा, जल-जंगल-जमीन और सामाजिक एकता की रक्षा का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में पूर्व सरपंच उमेद मरकाम, पुनाऊ राम जुर्री, सुरेश कोर्राम समाज के अध्यक्ष ,टीकेशवर ठाकुर, सन्तोष धुव्र, श्री मति रीता नेताम संरपच ग्राम पंचायत बेलरगाँव निलिमा ठाकुर,व पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस आदिवासी समाज की गौरवशाली संस्कृति, परंपरा और अधिकारों के प्रति जागरूकता का महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया। जिसमें उपस्थित जगु राम सोरी, राम प्रसाद कुरू, सुकलाल समरथ, कुशल कोर्राम, मेधुराम नेताम, उदेराम धुव्र, भानुराम नेताम, कोमल सोरी, गजेंद्र नेताम, छबीलाल नेताम,मोहन सलाम,राजेश कुजाम,बिराझु राम समरथ,सन्तोष धुव्र,धनेश मरकाम,कानसिग मरकाम, शिवराम नेताम व समस्त सामाजिक जन उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ की बैठक सम्पन्न

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ (संबद्ध भारतीय मजदूर संघ एवं अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ) की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक नगर के एक हॉटल में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री राधेश्याम जायसवाल , बी.एम.एस. के उपमहामंत्री हरीश चौहान , प्रांतीय अध्यक्ष संजय तिवारी , बाह्यय स्त्रोत कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मजमूदार , पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष बी.एस. राजपूत सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय महामंत्री नवरतन बरेठ द्वारा किया गया।उक्त बैठक में मुख्य रूप से आगामी 17 अगस्त के आंदोलन को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा आंदोलन की वर्तमान स्थिति, संगठन

की तैयारियों तथा आगामी रणनीति पर अपने विचार व्यस्त करते हुए आगामी 18 अगस्त के अन्य पदाधिकारियों के साथ पुनः गहन चर्चा के पश्चात अंतिम निर्णय लिए जाने की जानकारी दी गयी। साथ ही अधिक से अधिक कर्मचारियों को महासंघ की सदस्यता दिलाने हेतु सकिय प्रयास किये जाने के निर्देश दिए गए। उक्ताशय की जानकारी देते हुए संभागीय सचिव संजय बिहारी अग्रवाल ने बताया कि बैठक उपरांत छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ भाटापारा संभाग की नवीन कार्यसमिति का गठन किया गया।

ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ का गठन, पुष्पा तिवारी अध्यक्ष नियुक्त

महिला प्रकोष्ठ समाजहित में करेगा कार्य नरेंद्र तिवारी

छुरा/ नवप्रदेश। मानस मंदिर प्रांगण में छुरा तहसील ब्राह्मण समाज छुरा की बैठक समाज अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी के निर्देशन में आयोजित की गई। बैठक में ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ का गठन करते हुए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

समाज के महामंत्री वीरेंद्र पाण्डेय ने सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की घोषणा की। इसमें पुष्पा विनोद तिवारी को अध्यक्ष, गीता शुक्ला को उपाध्यक्ष, लीना दुबे को महामंत्री तथा संगीता दीक्षित को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बैठक में महिला प्रकोष्ठ को मजबूत करने, अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने तथा समाजहित में विभिन्न गतिविधियों के संचालन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित सदस्यों ने संगठन को सक्रिय एवं मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर समाज के उपाध्यक्ष अजय शुक्ला, कोषाध्यक्ष धनंजय शुक्ला, अजय दीक्षित, अक्षत तिवारी सहित सुनीता त्रिवेदी, शीला त्रिपाठी, नीरा शर्मा, शशि शर्मा, केसर पांडेय, अदिति पांडेय, कीर्ति शर्मा, आशा चौबे, गायत्री दुबे एवं सुनीता शुक्ला उपस्थित रहीं।

विश्व आदिवासी दिवस: गूंजे जल-जंगल-जमीन और संवैधानिक अधिकारों के जयघोष

महासमुंद/नवप्रदेश। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर महिला प्रकोष्ठ ईशर गवरा पूजा उत्सव समिति, अयोध्या नगर महासमुंद के तत्वावधान में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ईशर गवरा की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद आदिवासी संस्कृति और परंपराओं की झलक प्रस्तुत करते हुए विशाल रैली निकाली गई, जिसमें पारंपरिक वेशभूषा में शामिल महिला-पुरुषों और युवाओं ने आदिवासी सांस्कृतिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।

रैली अयोध्या नगर से प्रारंभ होकर शहर के हृदय स्थल अमर शहीद वीर नारायण सिंह प्रतिमा स्थल पहुंची। यहां समाजजनों ने वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया।

जल, जंगल, जमीन और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश : कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने आदिवासी समाज के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा, संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता तथा आदिवासी संस्कृति, परंपरा और विरासत को संरक्षित रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। विश्व आदिवासी दिवस के महत्व पर चर्चा करते हुए इस वर्ष की थीम ÷आदिवासी पारंपरिक दाइयों का सम्मान, जीवन एवं स्वास्थ्य रक्षा÷ के संबंध में भी जानकारी दी गई।

न्यूज गैलरी

मौसम देखकर लगती है क्लास, न रूम ठीक, न पानी, कौन सुने सच्ची कहानी

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले का सीमांत ग्राम पंच भैया जहां पर फोक नदी के तट पर देश की आजादी के साथ शुरू हुआ प्राथमिक स्कूल आज अपनी बदहाली की आंसू बहा रहा है, स्कूल के प्रवेश द्वार पर पंचायत का जर्जर भवन जिसमे गंदगी भरपूर है, स्कूल में एक कमरा ऐसा जिसमे हल्की बारिश होते ही टीचर बच्चो को सुरक्षित ठिकाने पर ले जाते है, सौ बच्चो के लिए एक ठीकठाक कमरा नसीब नहीं है, बाउंड्री वॉल से बकरी गाय न घुसे इसके लिए प्रधान पाठक ने कांटा लगा रखा है, परिसर पुराना है कुछ पेड़ पौधे है जो बच्चों को छाया देते हैं, हैंड पंप जवाब दे चुका है पावर पंप भूजल स्तर पर आधारित है, स्कूल भवन को देखकर लगता है कि वर्षों से कोई ज़िम्मेदार अधिकारी, या जन प्रतिनिधि नही आए हैं द्य जिले में जब स्कूल जतन योजना चला तो इस गांव की सुध नहीं ली गई, इस गांव में हाल के वर्षो में कुछ बना तो वो है फोक नदी पर ब्रिज जो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की देन हैं, अन्यथा विकास में उपेक्षित है यह गांव लालपुर की ललकार-दाढ़ी पंच भैया रोड में ग्राम लालपुर में एक निर्माणाधीन भवन खंड हर हो गया है, पुराना जर्जर भवन को जमींदोज नहीं किया गया है, स्कूल के सामने दोनों तरफ पक्की सड़क है पर पहुंचने के लिए ठीक ठाक रास्ता नहीं है, ग्राम कठौतिया में भी एक जर्जर भवन है जो हायर सेकेंडरी स्कूल कैंपस में है , जिला प्रशासन को किसी बड़े घटना का इंतजार है या किसी विशेष आदेश का वही जाने लेकिन स्कूल परिसर में जर्जर भवन चिंताजनक है।

जिला स्तरीय मिनीमाता स्मृति दिवस व महिला सम्मान समारोह कल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छ.ग. में ममतामयी महतारी के नाम से प्रख्यात प्रदेश की प्रथम महिला सांसद व सतनामी समाज की गुरूमाता स्व. मिनीमाता की 54वीं पुण्यतिथि 11 अगस्त को जिला सतनामी सेवा समिति पंजी.क्र.5041 जी.ई. रोड राजनांदगांव में आयोजित है। जिला सतनामी सेवा समिति के अध्यक्ष युवराज ढिरहेर एवं कमल कुमार लहरे महामंत्री ने संयुक्त रूप से बताया। 11 अगस्त को सुबह 11 बजे मिनीमाता जी की आदमकद प्रतिमा पर पूजा आरती एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा। दोपहर 1 बजे चौका आरती, दोपहर 3 बजे महाप्रसादी एवं जिले भर के उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित है। इस अवसर पर सभी सतनामी समाज के संरक्षकगण, पूर्व पदाधिकारीगण, सभी ब्लाक अध्यक्ष, समाज के वरिष्ठगणमान्य प्रबुद्धजन महिला संगठन को इस कार्यक्रम में शामिल होने अपील की गई है। उक्त जानकारी जिला सतनामी सेवा समिति के महिला उपाध्यक्ष प्रतिमा बंजारे ने दी।

प्रयास आवासीय विद्यालय में एक साथ चयनित 40 छात्रों का सीएम साय ने किया सम्मान

खैरागढ़/नवप्रदेश । प्रयास आवासीय विद्यालय मे ब्लाक के देवरी स्थित केजऊ चौरे स्कूल के एक साथ 40 छात्रछात्राओ का चयन होने पर प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपूर बुलाकर चयनित छात्रछात्राओ का सम्मान किया । जिले के देवरी स्थित केजऊ चौरे स्कूल से हर साल बडी संख्या मे प्रयास, नवोदय और सैनिक स्कूल के लिए तैयारी के बाद छात्रछात्राओ का चयन होता है । सैनिक स्कूल परीक्षा मे भी स्कूल के 30 से अधिक छात्रो ने चयन मे बाजी मारी थी । नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए इसी सत्र मे जिले से चयनित 25 होनहारो मे 21 छात्रछात्राएं इसी स्कूल के विद्यार्थी थे । प्रयास आवासीय विद्यालय के पहले चरण मे जारी सूची मे स्कूल के चयनित 40 छात्रछात्राओ मे 30 छात्र और 10 छात्राएं है । स्कूल मे खैरागढ़ सहित राजनांदगांव, कवर्धा, दूर्ग, कांकेर, रायपूर, मोहला मानपूर चौकी, बेमेतरा निवासी छात्रछात्राएं शामिल है । राजधानी रायपूर मे आयोजित कार्यक्रम मे चयनित छात्रछात्राओ का सीएम विष्णुदेव साय ने सम्मान और स्मृति चिन्ह भेंटकर सभी छात्रछात्राओ से उनके भविष्य की योजनाओ, पढ़ाई आदि पर विस्तार से चर्चा की । साय ने इस दौरान इसी सत्र मे प्रयास आवासीय विद्यालय मे अध्ययनरत रहे नीट, जेईई मे चयनित छात्रछात्राओ का उदाहरण और जानकारी देते सभी छात्रो से बेहतर शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओ की बेहतर तैयारी किए जाने कहा । स्कूल अध्यक्ष सुरेश चौरे ने बताया कि पहले राऊंड मे 40 छात्रो के चयन के बाद अभी दूसरे और तीसरे राऊंड मे भी और छात्रछात्राओ के चयन की उम्मीद है ।

रेस्टोरेंट-डेयरी संचालकों पर नगर पालिका की सख्ती, एनालॉग पनीर मिला तो होगी कड़ी कार्रवाई

○ नगर पालिका कवर्धा ने डेयरी संचालक व रेस्टारेंट संचालकों को थमाया पत्र

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में नगर पालिका परिषद कवर्धा ने शहर के समस्त रेस्टोरेंट एवं डेयरी संचालकों के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि एनालॉग (गैर-दुग्ध) पनीर अथवा ऐसे अन्य गैर-दुग्ध उत्पाद, जिन्हें वास्तविक दुग्ध उत्पाद के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, का निर्माण, भंडारण, विक्रय, उपयोग अथवा वितरण पाए जाने पर संबंधित संचालक के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

31 जुलाई 2026 के राजपत्र के निर्देशों का कड़ाई से पालन-मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राजपत्र क्रमांक 424, दिनांक 31 जुलाई 2026 के माध्यम से जारी अधिसूचना के अनुसार एनालॉग पनीर तथा ऐसे अन्य गैर-दुग्ध उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिन्हें वास्तविक दुग्ध उत्पाद के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। उन्होनें क्षेत्र के सभी रेस्टोरेंट एवं डेयरी संचालकों को पत्र प्रेषित कर निर्देशित किया है कि वे अपने प्रतिष्ठानों में किसी भी प्रतिबंधित एनालॉग पनीर या अन्य प्रतिबंधित खाद्य उत्पाद का निर्माण, प्रसंस्करण, भंडारण, परिवहन, वितरण, विक्रय अथवा उपयोग न करें। पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी प्रतिष्ठान में प्रतिबंधित उत्पाद पाए जाते हैं तो संबंधित संचालक के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा अन्य प्रचलित नियमों के तहत नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सिर्फ सफाई नहीं, प्रमाण भी देना होगा

नगर पालिका के इस निर्देश के बाद अब रेस्टोरेंट एवं डेयरी संचालकों को नियमित सफाई के साथ उसकी निगरानी और प्रमाण भी प्रस्तुत करना होगा। जियो-टैग युक्त फोटो वीडियो के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रतिष्ठानों में स्वच्छता व्यवस्था नियमित रूप से बनाए रखी जा रही है। नगर पालिका ने यह भी स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि में सफाई का जियो-टैग वीडियो उपलब्ध नहीं कराने अथवा नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित प्रतिष्ठान के संचालक की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

शिकायत के निराकरण से आवेदक संतुष्ट, आम नागरिकों एवं कृषकों के लिए मार्ग हुआ सुगम और सुरक्षित

जगन्नाथपुर जलाशय नहर की सर्विस रोड से हटाया गया अवैध कब्जा

बेमेतरा/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा आम नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री हेल्पलाइन जन समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बन रही है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर संबंधित विभागों द्वारा समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में सीएम हेल्पलाइन टोकन क्रमांक CC260600009140 के माध्यम से आवेदक हरिराम साहू द्वारा शासकीय भूमि जगन्नाथपुर जलाशय नहर की सर्विस रोड पर किए गए अवैध कब्जे के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

टीम ने मौके पर जाकर किया निरीक्षण-शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित विभाग द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई प्रारंभ की गई। शिकायत के निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया गया। टीम ने शिकायत में उल्लेखित तथ्यों का परीक्षण एवं सत्यापन करते हुए संबंधित स्थल की स्थिति का जायजा लिया।

सभी की उपस्थिति में सीमांकन-इस दौरान आवेदक, ग्राम के कृषकों एवं संबंधित कब्जाधारी की उपस्थिति में विभागीय कर्मचारियों द्वारा नियमानुसार सीमांकन की कार्रवाई की गई।

विभागीय एवं तहसील अमले ने की संयुक्त कार्यवाही-मामले की गंभीरता एवं शासकीय भूमि से संबंधित होने के कारण विभाग द्वारा तहसील प्रशासन से समन्वय स्थापित कर आगे की कार्रवाई की रूपरेखा तैयार की गई। निर्धारित तिथि पर विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों एवं तहसील विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को सफलतापूर्वक हटाया गया। कार्रवाई के दौरान प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कर उसका मूल स्वरूप पुनः स्थापित किया जाए।

सर्विस रोड हुआ पूर्णतः अवरोधमुक्त- अवैध कब्जा हटाए जाने के बाद जगन्नाथपुर जलाशय नहर की सर्विस रोड पूर्णतः अवरोधमुक्त हो गई। इससे क्षेत्र के आम नागरिकों एवं कृषकों का आवागमन पुनः सुचारू, सुगम एवं सुरक्षित रूप से प्रारंभ हो सका।

निजी महाविद्यालय प्राचार्य कल्याण संघ का गठन, डॉ. मेघेश तिवारी बने अध्यक्ष

बेमेतरा/नवप्रदेश। निजी महाविद्यालय प्राचार्य कल्याण संघ का गठन किया गया। जिसमें डॉ. मेघेश तिवारी को अध्यक्ष बनाया गया। डां मेघेश तिवारी बेमतरा विधानसभा के ग्राम पंचायत नेवनारा के निवासी हैं और भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी के बड़े भाई है, जिन्हें संघ का अध्यक्ष बनाया गया है।

समन्वय स्थापित के उद्देश्य से संघ का गठन- अध्यक्ष बनने के बाद डां मेघेश तिवारी ने बताया पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से संबद्ध निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यो के हितों, शैक्षणिक गुणवत्ता के संवर्धन तथा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से निजी महाविद्यालय प्राचार्य कल्याण संघ का गठन किया गया है। संघ की प्रथम बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित हुई, जिसमें उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

संघ का नव गठन-बैठक में सर्वसम्मति से विप्र महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी को संघ का अध्यक्ष चुना गया।

वहीं दुर्गा महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रतिभा मुखर्जी को उपाध्यक्ष तथा महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

अवैध शराब बिक्री पर सोमनी पुलिस की कार्रवाई 44 पौव शराब के साथ युवक गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमनी पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने ग्राम मनकी स्थित अटल आवास में कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध रूप से शराब बेचते गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 44 पौव देशी शराब और बिक्री की रकम बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक के.पी. मरकाम के पर्यवेक्षण में अवैध शराब एवं नशीले पदार्थों के कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक एमन साहू एवं साइबर सेल प्रभारी विनय परमार के नेतृत्व में टीम को अवैध शराब बिक्री की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम मनकी अटल आवास में घेराबंदी कर प्रशांत गुप्ता (23), पिता दिलीप गुप्ता, निवासी ग्राम मनकी, थाना सोमनी को पकड़ा।

टोल टैक्स में बढ़ोतरी से जनता पर एक और आर्थिक बोझ : राजेश कुमार चंपू

राजनांदगांव/नवप्रदेश। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक 41 के पूर्व पार्षद राजेश कुमार चंपू ने केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गो पर टोल टैक्स की दरों में की गई बढ़ोतरी की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि पहले से ही गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों से परेशान आम जनता पर अब टोल टैक्स बढ़ाकर एक और आर्थिक बोझ डाल दिया गया है।

राजेश कुमार चंपू ने कहा कि महंगाई लगातार आम लोगों की कमर तोड़ रही है। घरेलू रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल और आवश्यक वस्तुओं के दाम पहले ही लोगों की पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं। ऐसे समय में टोल टैक्स की दरों में वृद्धि करना आम नागरिकों, व्यापारियों, किसानों और परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों के हितों के खिलाफहै।

उन्होंने कहा कि टोल टैक्स बढ़ने का सीधा असर माल भाड़े पर पड़ेगा, जिससे रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में और वृद्धि होगी। इसका सबसे अधिक नुकसान मध्यम वर्ग, मजदूर, किसान और छोटे व्यापारियों को उठाना पड़ेगा।

प्रधानमंत्री जनमन योजना आवास से कलम सिंह बैगा के परिवार को मिला सम्मान

○ पक्का आवास से जीवन हुआ सुखमय

कवर्धा/नवप्रदेश। बोड़ला विकासखंड के ग्राम पंचायत मुडधुसरी में निवासरत श्री कलम सिंह बैगा पिता गुहार सिंह बैगा विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के है।श्री कलम सिंह बैगा और इनका परिवार कृषि एवं दैनिक मजदूरी कर अपना जीवन चलाते है। उनका परिवार लंबे समय से कच्चे एवं जर्जर मकान में निवास कर रहा था। बरसात के मौसम में घर की छत से पानी टपकने के साथ परिवार को अनेक प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। सीमित आय के कारण अपना पक्का मकान बनाना संभव नहीं था।प्रधानमंत्री जनमन योजना आवास योजना अंतर्गत उनका सर्वे किया गया। पात्र हितग्राही के रूप में चयन हुआ और प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ग्रामीण के तहत उन्हे ?200000 से आवास की स्वीकृति मिली गई। सहयोग राशि 2 लाख रूपये चार किश्तों में प्रदान की गई ।

जैसे ही आवास स्वीकृत हुआ प्रथम किश्त की राशि 40 हजार रूपये उनके बैंक खाता में ऑनलाईन डी.बी.टी के माध्यम से प्राप्त हुआ और ग्राम पंचायतों स्तर के कर्मचारियों के सहयोग से आवास निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। आवास निर्माण जैसे-जैसे पूर्ण होता गया वैसे-वैसे उनके खातें में द्वितीय,तृतीय एवं अंतिम किश्त की राशि का अंतरण होता गया और योजना से प्राप्त सहयोग राशि से उनका आशियाना बनकर तैयार हो गया। आज श्री कलम सिंह बैगा अपने पूरे परिवार के साथ सुरक्षित, स्वच्छ एवं सम्मानजनक वातावरण में निवास कर रहा है।

मेरा जनमन आवास है मेरा अभिमान: श्री कलम सिंह बैगा

श्री कलम सिंह बैगा और उनका परिवार केन्द्र एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहते है कि आवास योजना ने उनके परिवार को सुरक्षित आवास,सम्मानजनक जीवन और बेहतर भविष्य की नई उम्मीद प्रदान की है। अब भविष्य की चिंता नही रही। सभी मौसमों की परेशानियों से मेरे परिवार की रक्षा होगी।

सतनामी समाज ने किया वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव का सम्मान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पदमश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित नागरिक सम्मान समारोह में राजनांदगांव शहर की प्रतिभाशाली वेटलिफ्टर खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी यादव ने स्कॉटलेंट के ग्लासको में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम में रजत पदक प्राप्त करने पर जिला सतनामी सेवा समिति के द्वारा साल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह प्रदान कर ज्ञानेश्वरी यादव का सम्मान किया। इस अवसर पर जिला सतनामी सेवा समिति के अध्यक्ष युवराज ढिढहेर, महामंत्री कमल कुमार लहरे, सचिव ऋषिराय खरे, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा बंजारे, कमलेश्वर सांडे उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष संजीव बंजारे, श्रीमती अंजू बंजारे पूर्व सचिव महिला प्रकोष्ठ, तामेश्वर बंजारे, एकता बंजारे उपस्थित थे। अध्यक्ष युवराज जी ने कहा आपकी अद्भुत उपलब्धि ने पूरे भारत, छत्तीसगढ़ एवं जिले का गौरव बढ़ाया है। आपकी मेहनत, समर्पण एवं उत्कृष्ठ प्रदर्शन पर हमें गर्व है बाबा गुरूघासीदास का आशीर्वाद आपके उपर बनी रहे। उक्त जानकारी महामंत्री महामंत्री कमल कुमार लहरे ने दी।

विश्व आदिवासी दिवस पर जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित हुए विधिक जागरूकता शिविर

बेमेतरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा संचालित स्टेट प्लान ऑफएक्शन कैलेंडर 2026-27 के अनुसार विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सरोज नन्द दास के मार्गदर्शन में तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा श्रीमती स्वर्णलता ओम यादव की उपस्थिति में किया गया।

प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास, बेमेतरा में आयोजित शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों, अनुसूचित जनजातियों के संवैधानिक अधिकार, शिक्षा एवं समानता का अधिकार, बाल अधिकार, बाल विवाह प्रतिषेध, बाल संरक्षण संबंधी कानून तथा निःशुल्क विधिक सहायता सहित विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।

शिविर में विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी प्रकार के शोषण, भेदभाव, बाल विवाह, बाल श्रम अथवा अन्य कानूनी समस्या की स्थिति में उचित विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का जिला स्तरीय शुभारंभ

प्रचार रथ को सीएचएमओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बेमेतरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर जिला बेमेतरा में कार्यक्रम का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार रथ के माध्यम से जिले के समस्त विकासखण्डों में भ्रमण कर ऑडियो संदेश के माध्यम से जनसामान्य को कृमि संक्रमण से बचाव एवं कृमिनाशक दवा के सेवन के संबंध में जागरूक किया जाएगा।

वर्ष में दो बार छह-छह माह में आयोजन

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन प्रत्येक वर्ष दो बार, छह माह के अंतराल में किया जाता है। इस अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को कृमिनाशक दवा एल्बेन्डाजॉल की खुराक दी जाती है। अभियान के अंतर्गत शासकीय एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षण संस्थानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, मदरसों में अध्ययनरत बच्चों एवं किशोर-किशोरियों के साथ-साथ शाला त्यागी बच्चों एवं किशोर - किशोरियों को भी दवा का सेवन कराया जाता है।

3.89 लाख बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य

इस वर्ष राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत जिले में कुल 3 लाख 89 हजार बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को कृमिनाशक दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित आयु के अनुसार बच्चों को एल्बेन्डाजॉल की खुराक दी जाएगी। 1 से 2 वर्ष आयु के बच्चों को आधी गोली चूरा करके, 2 से 3 वर्ष आयु के बच्चों को एक पूरी गोली चूरा करके तथा 3 से 19 वर्ष आयु के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को एक पूरी गोली चबाकर खिलाई जाएगी।

न्यूज गैलरी

डॉ. खूबचंद बघेल जयंती पर हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज अर्जुनी राज के अंतर्गत भाटापारा नगर इकाई द्वारा डॉ. खूबचंद बघेल जयंती के अवसर पर प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन मंडी मार्ग स्थित कुर्मी छात्रावास में किया गया, इस दौरान रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का भी लोगो ने फायदा उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़श राम कश्यप कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्जुनी राज के राजप्रधान हरिराम वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति श्रीमती दीप्ति गोविंद वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम वर्मा, एल्डरमैन संतोष वर्मा, पूर्व राजमंत्री खुमान वर्मा उपस्थित थे।कार्यक्रम में अर्जुनी राज सचिव सालिकराम वर्मा, कोषाध्यक्ष राकेश वर्मा, संगठन मंत्री सुखनंदन वर्मा, युवा अध्यक्ष गोविंद वर्मा, संरक्षक सुधेलाल वर्मा, छात्रावास सचिव तेजराम वर्मा सहित रविकांत वर्मा, संदीप परगनिहा, सौरभ बघमार, सेवक वर्मा, सेवाराम वर्मा, रमेश वर्मा, दव्य,गंगा प्रसाद वर्मा, रामकुमार वर्मा, मनोज वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

युवा कांग्रेस विस अध्यक्ष पद के लिए चंदन जायसवाल ने किया नामांकन

कसडोल/नवप्रदेश। युवा कांग्रेस कसडोल विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए चंदन जायसवाल ने अपना नामांकन दाखिल किया है। चंदन जायसवाल पूर्व में एनएसयूआई विधानसभा सचिव के रूप में संगठन में दायित्व निभा चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने दौलत राम शर्मा शासकीय महाविद्यालय, कसडोल की राजनीति परिषद में सचिव के रूप में भी जिम्मेदारी संभाली है। छात्र राजनीति से अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत करने वाले चंदन जायसवाल वर्तमान में पत्रकारिता के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। सामाजिक एवं स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के साथ वे क्षेत्र की समस्याओं को सामने लाने का कार्य कर रहे हैं। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद चंदन जायसवाल ने संगठन को मजबूत करने, युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ने और क्षेत्र में युवा कांग्रेस की सक्रियता बढ़ाने की बात कही।

जिला स्विमिंग एसोसिएशन की नवगठित कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

भाटापारा/नवप्रदेश। जिले में तैराकी को नई पहचान और मजबूत आधार देने की दिशा में बलौदाबाजार-भाटापारा जिला स्विमिंग एसोसिएशन के गठन एवं पंजीयन के पश्चात नवगठित कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में तैराकी खेल के विकास, खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं अवसर उपलब्ध कराने तथा नई प्रतिभाओं को तलाशने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में एसोसिएशन के संरक्षक अमरजीत सलूजा, अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सोनी, उपाध्यक्ष देवेश गुप्ता, सचिव भीषम वर्मा, सहसचिव गणेशू पाल, कोषाध्यक्ष ट्विंकल देवांगन, संयोजक शुभम तिवारी एवं सहसंयोजक मनीष जोगी उपस्थित रहे।

स्वामी आत्मानंद स्कूल में पुलिस का जागरुकता अभियान

मैनपुर/नवप्रदेश। गरियाबंद पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण के साथ-साथ आम लोगों और विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को मैनपुर स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में पुलिस विभाग द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को साइबर अपराध, नशे के दुष्प्रभाव तथा यातायात नियमों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक गरियाबंद वेदव्रत सिरमौर के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गोपाल वैश्य ने किया। मैनपुर थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ विद्यालय पहुंचे और विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों से सावधान रहने के लिए जागरूक किया।

सोशल मीडिया और ऑनलाइन फ्रॉड से रहें सतर्क : पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अनजान लिंक पर क्लिक करना, संदिग्ध एप डाउनलोड करना अथवा किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक संबंधी जानकारी या पासवर्ड साझा करना भारी पड़ सकता है। ऑनलाइन गेमिंग के दौरान होने वाले फ्रॉड, फर्जी कॉल, फर्जी मैसेज और वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उपाय भी बताए गए।

कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में नशामुक्ति व डिजिटल संयम पर कार्यशाला आयोजित

भाटापारा/नवप्रदेश। स्थानीय कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट, देवरी रोड (भाटापारा) में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में नशामुक्ति एवं 'मोबाइल की लत से बचाव' विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रतिनिधित्व भाटापारा ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र की प्रतिनिधि ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी द्वारा किया गया, जिनके कुशल मार्गदर्शन में कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे की दुष्प्रवृत्ति से दूर रखकर अनुशासित, तनावमुक्त और मूल्य-आधारित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान 'नशामुक्त भारत अभियान' के तहत उपस्थित समस्त विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को नशामुक्त जीवन जीने की सामूहिक प्रतिज्ञा दिलाई गई।

एक तस्वीर कई बार हजार शब्दों से ज्यादा प्रभावित करती है : विधायक इन्द्र साव

भाटापारा/नवप्रदेश।स्थानीय फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी संघ के तत्वावधान में निकोन वर्कशॉप का आयोजन विधायक इन्द्र साव के मुख्य आतिथ्य में तरेंगा स्थित एस के रिसॉर्ट में फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए निकोन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में फोटो एवं वीडियोग्राफी क्षेत्र से जुड़े छायाकारों एवं वीडियोग्राफरों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव ने फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा फोटोग्राफी केवल तस्वीर खींचने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समय को एक तस्वीर में संजोने की कला है, वहीं वीडियोग्राफी हमारे अनुभवों, घटनाओं और यादों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचने का सशक्त माध्यम है। आज मोबाईल और आधुनिक तकनीक के दौरा में हर व्यक्ति के हाथ में कैमरा है। लेकिन अच्छी तस्वीर लेने के लिए केवल कैमरा नहीं बल्कि अच्छी नजर और संवेदनशील सोच भी जरूरी है। श्री साव ने आगे कहा एक तस्वीर कई बार हजार शब्दों से अधिक प्रभाव पैदा करती है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों ने सामूहिक फोटो भी अपने कैमरे में कैद किया। इस अवसर पर संरक्षक समी अहमद, महेन्द्र साहू, प्रेम साहू,भरत जांगड़े, गुड्डा मानिकपुरी अध्यक्ष योगेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष यशवंत जायसवाल, सचिव, कुलेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष अमन साहू, मिडिया प्रभारी अमृत साहू, सदस्य, तेज साहू, अमित शर्मा, किशन निर्मलकर, अनिल पटेल, अजय तिवारी, संदीप शर्मा, भूपेश साहू, अमोल जोशी, लिलेश्वर साहू सहित संघ से जुड़े सभी सदस्य उपस्थित थे।

दिव्यांशु यादव का सिविल सेवा में असिस्टेंट कमांडेंट पद पर चयन

भाटापारा/नवप्रदेश। क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र दिव्यांशु यादव का संघ लोक सेवा आयोग (क्स्ष्ट) के माध्यम से असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर चयन हुआ है। उनकी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। दिव्यांशु यादव ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सिंधु पब्लिक स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने अंबुजा विद्यालय से कक्षा 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने इलाहाबाद से बीएससी की पढ़ाई पूरी की तथा इसके बाद भूगोल विषय में एमएससी की डिग्री हासिल की। शिक्षा के दौरान उन्होंने निरंतर मेहनत, अनुशासन और लगन को अपना लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ते हुए यह महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की।दिव्यांशु यादव के पिता शिवलाल यादव पूर्व प्राचार्य हैं, जबकि उनकी माता यादव प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत हैं। शिक्षित परिवार के मार्गदर्शन और अपने परिश्रम के बल पर दिव्यांशु ने यह उपलब्धि हासिल कर परिवार सहित पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

पेज 1 का शेष...

राष्ट्रीय ध्वज 140 करोड़...

पार्टी द्वारा आहूत 'तिरंगा यात्रा' के शुभारम्भ समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की माटी के महान सपूतों अकाल और भुखमरी के समय अपनी जनता का पेट भरने के लिए अनाज देकर अमूल्य योगदान देने वाले शहीद वीर नारायण सिंह और बस्तर क्षेत्र से अंग्रेजी हुकूमत को उखाड़ फेंकने के लिए ऐतिहासिक आंदोलन चलाने वाले जननायक गुंडाधुर के शौर्य व पराक्रम का स्मरण कर उनके बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया। नक्सलवाद के समाधान को प्रदेश का सौभाग्य बताते हुए श्री साय ने कहा कि जिस नक्सल समस्या के समाधान पर कभी अनिश्चितता जताई जाती थी, आज उसका सफल समाधान हो चुका है। श्री साय ने इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व, उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा के निरंतर प्रयासों और स्थानीय जनता के समर्थन को दिया।

सभी जिलों और स्कूलों से भी निकलेगी तिरंगा यात्रा

श्री साय कहा कि राजधानी के बाद अब राज्य के सभी जिलों, मंडलों, स्कूलों और विभिन्न संस्थानों में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस बार नक्सल प्रभावित दूरस्थ क्षेत्रों के गाँवों और उनके स्कूलों में भी तिरंगा यात्रा पहुँचेगी और 15 अगस्त को शान से राष्ट्रध्वज लहराया जाएगा। श्री साय ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे अपने-अपने घरों, कार्यालयों, संस्थानों पर तिरंगा लहराकर इस राष्ट्रीय पर्व और वीरों के बलिदान को नमन करें। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से 'हर घर तिरंगा अभियान' को सफल बनाने का आह्वान करते हुए अपने संबोधन में प्रधानमंत्री श्री मोदी के आह्वान का उल्लेख किया और कहा कि श्री मोदी ने देश के प्रत्येक नागरिक से अनुरोध किया है कि वे अपने घर, दुकान, कार्यालय और संस्थानों में राष्ट्रध्वज लहराकर 'हर घर तिरंगा' अभियान में भाग लें।

झारखंड में विस गेट तक...

विधानसभा के पास एकत्रित हुए और फिर विधानसभा के घेराव के लिए निकले। पुलिस ने कंटीले तार की बैरिकेडिंग कर रखी थी। पुलिस ने जैसे ही वाटर कैनन का इस्तेमाल किया छात्र बैरिकेडिंग पर चढ़कर डांस करते नजर आए। कुछ छात्रों ने राष्ट्रगान गाया। इसके बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे। 6 लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है।

लाठी की चोट से बड़ा...

विधानसभा की ओर बढ़े। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार के लिए सबसे कठिन स्थिति तब होती है, जब उसके सामने विपक्ष नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में युवा खड़े हों। राजनीतिक दलों के आंदोलन का जवाब राजनीति से दिया जा सकता है, लेकिन बेरोजगार युवाओं के आक्रोश का जवाब केवल प्रशासनिक आदेश से नहीं दिया जा सकता। उनके मन में परीक्षा, परिणाम और नियुक्ति को लेकर विश्वास पैदा करना पड़ता है। आज की घटना में पुलिस के सामने भी चुनौती आसान नहीं थी। विधानसभा राज्य का संवेदनशील क्षेत्र है और हजारों प्रदर्शनकारियों के बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़ने की स्थिति में कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

विपक्षी हंगामे के बीच...

के बीच 'बैंककार बही साक्ष्य विधेयक-2026' को बिना किसी संशोधन के पारित कर दिया गया। इसके साथ ही बैंकों के बही-खातों और डिजिटल रिकॉर्ड को कानूनी मान्यता देने वाले इस विधेयक पर संसद की अंतिम मुहर लग गई है। यह नया कानून 1891 के पुराने कानून की जगह लेगा। विधेयक पर संक्षिप्त चर्चा के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों का स्पष्टीकरण दिया। इसके बाद सदन ने संशोधनों को खारिज करते हुए इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया। कार्यवाही के दौरान विपक्षी सदस्यों ने दिल्ली में युवाओं पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर गृह मंत्री के जवाब की मांग करते हुए हंगामा किया और नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर चले गए।

राम मंदिर का सीईओ...

होगी, जहां तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय चयन समिति उम्मीदवारों के अनुभव, कार्यशैली और प्रशासनिक दक्षता का आकलन करेगी।

3 सदस्यीय समिति लेगी साक्षात्कार

सीईओ पद के लिए देशभर से विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों और प्रशासनिक अनुभव रखने वाले 5200 से अधिक लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किए थे। तीन सदस्यीय चयन समिति ने प्रारंभिक समीक्षा के बाद पहले चरण में 54 अभ्यर्थियों का इंटरव्यू लिया था। इसके बाद अत्यंत पारदर्शी व गहन मूल्यांकन प्रक्रिया के उपरांत अंतिम दौर के लिए 18 दावेदारों को ही शॉर्टलिस्ट किया गया है। 11 और 12 अगस्त को राम मंदिर परिसर में होने वाले साक्षात्कार के बाद यह समिति तीन सबसे योग्य उम्मीदवारों का एक पैनल तैयार कर ट्रस्ट को सौंपेगी।

हॉस्टल में जहरीले सांप...

छात्राओं को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल और बाद में गढ़चिरौली जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान तीन छात्राओं ने दम तोड़ दिया। इनकी पहचान दीपिका लकड़ा (कक्षा 6), सुष्मिता मंडल (कक्षा 8) और अनु कोरेटी (कक्षा 2) के रूप में हुई है। अन्य 3 गंभीर छात्राओं का इलाज गढ़चिरौली अस्पताल में जारी है, जिनमें से एक की हालत नाजुक बनी हुई है। एहतियात के तौर पर 14 अन्य छात्राओं को भी मेडिकल ऑब्जर्वेशन में रखा गया है।

नाले में बही कार, 3 बच्चों...

की कोशिश की। कुछ ही पल में तेज बहाव ने ईको को अपनी चपेट में लिया और 11 यात्रियों से भरी गाड़ी पानी में बहती चली गई। ईको के नाले में बहते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल बचाव शुरू किया और दो पुरुषों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं, रेस्क्यू टीमों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद 9 लोगों के शव बरामद कर लिए।

कोलंबिया में 7.4 तीव्रता...

सबसे ज्यादा भूकंप प्रभावित देशों में से एक है। यहां हर साल हजार से ज्यादा छोटे-बड़े भूकंप आते हैं। कोलंबिया में बार-बार भूकंप आने की सबसे बड़ी वजह इसकी भौगोलिक स्थिति है। यह देश 'रिंग ऑफ फायर' नाम के भूकंप और ज्वालामुखी वाले क्षेत्र में आता है। यहां नाजका, कोकोस और दक्षिण अमेरिकी जैसी कई बड़ी टेक्टोनिक प्लेटें आपस में टकराती हैं। इनमें से एक प्लेट दूसरी के नीचे धंसती रहती है। इसी वजह से जमीन के अंदर लगातार हलचल होती रहती है, जिससे अक्सर तेज भूकंप और ज्वालामुखी विस्फोट होते हैं।

अंबेडकर अस्पताल में फेफड़ों...

की विशेषज्ञता को सिद्ध किया है, बल्कि छत्तीसगढ़ में फेफड़ों की सर्जरी के क्षेत्र में अम्बेडकर अस्पताल को अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित किया है। हार्ट-चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू के अनुसार, फेफड़े की लोबेक्टॉमी सर्जरी का मतलब यह होता है कि इसमें मरीज के क्षतिग्रस्त फेफड़े के एक हिस्से को निकाल दिया जाता है। यह सर्जरी अत्यंत ही जटिल सर्जरी होती है।

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अभिषेक मेनन पिता जी प्रदीप कुमार (G. PRADEEP KUMAR) पता आर्चिड 338, ब्लाक 10, तालपुरी बी-ब्लाक प्रगति नगर भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) का रहने वाला हूँ। मेरे पासपोर्ट मे मेरे पिता का नाम गिरिसेन प्रदीप मेनन (GIRIESAN PRADEEP MENON) दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजो मे मेरे पिता का नाम जी प्रदीप कुमार (G. PRADEEP KUMAR) है। मेरे पासपोर्ट मे त्रुटिवश मेरे पिता का नाम जी प्रदीप कुमार (G. PRADEEP KUMAR) के स्थान पर गिरिसेन प्रदीप मेनन (GIRIESAN PRADEEP MENON) लिखा गया है जो कि दोनो नाम मेरे पिता का ही है। अत: इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मुझे जी प्रदीप कुमार (G. PRADEEP KUMAR) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे।

अशीम सिंह
अधिवक्ता- जिला न्यायालय दुर्ग
केवी 323 तालपुरी भिलाई
तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मो. 7999182953

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800192

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी अरविंद कुमार सिंह पिता/पति मोतीलाल सिंह पता ब्लाक डी एवेन्यू सेक्टर 7 भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 326/83(0.0060) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता अंकिता सिंह पिता/पति स्व. अरविंद सिंह पता प्लाट नं. 36/37 माईल स्टोन स्कूल के पास दुर्गानगर भिलाई, अनुशील सिंह पिता/पति स्व. अरविंद सिंह पता प्लाट नं. 36/37 माईल स्टोन स्कूल के पास दुर्गानगर भिलाई, तेजस्विता सिंह पिता/पति स्व. अरविंद सिंह पता प्लाट नं. 36/37 माईल स्टोन स्कूल के पास दुर्गानगर भिलाई, मीरा सिंह पिता/पति स्व. अरविंद सिंह पता प्लाट नं. 36/37 माईल स्टोन स्कूल के पास दुर्गानगर भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14.08.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.07.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202608100700004
/अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शैलेन्द्र वर्मा आ. स्व. रामप्रताप वर्मा निवासी रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर पुराना 154/210 नया 328/27 रकबा 1950 वर्गफीट हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/ वसीयतकर्ता रामप्रताप वर्मा के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 28.06.2026 को पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/ अपंजीकृत वसीयतनामा के अधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24.08.2026 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.08.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202608104700018
/अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण कृष्णा खिचरिया पतिं स्व0 डॉ. सेवेन्द्र राज सिंह खिचरिया उम्र 81 वर्ष व अन्य 04 सभी निवासी- वार्ड नंबर 59 कातुलबोर्ड दुर्ग छग के द्वारा स्थित भूमि मौजा- भटगांव प.हं.नं. 06 रा.नि.मं. जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग छ0ग0 में स्थित भूमि खसरा नंबर- 236 रकबा 0.40 हे. भूमि को विक्रेता श्री अरूण चौहान आ. स्व. श्री विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान से दिनांक 15/03/2017 को आवेदकगण के पिता/डॉ. सेवेन्द्र राज सिंह खिचरिया पिता दुलार सिंह खिचरिया के पास विक्रय किया गया था। उक्त भूमिस्वामी डॉ. सेवेन्द्र राज सिंह खिचरिया पिता श्री दुलार सिंह खिचरिया की मृत्यु दिनांक 23/03/2023 को हो चुकी है। आवेदकगण के पिता/पति के द्वारा आवेदित भूमि का प्रमाणीकरण नहीं करा पाये थे। आवेदकगण के पिता/पति कि मृत्यु हो जाने के कारण आवेदकगण स्वयं का नाम 1. कृष्णा खिचरिया पति स्व. डॉ. सेवेन्द्र राज सिंह खिंचरिया (पत्नी) . 2. राकेश खिचरिया (पुत्र) 3. शीला परगनिहा (पुत्र) 4. डॉ. सत्यदेव खिचरिया (पुत्र) 5. संध्या बघेल (पुत्री) का नाम दर्ज कर उपरोक्त भूमि पंजीकृत बैनामा दिनांक 23/03/2017 के आधार पर प्रमाणीकरण करते. हुय उनकी मृत्यु उपरांत फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17.08.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.08.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202608103800006
/117/अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक अजय यादव आ.स्व. शिशुपाल सिंह यादव निवासी ठेठवार पारा दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्रं. 28 डी भूखंड कं. 74 क्षेत्रफल 173 वर्गमीटर भूमि धारकगण अजय यादव, चन्द्र प्रकाश यादव, सुशील यादव, मंदाकिनी यादव, प्रमीला यादव, सौदामिनी यादव पिस.स्व. शिशुपाल सिंह यादव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक चन्द्र प्रकाश यादव, सुशील यादव, मंदाकिनी यादव, प्रमीला यादव, सौदामिनी यादव पिस. स्व. शिशुपाल सिंह यादव द्वारा उक्त भूखंड का रकबा 173 वर्गमीटर में से 144. 16 वर्गमीटर आवेदक अजय यादव आ.स्व.शिशुपाल सिंह यादव के पक्ष मे पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 28.07.2026 को निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से सहधारक/हक त्यागकर्ता का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.08.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.08.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202607103800026
/17/अ-20(1)/ वर्ष 2025-26

आवेदक कलामुद्दीन खान आ.स्व. मुमताज अली निवासी आमदी नगर हुडको द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नं. 1/2, 2/2 का दु. भूखण्ड नं. एम.आई.जी. 1/701 क्षेत्रफल 150 वर्गमीटर भूमि मुमताज अली आ.स्य. अफ्जल हुसैन को भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई द्वारा आबंटित किया गया है। आबंटिती मुमताज अली की मृत्यु दिनांक 11.04.2011 को एवं उनकी पत्नी खारून निशा की मृत्यु दिनांक 06.11.1998 को हो चुकी है। मृतक आबंटिती के द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 27.04.2009 को आवेदकगण निजामुद्दीन खान, कलामुद्दीन खान, सलाउद्दीन खान, रियाजुद्दीन खान, समसुन निशा पिस. स्व. मुमताज अली के पक्ष में रजिस्टर्ड वसीयतनामा कराया गया है। आवेदकगण में से समसुन निशा की मृत्यु दिनांक 01.10.2019 को हो चुकी है। उनके विधिक वारिसान अरिफा खातून, आसीफा बानो खान, बुसरा बानू है। आवेदक द्वारा वारिसानो के नाम पर उक्त वसीयतनामा के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड का नामान्तरण करते हुए नवीन पटटा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.08.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.07.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202607103800027
/18/अ-20(1)/ वर्ष 2025-26

आवेदिका श्रीमति सतवंत कौर पति स्व. करतार सिंह निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नं. 1/2 2/2 का दु. प्लाट नं. एम.आई.जी.-2/279 क्षेत्रफल 160 वर्गमीटर भूमि आवेदक के पति करतार सिंह आ. खेमसिंह को भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई द्वारा आबंटित किया गया है। आबंटिती करतार सिंह की मृत्यु दिनांक 03.05.2012 को हो चुकी है। मृतक आबंटिती की पत्नी सतवंत कौर पति स्व. करतार सिंह है। आवेदिका द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड को स्वयं के नाम पर नवीन पटटा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.08.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.07.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20262711312344

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी हरेन्द्र सिंह तोमर पिता/पति डी.एस. तोमर पता प्लाट नं. 4 स्ट्रीट नं. 08 आशीष नगर पश्चिम रिसाली सिविल सेंटर भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 434/3(0.0284) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता निकिता राठौर पिता/पति हरेन्द्र सिंह तोमर पता प्लाट नं. 4 स्ट्रीट नं. 08 आशीष नगर पश्चिम रिसाली सिविल सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.08.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31.07.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

मैं मनीष कुमार शुक्ला आ. श्री कृष्णा शुक्ला, निवासी मकान नं एल.आई. जी. 18, वार्ड नं 10, वैशालीनगर, सुपेला, भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) मैं अपने नाबालिक पुत्री का नाम (PRANAYA HUKLA) (पुराना नाम) से बदलकर (PRANAYA SHUKLA) (नया नाम) रख लिया है।

संजीव मिश्रा
अधिवक्ता-जिला न्यायालय दुर्ग
तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मो. 8435051033

आम-सूचना

मैं राजमहंत सांवला राम डाहरे/ (Rajmahant Sanwla Ram Dahre) (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) आ. बलदेव प्रसाद डाहरे, पता- हिन्दी भवन, रोड नं 03, प्रगति नगर, रिसाली, भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम राजमहंत सांवला राम डाहरे/ (Rajmahant Sanwla Ram Dahre) (पुराना नाम) से बदलकर पूरा व सही नाम सांवला राम डाहरे/ (Sanwla Ram Dahre) आ. बलदेव प्रसाद डाहरे रख लिया है।

संजीव मिश्रा
अधिवक्ता-जिला न्यायालय दुर्ग
तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मो. 8435051033

नाम/परिवर्तन

मैं रामदेव देवांगन (RAMDEV DEWANGAN) पिता उदल देवांगन (UDAL DEWANGAN) गाँव / शहर तेलीगुण्डरा, पोस्ट तेलीगुण्डरा तहसील पाटन जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) पिन कोड - 491111 ने अपना नाम रामदयाल (RAMDAYAL) पिता उदल (UDAL) , रामदेव (RAMDEV) पिता चमरु (CHAMRU) , रामदेवा (RAMDEWA) पिता चमरु (CHAMARU) से बदलकर रामदेव देवांगन (RAMDEV DEWANGAN) पिता उदल देवांगन (UDAL DEWANGAN) रख लिया हैं।

शपथकर्ता
रामदेव देवांगन
पिता उदल देवांगन
गाँव/शहर तेलीगुण्डरा
पोस्ट तेलीगुण्डरा तहसील पाटन
जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं मोहन (माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्र/ पत्नी विशाल निवासी मकान नं. 68. तितुरडीह वॉर्ड नं. 12. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. एतद् द्वारा पूर्णतः पुष्टि करता हूँ और निम्नानुसार घोषित करता हूँ। मैं मकान नं. 68, तितुरडीह वॉर्ड नं. 12. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. का स्थायी निवासी हूँ। मैं अपने नाबालिग पुत्री तान्या गोंड (TANYA GOND) पिता मोहन लाल गोंड (MOHAN LAL GOND) से बदलकर तानिया ठाकुर (TANIYA THAKUR) पिता मोहन (MOHAN) करवाना चाहता / चाहती हूं। मैं अपने पुत्र/पुत्री का नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता/करती हूं उसके लिये मैं स्वयं जिम्मेदारी रहूंगा / रहूंगी। मेरी पत्नि/पति (पत्नि/पति का नाम) निराशा को हमारे नाबालिग पुत्र/पुत्री के नाम में कोई आपत्ति नही है। मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशो हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा रही है तथा साक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा/रही हूं।

शपथकर्ता
मोहन पिता विशाल
निवासी मकान नं. 68
तितुरडीह वॉर्ड नं. 12. दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं लोमन (LOMAN) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता खेदू राम (KHEDU RAM) उम्र 41 वर्ष, निवासी ग्राम-सिलीडीह, पोस्ट आफिस-कचना, कुरूद, तह. भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.) जिसे अब तक लोमन (LOMAN) पिता खेदू राम (KHEDU RAM) (पुराना नाम) ने अपना नाम बदल कर नोमन कुमार (NOMAN KUMAR) पिता खेदू राम (KHEDU RAM) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
लोमन पिता खेदू राम
निवासी ग्राम-सिलीडीह,
पोस्ट आफिस-कचना, कुरूद, तह.
भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं राज कुमार सिंगे (Raj Kumar Singe) पिता स्व. श्री चरण दास सिंगे (माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्र प्रिन्स सिंगे (Prince Singe) निवासी-क्वाटर नं. 147/बी, वार्ड कमॉक 28, सुभाष चौक के पास, प्रेमनगर केम्प-1, भिलाई तहसील व जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिब सुपुत्र का नाम प्रिंस (Prins) (पुराना नाम) से बदल कर प्रिन्स सिंगे (Prince Singe) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
राज कुमार सिंगे
पिता स्व. श्री चरण दास सिंगे
निवासी-क्वाटर नं. 147/बी, वार्ड
कमॉक 28, सुभाष चौक के पास,
प्रेमनगर केम्प-1, भिलाई
तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं ममता गुप्ता (MAMTA GUPTA) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्री राजेन्द्र कुमार सोनी, निवासी- मकान नं.- 44, सरदार गली, हनुमान मंदिर, पचरी पारा, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम ममता गुप्ता (MAMTA GUPTA) (पुराना नाम) से बदल कर ममता सोनी (MAMTA SONI) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
ममता गुप्ता
सुपुत्री राजेन्द्र कुमार सोनी
निवासी- मकान नं.- 44, सरदार
गली, हनुमान मंदिर, पचरी पारा, दुर्ग
तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं कलावती (KALAVATI) पति महेन्द्र कुमार यादव (MAHENDRA KUMAR YADAV) गाँव / शहर ग्राम कोडेबोड़, पोस्ट मरौद, तहसील कुरुद जिला धमतरी (छत्तीसगढ़) पिन कोड 493663 ने अपना नाम चंदौती बाई पिता रुपराम, चंदौतीन बाई पिता रुपराम से बदलकर कलावती (KALAVATI) पति महेन्द्र कुमार यादव (MAHENDRA KUMAR YADAV) रख लिया हैं।

शपथकर्ती
कलावती पति महेन्द्र कुमार यादव
गाँव/शहर ग्राम कोडेबोड़, पोस्ट मरौद,
तहसील कुरुद जिला धमतरी (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

बीएसपी में नौकरी के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र में लोको पायलट की नौकरी लगवाने का झांसा देकर 5.30 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को उतई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने नौकरी दिलाने का भरोसा देकर प्रार्थी समेत करीब 10 से 15 लोगों को अपने जाल में फंसाया था। प्रार्थी से नौकरी लगवाने के नाम पर 5 लाख 30 हजार रुपए लेने के बाद जब नौकरी नहीं लगी तो रकम वापस मांगने पर आरोपी टालमटोल करने लगा। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपी को उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, तालपुरी भिलाई नगर निवासी दीपक कुमार देवदास (39) ने 8 अगस्त को थाना उतई में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया कि शंकर नगर, ग्राम डुण्डेरा निवासी चन्द्रप्रकाश साहू (26) ने उसे बीएसपी में लोको पायलट की नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया था। आरोपी ने खुद को नौकरी लगवाने में सक्षम बताया और दीपक समेत कई अन्य लोगों को भी नौकरी दिलाने की बात कही।

आज स्वर्ण प्राशन चिकित्सा शिविर

भिलाई/नवप्रदेश। श्री गजानन महाराज मंदिर हुडको में 11 अगस्त को शाम 6 से 8 बजे तक स्वर्ण प्राशन चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर डॉ. लवेश कुमार कुभोरे एवं डॉ. शुभांकर चटर्जी के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। इस आयुर्वेदिक संस्कार के माध्यम से बच्चों की रोग-प्रतिरोधक क्षमता, स्मरण शक्ति एवं शारीरिक-मानसिक विकास को बढ़ावा दिया जाता है। जन्म से 16 वर्ष तक के बच्चों के लिए यह लाभकारी बताया गया है। शिविर में शुल्क मात्र 20 रुपये रखा गया है। आयोजकों ने अभिभावकों से अपने बच्चों को लाभ दिलाने हेतु मो. नं. 9131923367 पर संपर्क कर सकते है।

निर्वाचित पार्षद चंदन यादव ने ली शपथ

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड 35 के नवनिर्वाचित पार्षद चंदन यादव का शपथ ग्रहण समारोह कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में सम्पन्न हुआ। दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने निर्वाचित पार्षद चंदन यादव को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुरूचि सिंह, अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा सहित पार्षद महेश वर्मा, संतोष मोर्या, पियुष मिश्रा एवं राजेन्द्र अरोरा उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण के पश्चात उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नवनिर्वाचित पार्षद चंदन यादव को शुभकामनाएं दीं। पार्षद यादव ने वार्ड के विकास, नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

असामाजिक तत्वों से परेशान रहवासी पहुंचे महापौर के पास, एसपी से की चर्चा

दुर्ग/नवप्रदेश। सरस्वती नगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के रहवासियों ने क्षेत्र में बढ़ती असामाजिक गतिविधियों को लेकर नगर निगम महापौर अलका बाघमार से उनके कक्ष में मुलाकात की। रहवासियों ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों के कारण महिलाओं और बच्चों में असुरक्षा का माहौल बन रहा है तथा आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों ने क्षेत्र में पुलिस निगरानी बढ़ाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए महापौर ने तत्काल पुलिस अधीक्षक विजय अहवाल से दूरभाष पर चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि शहर में नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रशासन और पुलिस के समन्वय से जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। महापौर की त्वरित पहल से रहवासियों ने संतोष व्यक्त करते हुए उनका आभार जताया।

सिर्फ मुंह का कैंसर नहीं, लिवर को भी नुकसान पहुंचा सकती है सुपारी

■ रूंगटा यूनिवर्सिटी में पान मसाला और गुटखे में इस्तेमाल होने वाली सुपारी पर बड़ी रिसर्च, शरीर के अंदर पहुंचने के बाद लिवर और दिमाग पर भी पड़ता है असर

भिलाई/नवप्रदेश। पान मसाला, गुटखा और सुपारी खाने से मुंह का कैंसर हो सकता है, यह बात काफी लोगों को पता है। लेकिन अब एक बड़ी रिसर्च में सुपारी के नुकसान को लेकर ऐसी जानकारी सामने आई है, जिस पर ध्यान देना जरूरी है। रिसर्च में सामने आया है कि, सुपारी का असर सिर्फ मुंह तक नहीं है। इसमें मौजूद एक रसायन शरीर के अंदर पहुंचकर लिवर की कोशिकाओं को भी नुकसान पहुंचा सकता है और दिमाग पर भी असर डाल सकता है। अमरीका की यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सस के स्वास्थ्य विज्ञान केंद्र और रूंगटा यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी की संयुक्त रिसर्च में यह खुलासा हुआ है। रूंगटा फार्मेसी के प्रोफेसर डॉ. पराग जैन ने अमरीका में रहकर टेक्सास के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर यह रिसर्च की है। यह रिसर्च अंतरराष्ट्रीय शोध जर्नल ड्रग मेटाबॉलिज्म एंड फार्मा कजेकाइनेटिक्स में प्रकाशित हुई हैं।

शरीर के अंदर पहुंचकर लिवर पर असर

प्रोफेसर पराग ने बताया कि, सुपारी में मौजूद एरकोलीन एक प्रमुख रसायन है। इसे सुपारी का ऐसा रसायन माना जाता है, जो शरीर पर नशे की लत और दूसरे असर डालता है। जब यह शरीर में पहुंचता है तो खून के साथ लिवर तक जाता है। शोध में पाया गया कि लिवर इसे बहुत तेजी से बदलता है। अहम बात यह है कि एरकोलीन को लिवर की कोशिकाओं के लिए नुकसानदायक माना गया है। यानी शरीर इस रसायन को संभालने की कोशिश करता है, लेकिन जिस रसायन से लिवर को निपटना पड़ता है, वह खुद लिवर की कोशिकाओं के लिए नुकसान पहुंचाने वाला है। शोध में सुपारी के सेवन को लिवर के कैंसर समेत कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़े खतरे से भी जोड़ा गया है।

दिमाग पर भी असर डालता है

एरकोलीन का असर केवल लिवर तक नहीं है। यह दिमाग में मौजूद कुछ खास जगहों पर असर डाल सकता है। इसी वजह से सुपारी खाने के बाद कुछ लोगों को उत्तेजना, ज्यादा सतर्कता या मानसिक सक्रियता महसूस हो सकती है। यही असर बार-बार सेवन करने पर सुपारी की आदत और निर्भरता बढ़ने से भी जुड़ जाता है। लिवर में एरकोलीन के टूटने के बाद एरकेडीन नाम का दूसरा रसायन बनता है। यह भी पूरी तरह बेअसर नहीं है। शोध में पाया गया कि एरकेडीन मुंह के अंदर की कोशिकाओं में एक ऐसे पदार्थ का बनना बढ़ा सकता है, जिससे वहां के ऊतक सख्त होने लगते हैं। इसका नतीजा ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस जैसी बीमारी के रूप में सामने आ सकता है। इसमें मुंह के अंदर की त्वचा धीरे-धीरे सख्त होती जाती है और आगे चलकर मुंह खोलने में परेशानी हो सकती है। शोध में सुपारी के एक दूसरे रसायन गुवाकोलीन की भी जांच की गई।

ट्रैफिक कंट्रोल करने एक्शन मोड में पुलिस

■ कॉम्प्लेक्स संचालकों को नोटिस, नाबालिगों के पैरेंट्स पर लगेगा जुर्माना

दुर्ग-भिलाई/नवप्रदेश। ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। शहर की सड़कों पर नो-पार्किंग में वाहन खड़े करने और सड़क किनारे दुकानें व ठेले लगाने से अक्सर जाम की स्थिति बनती है। शाम के समय प्रमुख सड़कों पर वाहनों की संख्या बढ़ने से लोगों को ज्यादा परेशानी होती है। इसे देखते हुए पुलिस अब अलग-अलग स्तर पर कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। यातायात विभाग के एडिशनल एसपी कौशलेंद्र पटेल ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से नाबालिगों के वाहन चलाने और बिना लाइसेंस या जरूरी दस्तावेज के वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान स्कूलों में जाकर चालानी कार्रवाई की गई है। साथ ही नाबालिग वाहन चालकों के माता-पिता को बुलाकर समझाइश भी दी गई है। भिलाई समेत दुर्ग और चरोदा क्षेत्र में भी यातायात पुलिस की चेकिंग लगातार जारी है। पुलिस का कहना है कि अभियान का मकसद सिर्फ चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना है। पुलिस शहर के दुकानदारों और कॉम्प्लेक्स संचालकों को नोटिस दे रही है।

नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर होगी कार्रवाई

शहर में कई जगह सड़क किनारे वाहनों की पार्किंग के कारण रास्ता संकरा हो जाता है। इससे खासकर व्यस्त समय में ट्रैफिक की रफ्तार धीमी हो जाती है। पुलिस अब नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफकार्रवाई करने की तैयारी में है। सड़क किनारे अवैध तरीके से वाहन खड़ा करने वालों को पहले समझाइश दी जाएगी और जरूरत होने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

फ्लाईओवर के नीचे और सड़क किनारे लगी दुकानों पर कार्रवाई

शहर में फ्लाईओवर के नीचे और सड़कों के किनारे ठेले, गुमटी और दूसरी दुकानें लगने से भी ट्रैफिक प्रभावित हो रहा है। एडिशनल एसपी ने बताया कि इन मामलों में नगर निगम और संबंधित थानों के साथ मिलकर कार्रवाई की जा रही है। निगम प्रशासन की ओर से भी सहयोग किया जा रहा है। सड़क किनारे रोजी-रोटी के लिए ठेला या गुमटी लगाने वालों को पहले समझाइश दी जाएगी। इसके बाद भी व्यवस्था नहीं सुधरी तो उनके खिलाफकानूनी कार्रवाई की जाएगी।

निगम की रोका-छेका टीम सड़क पर बैठे मवेशियों को भेज रही गौठान

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव के बीच सड़कों पर खुले में बैठे मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। नागरिकों एवं वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा रोका-छेका अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। निगम टीम द्वारा काउकेचर वाहन के माध्यम से मवेशियों को सुरक्षित रूप से पकड़कर कोसा नाला स्थित गौठान में पहुंचाया जा रहा है। गौठान में मवेशियों के लिए निगम द्वारा खाने एवं पीने की व्यवस्था के साथ ही आवश्यक चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। निगम प्रशासन का उद्देश्य सड़कों पर मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना तथा नागरिकों और वाहन चालकों के लिए सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना है। निगम प्रशासन ने पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें और उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखें।

सामाजिक कुरीतियों को दूर करने साहू समाज का प्रयास अनुकरणीय : ताम्रध्वज साहू

■ परिक्षेत्रीय साहू समाज के सम्मेलन में विविध कार्यक्रम

दुर्ग/नवप्रदेश। कोई भी समाज तभी प्रगति करता है जब वह एकजुट रहता है और सामाजिक कुरीतियों से मुक्त होता है। यह हर्ष का विषय है कि सामाजिक कुरीतियों को मिटाने में साहू समाज अग्रणी और अनुकरणीय भूमिका निभा रहा है। उक्तान्येतानि के विचार पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने परिक्षेत्रीय साहू समाज नयापारा बघेरा के सामाजिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि की आबादी से व्यक्त किए। उन्होंने साहू समाज के लोगों से समाज के हित में काम करने और आपसी सहयोग को बढ़ाने की अपील की। अध्यक्षीय उद्बोधन में नंदलाल साहू ने भी समाज की एकजुटता पर बल दिया। उन्होंने नवगठित इंदिरा नगर बघेरा की इकाई के पदाधिकारियों को शपथ भी ग्रहण कराया। इसके पूर्व परिक्षेत्रीय साहू समाज के अध्यक्ष लिखन साहू ने स्वागत भाषण दिया और सभी वरिष्ठ जनों से समाज को मार्गदर्शन देने का अनुरोध किया। कार्यक्रम को विशेष अतिथि जागेश्वर साहू, पोषण साहू, दिव्या कलियारी, मंजू साहू, सरिता साहू, राजेश साहू भीखम साहू, आतिश साहू, सुनील साहू, चन्द्रिका साहू, चंपा साहू, सुरेन्द्र साहू, लेखराम साहू व जयंती साहू ने भी संबोधित किया और साहू समाज की एकता पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी तथा विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज प्रमुख नारायण प्रसाद साहू, तिथि साहू भागीरथ साहू, नारद साहू, टीकाराम साहू, प्रेमकुमार साहू, केवल साहू, खिलावन साहू, जगनू राम साहू का योगदान रहा।

विवि राष्ट्रनिर्माण की कार्यशाला : आईपी मिश्रा

■ श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के स्वागत एवं उनके शैक्षणिक जीवन के शुभारंभ के अवसर पर भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप दीक्षारंभ कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की कार्यसंस्कृति, शैक्षणिक वातावरण, नैतिक मूल्यों तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका से परिचित कराना था। इस दौरान विश्वविद्यालय कुलाधिपति आईपी मिश्रा, कुलपति डॉ. स्मिता सेलट, श्री गंगाजली एजुकेशन सोसायटी की प्रेसिडेंट डॉ. जया मिश्रा, डायरेक्टर डॉ. सुशील चंद्र तिवारी तथा कुलसचिव डॉ. वैभव तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कुलाधिपति आई.पी. मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व, चरित्र और राष्ट्रनिर्माण की कार्यशाला है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, कौशल, नवाचार और भारतीय संस्कृति से जुड़ते हुए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने का अवसर बताया। डॉ. जया मिश्रा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि संवेदनशील, संस्कारित एवं उत्तरदायी नागरिक का निर्माण करना है। कुलपति डॉ. स्मिता सेलट ने विश्वविद्यालय द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा पर चर्चा।

कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के न्यूज़लेटर का विमोचन भी किया। विद्यार्थियों को विभिन्न संकायों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, अनुसंधान एवं नवाचार सुविधाओं, छात्र क्लब, एनएसएस, एनसीसी, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक की जानकारी दी गई।

भारतीय बौद्ध महासभा ने कावरे एवं धवले का किया सम्मान

भिलाई/नवप्रदेश। डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर संस्कृतिक भवन सेक्टर 6 भिलाई परिसर में पूर्व सहकारिता आयुक्त महादेव कावरे एवं वरिष्ठ समाजसेवी अशोक धवले का सेवानिवृत होने पर सम्मान किया। इसी बीच भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष विनोद वासनिक ने कावरे को कर्मवीर एवं अशोक धवले को धर्मवीर का संबोधन भी किया। संस्था कार्यकारिणी एवं अन्य सामान्य सदस्यों ने दोनों ही अतिथियों के विषय में दो शब्द कहे। बाबा साहेब अंबेडकर एवं भगवान बुद्ध के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। अतिथियों में विशेष कर पूर्व सहकारिता आयुक्त महादेव कावरे वरिष्ठ समाजसेवी अशोक धवले एवं जांच आयुक्त दिलीप वासनिकर ने सभा को संबोधित किया।

उपरोक्त कार्यक्रम में संस्था कार्यकारिणी के सदस्य, महिला प्रकोष्ठ सदस्य, सलाहकार मंडल सदस्य, युवा प्रकोष्ठ सदस्य समस्त पदाधिकारी गण अन्य सहयोगी संस्थाओं से आए हुए पदाधिकारी गण संयुक्त रूप से उपस्थित हुए। आभार प्रदर्शन धनंजय मेश्राम ने किया। इस कार्यक्रम की सूचना संस्था के महासचिव वीरेंद्र गजभिए ने दी।

विहिप व बजरंग दल ने निकाली कांवड़ यात्रा, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

कुम्हारी/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल, कुम्हारी नगर के तत्वावधान में भगवान भोलेनाथ को समर्पित भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयघोष के साथ यात्रा में शामिल हुए। यात्रा को लेकर नगर में उत्साह और धार्मिक माहौल बना रहा। कांवड़ यात्रा की शुरुआत वार्ड 18 स्थित श्रीराम लिंगेश्वर मंदिर से हुई। यात्रा कुम्हारी चौक, कपड़ा मार्केट, कांजी हाउस हनुमान मंदिर और टोलगेट से होते हुए खारुन नदी के तट तक पहुंची यहां श्रद्धालुओं ने अपने अपने कलश में नदी से जल भरा। इसके बाद कांवड़ लेकर श्रद्धालु वापस श्री लिंगेश्वर मंदिर पहुंचे, जहां उसी जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। पूजा-अर्चना के बाद आयोजित भंडारे में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कांवड़ यात्रा का नगर के व्यापारियों ने भी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं जल वितरण की व्यवस्था की। यात्रा में बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ताओं के साथ नगरवासी शामिल हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व विहिप नगर अध्यक्ष अनुज शुक्ला, संयोजक कुणाल शर्मा, नगर मंत्री भूपेंद्र मानिकपुरी, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी अध्यक्ष रत्ना दास एवं पार्षद प्रवीण राव ने किया। यात्रा में उपाध्यक्ष अनिल निखाड़े, गौरक्षा प्रमुख मोनू साहू, हरीश सोनी, गणेश यादव, भावेश चौहान, मनोज यादव, सुनील, प्रमोद, राजकुमार, रवि साहू, शुभम चिंचुलकर उपस्थित थे।

आयोजन : महिलाओं को अपने हुनर को पहचान दिलाने और उसे व्यवसाय में बदलने का अवसर है : कौशल्या साय

महिला उद्यमिता को मिला भव्य मंच, मेरे सपनों का आँगन महोत्सव संपन्न

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़, जिला दुर्ग महिला चैंबर द्वारा महेश कॉलोनी पुलगांव चौक दुर्ग में आयोजित दो दिवसीय मेरे सपनों का आँगन महिला उद्यमिता महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन ने महिला उद्यमियों, गृहणियों एवं स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को अपने उत्पाद, हुनर एवं व्यवसाय को प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कौशल्या देवी साय, विशिष्ट अतिथि सरोज पांडेय (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा), विशेष अतिथि विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं चैंबर पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी एवं महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इला गुप्ता ने की।

मुख्य अतिथि कौशल्या साय ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता पर बल देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को अपने हुनर को पहचान दिलाने और उसे व्यवसाय में बदलने का अवसर देते हैं। सरोज पांडेय ने कहा कि महिला उद्यमिता प्रदेश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वहीं सतीश थोरानी ने महिला उद्यमियों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। डॉ. इला गुप्ता ने कहा कि यह मंच महिलाओं के आत्मविश्वास और प्रतिभा को नई पहचान देने का माध्यम बना है।

महोत्सव में फैशन एवं एथनिक परिधान, ज्वेलरी, होम डेकोर, फूड एवं बेकरी, हस्तनिर्मित उत्पाद एवं आर्ट-क्राफ्ट सहित विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जिन्हें शहरवासियों का अच्छा प्रतिसाद मिला। आकर्षण का केंद्र रहे लकी ड्रॉ में डायमंड रिंग प्रथम पुरस्कार के रूप में दी गई, जबकि अन्य विजेताओं को चांदी के सिक्के, कैश प्राइज एवं डिस्काउंट कूपन प्रदान किए गए। हाऊजी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन में उत्साह का वातावरण बनाए रखा।

आयोजन के संयोजक अनूप गटागट एवं डॉ. मानसी गुलाटी सहित चैंबर के पदाधिकारियों, महिला विंग एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा। आयोजन के अंत में सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं शहरवासियों का आभार व्यक्त किया गया।

आयोजकों ने बताया कि मेरे सपनों का आँगन केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि महिलाओं के सपनों को साकार करने की दिशा में एक सशक्त पहल है, जिसे आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शिव चंद्राकर, अशोक राठी, प्रहलाद रूंगटा, किशोर जैन, जिला अध्यक्ष कमलेश वैद, मनोज अग्रवाल, जवाहर जैन, संजय खंडेलवाल, मेंहदी भाई, दिनेश टावरी, आनंद जैन, आनंद अग्रवाल, अटल गोदवानी, आदित्य चंद्राकर, बहादुर अली थारानी, अरुण दुग्गड़, सुदीप अग्रवाल, उत्तम भंडारी, आशीष सक्सेरिया, सतीश समर्थ, विपुल साहू, संदीप अग्रवाल, दिलीप मारुति, महिला विंग की जिला महामंत्री नीतू श्रीवास्तव, प्रीति खरे, रूपलता साहू, प्रियंका जैन, दीना सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

जिले में डेंगू नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम मुस्तैद

■ भिलाई सेक्टर-7 में मिला मरीज हुआ डिस्चार्ज

भिलाई/नवप्रदेश। वर्षा ऋतु के दौरान वेक्टर जनित बीमारियों, विशेषकर डेंगू के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीमों द्वारा रोकथाम एवं नियंत्रण के उपाय तेज कर दिए गए हैं। हाल ही में भिलाई के सेक्टर-7 क्षेत्र में डेंगू का एक संभावित मामला सामने आया था। मरीज को बीते 4 अगस्त को बुखार की शिकायत के बाद श्री शंकराचार्य अस्पताल जूनवानी में भर्ती कराया गया था। 8 अगस्त 2026 को एलिसा टेस्ट रिपोर्ट में डेंगू की पुष्टि होने के बाद मरीज का त्वरित उपचार किया गया। वर्तमान में मरीज की स्थिति सामान्य है और उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन तथा जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रश्मि ग्लैड एवं जिला सर्वेलेंस अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे के नेतृत्व में प्रभावित क्षेत्र में सघन नियंत्रण अभियान चलाया गया। इसके तहत जनस्वास्थ्य विभाग, नगर निगम भिलाई और स्वास्थ्य विभाग दुर्ग के अमले द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में घर-घर जाकर एंटी-लार्फिंग/एंटी-लार्वा ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसमें कूलर, पानी की टंकियों और जमा पानी में टेमिफास डालकर एडिज मच्छर के लार्वा को नष्ट किया जा रहा है। इसके साथ ही वयस्क मच्छरों को खत्म करने के लिए कीटनाशक मैलिथियान का छिड़काव किया जा रहा है और सुबह 5 से 7 बजे तथा शाम 5 से 8 बजे के बीच फॉगिंग का कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता से डेंगू से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की है। विभाग ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपने घर, छत और आसपास साफ-सफाई बनाए रखें तथा पानी जमा न होने दें। सप्ताह में कम से कम एक दिन 'ड्राय डे' मनाएं और जल-जमाव वाले बर्तनों व कूलरों की सफाई करें। मच्छरों से बचाव हेतु पूरी बाँह के कपड़े पहनने, मच्छरदानी का प्रयोग करने और बुखार या डेंगू के लक्षण दिखने पर बिना डॉक्टर की सलाह दवा न ले।

बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता सेवाओं को मजबूत करने पर जोर

■ मुख्य सचिव ने बच्चों के लिए स्वास्थ्य कार्यक्रमों को लेकर यूनिसेफ और विभिन्न विभागों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली

■ जिलों में पोषण कार्यक्रमों के विस्तार पर हुई चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव विकासशील ने सोमवार को मंत्रालय में राज्य में बच्चों के लिए चलाए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों को लेकर यूनिसेफ और राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी की बैठक ली।बैठक में राज्य में बच्चों के लिए पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, साफ-सफाई और स्वच्छता सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाये जाने के लिए विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बच्चों में कुपोषण, एनीमिया, विकास में देरी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बच्चों के स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत आवश्यक माइक्रोन्यूट्रिएंट्स, फोलेट, विटामिन, बी-12 और जिंक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यूनिसेफ और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर, एनीमिया नियंत्रण, कुपोषण और बाल विवाह जैसी समस्याओं की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

इसके साथ ही राज्य के किसानों तक विविध एवं पोषक तत्वों से भरपूर फसलों और दालों की पहुंच बढ़ाने के लिए अच्छे बीजों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए जोर दिया गया। बैठक में बताया गया कि राज्य में एंटी-मलेरिया अभियान के चलते मलेरिया के रोगियों में उल्लेखनीय कमी आयी है। बच्चों में एनीमिया की स्थिति के बारे में चर्चा हुई। इसके तहत बस्तर में बच्चों मे एनीमिया से निपटने विशेष स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाए जा रहे है। मुख्य सचिव ने सभी जिलों में बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय, जमीन स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन और लोगों तक जरूरी सेवाएं पहुंचाने के निर्देश दिए है।

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव शहला निगार, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव अमित कटारिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव अब्दुल कैसर हक, गृह विभाग की सचिव श्रीमती नेहा चंपावत, आयुक्त समग्र शिक्षा किरण कौशल सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की क्षमता बढ़ाने की जरुरत पर जोर

अधिकारियों और यूनिसेफ की संयुक्त बैठक में बच्चों के कम्यूनिटी मैनेजमेंट का सभी जिलों तक विस्तार करने, विकलांगता वाले बच्चों के माता-पिता को खानपान संबंधी सहायता उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। बैठक में टेक होम राशन की गुणवत्ता और प्रभावशीलता बढ़ाने के साथ-साथ घर पर पोष्टिक भोजन और बच्चों को भोजन खिलाने की बेहतर पद्धतियों को बढ़ावा देने के संबंध में जानकारी दी गई। अनाज, दाल, फल्लियों की उपलब्धता ग्राम पंचायत स्तर पर अनाज बैंक की अवधारणा पर भी चर्चा हुई।

न्यूज गैलरी

पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 24 मामलों में अवैध शराब, चाकू और एमडी ड्रग्स जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में 9 और 10 अगस्त की दरम्यानी रात पुलिस ने अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कई मामले दर्ज किए। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार तेलीबांधा, गुढ़ियारी, पुरानी बस्ती, डीडी नगर, राजेंद्र नगर, टिकरापारा, खमतराई, मुजगहन और गांज थाना क्षेत्रों में मारपीट, धमकी, सड़क दुर्घटना, अवैध शराब, सार्वजनिक स्थान पर शराबखोरी, अवैध हथियार और मादक पदार्थ से जुड़े कुल 24 प्रकरण सामने आए। गांज थाना क्षेत्र में पुलिस ने सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए तेलघानी नाका ओवरब्रिज के नीचे एक आरोपी के कब्जे से 106.19 ग्राम एमडीएम ड्रग्स, जिसकी अनुमानित कीमत 12 लाख 7 हजार 428 रुपये बताई गई है, बरामद की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर नारकोटिक्स अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में सीएसईबी मैदान, कलिंग नगर से एक आरोपी के कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया गया। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में भी लालपुर इलाके से एक आरोपी को अवैध चाकू के साथ पकड़ा गया। दोनों मामलों में आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। अवैध शराब के खिलाफ भी पुलिस ने कई स्थानों पर कार्रवाई की। गुढ़ियारी में गोगांव पानी टंकी के पास तीन अलग-अलग मामलों में ठेलों पर लोगों को अवैध रूप से शराब पिलाने के आरोप में कार्रवाई की गई। खमतराई थाना क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट नगर रावाभाठा और शराब भट्ठी के पास तीन मामलों में अवैध रूप से शराब पिलाने के प्रकरण दर्ज किए गए। इसके अलावा डीडी नगर और मुजगहन थाना क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते पाए गए लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। अपराध के अन्य मामलों में तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एप्टीवी क्लब की पहली मंजिल की लोहे की रेलिंग गिरने से एक व्यक्ति के दोनों हाथों में चोट आने का मामला दर्ज किया गया।

हरेली पर बुधवार को शासकीय अवकाश

रायपुर/नवप्रदेश। अगस्त के महीना स्कूली बच्चों के लिए खुशियां लेकर आया है। इस महीने हर सप्ताह बच्चों एक सार्वजनिक अवकाश की सौगात? मिलने वाली है। इसकी शुरुआत 12 अगस्त से हो रही है। बता दें कि इसी सप्ताह स्वतंत्रता दिवस भी मनाएं जाएंगे। इसके अलावा आने वाले दिनों में भी रक्षा बंधन समेत कई पर्व व त्योहार इस महीने मनाएं जाएंगे। इसे लेकर शासकीय अवकाश की घोषणा हुई है। ऐसे में इस छुट्टी का इस्तेमाल कर अपने परिवार व दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकते हैं। आने वाले बुधवार यानी 12 अगस्त को छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार हरेली तिहार मनाया जाएगा। इस दिन को पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। मुख्यमंत्री निवास में विशेष आयोजन होते हैं। वहीं पर्व को लेकर प्रदेशभर में छुट्टी घोषित हुई है। इस दिन प्रदेशभर के शासकीय और प्राइवेट स्कूल समेत सभी कॉलेज, सरकारी दफ्तर व बैंक बंद रहेंगे। इसे लेकर आदेश जारी हुआ है।

मिनीमाता की पुण्यतिथि पर 11 अगस्त को न्यू बस स्टैंड पंडरी में पुष्पांजलि कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की महान समाजसेविका एवं जननेता मिनीमाता की पुण्यतिथि के अवसर पर 11 अगस्त 2026, मंगलवार को राजधानी रायपुर के न्यू बस स्टैंड पंडरी स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष सुबह 11 बजे पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थितजन मिनीमाता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करेंगे। कार्यक्रम को लेकर रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में संबंधित जोन क्रमांक-2 के सहयोग से न्यू बस स्टैंड स्थित मिनीमाता की प्रतिमा और आसपास के परिसर की विशेष साफ-सफाई कराई जाएगी। इसके साथ ही प्रतिमा स्थल की पुष्प सज्जा सहित कार्यक्रम के लिए अन्य आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएंगी। पुण्यतिथि कार्यक्रम में मिनीमाता के सामाजिक योगदान, समाज सुधार और जनसेवा के क्षेत्र में उनकी भूमिका को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। नगर निगम द्वारा कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने की तैयारी की जा रही है।

दिल्ली के मंच पर जीवंत हुई छत्तीसगढ़ की पंडवानी परंपरा

■ इंडिया हैबिटेट सेंटर में छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा का रंग, पंडवानी ने बांधा समां

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की पंडवानी को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के प्रतिष्ठित सांस्कृतिक मंच इंडिया हैबिटेट सेंटर में अपनी पूरी जीवंतता के साथ प्रस्तुत किया गया। महान पंडवानी कलाकार और पद्म विभूषण से सम्मानित स्वर्गीय तीजन बाई की स्मृति को समर्पित विशेष प्रस्तुति के साथ आईएचसी लोक संगीत सम्मेलन 2026 का शुभारंभ हुआ। पंडवानी की इस प्रस्तुति ने छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा को दिल्ली के सांस्कृतिक परिदृश्य में एक बार फिर प्रमुखता से सामने रखा।

तीजन बाई के योगदान को याद किया

इस प्रस्तुति का केंद्र तीजन बाई की कला यात्रा और पंडवानी को मिली राष्ट्रीय पहचान रही। छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा से निकली पंडवानी को देश और दुनिया के बड़े मंचों तक पहुंचाने में तीजन बाई का योगदान असाधारण रहा। उन्होंने अपनी विशिष्ट शैली से पंडवानी को नई पहचान दी और इसे भारतीय लोक प्रदर्शन कलाओं की प्रमुख विधाओं में स्थापित किया। तीजन बाई को समर्पित प्रस्तुति के जरिए उनके कला जीवन और छत्तीसगढ़ की उस परंपरा को याद किया गया, जिसमें कथावाचन केवल मनोरंजन नहीं बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही सांस्कृतिक स्मृतियों और जीवन मूल्यों को आगे बढ़ाने का माध्यम रहा है। इंडिया हैबिटेट सेंटर के निदेशक प्रो. (डॉ.) के.जी. सुरेश ने कहा कि भारत की लोक कलाएं देश की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनमें पीढ़ियों से चली आ रही कहानियां, परंपराएं और मूल्य सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि लोक कलाकारों और परंपराओं को राष्ट्रीय राजधानी में मंच देना इन विरासतों को व्यापक दर्शकों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है।

छत्तीसगढ़ की इस विशिष्ट लोक शैली की ताकत पंडवानी

इंडिया हैबिटेट सेंटर के स्टाइन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में पंडवानी कलाकार प्रभा यादव ने पारंपरिक संगीतकारों के साथ प्रस्तुति दी। महाभारत की कथाओं पर आधारित पंडवानी में कथा, गायन, संवाद, लय और अभिनय का ऐसा संयोजन देखने को मिला, जिसने छत्तीसगढ़ की इस विशिष्ट लोक शैली की ताकत और व्यापकता को सामने रखा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार के प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश की कला और संस्कृति से जुड़े प्रमुख व्यक्तित्व भी उपस्थित रहे। वरिष्ठ पत्रकार एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के सलाहकार आर. कृष्ण दास, धरसींवा विधायक एवं प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार अनुज शर्मा, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव तथा सांस्कृतिक कार्यकर्ता ने कार्यक्रम में भाग लिया। इंडिया हैबिटेट सेंटर के निदेशक प्रो. (डॉ.) के.जी. सुरेश और अन्वेषा कला केंद्र की सचिव अन्वेषा ब्रह्मा भी इस अवसर पर मौजूद रहीं।

भारत की लोक परंपराओं में सदियों का इतिहास पंडवानी

धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि पंडवानी छत्तीसगढ़ की पहचान का महत्वपूर्ण लोक कला है। तीजन बाई ने इसे गांवों से निकालकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में इस परंपरा का सम्मान होना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है। अन्वेषा कला केंद्र की सचिव अन्वेषा ब्रह्मा ने कहा कि पंडवानी भारत की लोक परंपराओं में सदियों का इतिहास, सामूहिक स्मृति और जीवन-दर्शन सुरक्षित है। ऐसे आयोजन इन परंपराओं को नए दर्शकों और नई पीढ़ी से जोड़ने का काम करते हैं।

सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से पूरन दास को मिली बड़ी राहत

■ 3 किलोवाट सोलर रूफटॉप प्लांट से बिजली बिल 5000 रु से घटकर 1000 रु से कम, स्वच्छ ऊर्जा को दिया बढ़ावा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना जिले के लोगों के लिए बिजली खर्च में राहत के साथ स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने का प्रभावी माध्यम बन रही है। इसी क्रम में खैरागढ़ जिले के विकासखंड छुईखदान के ग्राम टिकरीपारा निवासी पूरन दास मानिकपुरी ने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित कर सौर ऊर्जा को अपनाया है। पूरन दास मानिकपुरी ने बताया कि सोलर प्लांट स्थापित करने से पहले उनके घर का मासिक बिजली बिल लगभग 5 हजार रुपये आता था। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर रूफटॉप प्लांट लगने के बाद अब उनका बिजली बिल 1 हजार रुपये से भी कम रह गया है। इससे उन्हें हर महीने बिजली खर्च में बड़ी आर्थिक बचत हो रही है। सौर ऊर्जा के उपयोग से न केवल बिजली खर्च में कमी आई है, बल्कि मानिकपुरी स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में भी योगदान दे रहे हैं। घर की छत पर स्थापित 3 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप प्लांट उन्हें बिजली की जरूरत पूरी करने में मदद कर रहा है और पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता भी कम हुई है।

दूसरों को भी कर रहे प्रेरित

योजना से मिले लाभ से उत्साहित पूरन दास मानिकपुरी अब अपने आसपास के लोगों को भी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वे लोगों से अपने घरों में सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित कर बिजली की बचत के साथ स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने की अपील कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से पूरन दास मानिकपुरी की यह पहल आर्थिक बचत, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आई है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा राज्य भर में औषधि प्रतिष्ठानों के लाइसेंस, क्रय-विक्रय अभिलेख, बिल/चालान, स्टॉक रजिस्टर, नियंत्रित एवं स्वापक/मनःप्रभावी औषधियों से संबंधित रिकॉर्ड तथा औषधियों के क्रय स्रोत एवं वितरण श्रृंखला की विशेष रूप से जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर औषधियों की जब्ती, नमूना संकलन, कारण बताओ सूचना, प्रशासनिक कार्रवाई तथा अनुज्ञप्ति निलंबन जैसी कार्रवाई की जा रही है।

बिलासपुर जिले के ग्राम खमरिया, विकासखंड तखतपुर में बिना वैध औषधि अनुज्ञप्ति के औषधियों के भंडारण की सूचना पर औषधि निरीक्षकों की टीम द्वारा कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान 36 प्रकार की औषधियां पाई गई, जिन्हें जब्त कर प्रकरण

तैयार किया गया। जब्त औषधियों के नमूने गुणवत्ता परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। इसी क्रम में ब्लड डोनेशन कैंप तथा ब्लड सेंटर, तखतपुर का भी निरीक्षण किया गया। जशपुर जिले में प्राप्त शिकायत के आधार पर मां भगवती मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परिसर में मरीज का उपचार, इंजेक्शन अथवा ड्रिप्स लगाए जाने जैसी गतिविधियां नहीं पाई गई, हालांकि औषधि नियमों से संबंधित अनियमितता पाई गई। संबंधित प्रतिष्ठान को कारण बताओ सूचना जारी कर स्पष्टीकरण प्राप्त किया गया।

रायपुर में शुरू हुई 'XTRALITE NOW' एलपीजी सेवा

■ बुकिंग के 180 मिनट के भीतर मिलेगी डिलीवरी

रायपुर/नवप्रदेश। उपभोक्ताओं को तेज, सुविधाजनक और आधुनिक एलपीजी सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने रायपुर में 'XTRALITE NOW' नाम से 10 किलोग्राम क्षमता वाले कम्पोजिट एलपीजी सिलेंडर की सेवा शुरू की है। इस नई व्यवस्था के तहत ग्राहक द्वारा रिफिल बुक किए जाने के बाद अधिकतम 180 मिनट के भीतर एक्सप्रेस डिलीवरी उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है।

रायपुर में इस सेवा का शुभारंभ 4 अगस्त 2026 को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर मंडल के एलपीजी प्रमुख श्री मोहम्मद आमीन ने इंडेन वितरकों एवं उपभोक्ताओं की उपस्थिति में किया। फिलहाल यह सुविधा देवेंद्र नगर स्थित आकाश गैस सर्विस एवं बाकी सभी गैस एजेंसी में भी उपलब्ध कराई जा रही है। गुरुवार से रायपुर के साथ-साथ भिलाई और दुर्ग शहर के सभी इंडेन वितरकों के माध्यम से भी यह सुविधा उपलब्ध होने की जानकारी दी गई है।

कंपनी के अनुसार, यह सेवा विशेष रूप से शहरी परिवारों, छोटे परिवारों, कामकाजी पेशेवरों और ऐसे उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जो एलपीजी की तेज और सुविधाजनक आपूर्ति चाहते हैं। यदि उपभोक्ता रेगुलेटर लेना चाहते हैं तो इसके लिए ?250 तथा लागू तस्त्र अतिरिक्त देय होगा। वहीं, होज़ पाइप की कीमत ?190 निर्धारित की गई है। इंडियन ऑयल के ग्राहक Indian Oil ONE ऐप तथा कंपनी की आधिकारिक ग्राहक वेबसाइट के माध्यम से नए कनेक्शन के लिए पंजीकरण करने के साथ-साथ एलपीजी रिफिल की बुकिंग भी कर सकते हैं।कंपनी के मुताबिक एक्सप्रेस डिलीवरी सुविधा इंडेन के डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क तथा चयनित इंडियन ऑयल रिटेल आउटलेट्स के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। उपभोक्ताओं को एक्सप्रेस डिलीवरी के अलावा अपनी सुविधा के अनुरूप पसंदीदा समय पर सिलेंडर प्राप्त करने का विकल्प भी उपलब्ध कराया जाएगा।

एक कनेक्शन के लिए 4,852.50 का प्रारंभिक भुगतान

रायपुर में 10 किलोग्राम के XTRALITE NOW कम्पोजिट एलपीजी सिलेंडर के नए कनेक्शन के लिए ?3,186 की सिक्योरिटी राशि निर्धारित है, जबकि एक रिफिल की कीमत ?1,666.50 है। इस प्रकार नए कनेक्शन के लिए सिलेंडर और प्रथम रिफिल सहित कुल ?4,852.50 का भुगतान करना होगा।

महाराष्ट्र मंडल की अंताक्षरी स्पर्धा का श्री शिवाय विजेता

■ मैराथन संगीतमय प्रतियोगिता में शाइनिंग स्टार उप विजेता, मल्हार ग्रुप को तीसरे स्थान पर करना पड़ा संतोष

रायपुर/नवप्रदेश। फीफा वर्ल्ड कप 2026 में तीन जुलाई को मियामी स्टेडियम में खेले गए अर्जेंटिना-कप वर्डे के यादगार मैच को कोई कैसे भूल सकता है। इस 90 मिनट के मैच में पूर्व विश्व कप विजेता अर्जेंटिना नामालूम से केप वर्डे टीम के सामने 84वें मिनट तक दो गोल से पीछे चल रही थी। तब किसी ने नहीं सोचा था कि अर्जेंटिना टीम यह मैच जीत जाएगा। लेकिन 85वें मिनट, 91वें मिनट और अतिरिक्त समय के 111वें मिनट में अर्जेंटिना ने विजयी गोल करके यह मैच जीता। इसी तर्ज पर महाराष्ट्र मंडल की संत ज्ञानेश्वर सभागृह में हुई अंताक्षरी स्पर्धा के फाइनल मैच में हुआ, जिसमें सातवें और अंतिम राउंड तक चौथे स्थान पर चल रहे शिवाय ग्रुप ने बाजी पलट कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। विजेता शिवाय ग्रुप को अध्यक्ष अजय मधुकर काले और सचिव चेतन दंडवते ने विनर कप, नकद, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किया। उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल के जबरदस्त संचालन और क्रीड़ा समिति व कोराओके समिति के संयोजन में हुई अंताक्षरी स्पर्धा के फाइनल मैच में एक ऐसी ही स्थिति आई, जब तीन टीमें शिवाय, शाइनिंग और मल्हार ग्रुप के अंक 1000 पर थे। उसके दो गानों के बाद शिवाय ग्रुप 200 अंक अर्जित कर विजेता बन गया। इस टीम में लक्ष्मीदास दामा, सतीश बजाज, अपूर्वा वारे और दुर्गेश कुमार पुलो शामिल थे।

लगातार 13 घंटे चली स्पर्धा

अंताक्षरी प्रतियोगिता सुबह नौ बजे शुरू हुई थी। बगैर रुके मनोरंजक गीत-संगीतमय स्पर्धा लगातार 13 घंटे तक चलने के बाद रात 10 बजे पुरस्कार वितरण के साथ समाप्त हुई। रविवार को छुट्टी होने के कारण लोगों ने अंताक्षरी में अपना भरपूर समय दिया और उसे एंजाय किया। समूचे आयोजन में दीपक पात्रीकर, परितोष डोनगांवकर, प्रवीण क्षीरसागर, नवीन देशमुख, प्रशांत बक्षी, अजय पोतदार, भारती पलोसदकर, अंकिता किरवईवाले, डॉ. शुचिता देशमुख, सुमीत मोड़क, धनश्री पेंडसे, ओपी कटारिया, भूमिका दलाल, पवन ओगले, अतुल गद्रे, हेमंत मार्डीकर, मालती मिश्रा, नमिता शेष, श्रावणी मुकादम, सुधीर जाऊलकर, पल्लवी मुकादम सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने अपनी मैराथन सेवाएं दीं।

फाइनल में हर राउंड में पलटा पासा

सुबह नौ बजे से छह राउंड में विजयी छह टीमों झंकार बीट्स ग्रुप, श्री शिवाय ग्रुप, छावा ग्रुर, चार चुतर नर ग्रुप, शाइनिंग स्टार, मल्हार ग्रुप के बीच फाइनल मैच हुआ। फाइनल में शुरुआती तीन राउंड सामान्य रहे और अंक भी लगभग बराबर ही थे। चौथे राउंड के बाद शाइनिंग स्टार ग्रुप ने अपने ग्रुप से 400 अंकों की बढ़त बना ली। छठवें राउंड में पीछे चल रहे मल्हार ग्रुप ने एकतरफा प्वाइंट लेते हुए 400 अंक बटोरे और अंक तालिका के द्वितीय स्थान पर अपना स्थान बनाया। सातवें राउंड ने पूरी तरह पासा पलट दिया। स्पर्धा के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान से भी बाहर नजर आ रही श्री शिवाय की टीम ने ऐसा यू-टर्न लिया कि स्पर्धा अपने नाम कर लिया।

छत्तीसगढ़ में बाढ़ से निपटने की तैयारी तेज, 20 को मॉकड्रिल

■ 18 अगस्त को राज्य स्तरीय टेबल-टॉप एक्सरसाइज, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एक उच्चस्तरीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में संभावित बाढ़ आपदा से निपटने और पूर्व तैयारियों को पुख्ता करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एक उच्चस्तरीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि प्रदेश में आपदा प्रबंधन की वास्तविक क्षमताओं और अंतर-विभागीय समन्वय को परखने के लिए 18 अगस्त को राज्य स्तरीय टेबल-टॉप एक्सरसाइज और 20 अगस्त को व्यापक मॉक एक्सरसाइज (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया जाएगा।

कॉन्फ्रेंस के दौरान बाढ़ के समय विभिन्न विभागों की सक्रिय भूमिका और समन्वय पर विस्तृत समीक्षा की गई। आपदा के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लोक निर्माण, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (क्काश्च) तथा पशुपालन विभाग द्वारा की जाने वाली त्वरित कार्यवाहियों का खाका तैयार किया गया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में नगर सेना, अग्निशमन, नागरिक सुरक्षा, पुलिस मुख्यालय, रायपुर रेल मंडल (DRM), स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के निदेशक, दूरसंचार, विज्ञान केंद्र और औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग सहित पंचायत, ऊर्जा, परिवहन और खाद्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। प्रदेश के सभी जिलों के अधिकारी इस कॉन्फ्रेंस में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे।

अभिषेक बनर्जी को विदेश जाने की इजाजत

आंखों के इलाज के लिए 3 हफ्ते की राहत; SC ने लगाई ये शर्तें

कोलकाता/ए.। तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी को आंखों के इलाज के लिए विदेश जाने की सुप्रीम कोर्ट ने इजाजत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें तीन हफ्ते के लिए विदेश यात्रा की अनुमति दी है। हालांकि, कोर्ट ने इसके लिए कुछ शर्तें भी तय की हैं।

CJI सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने अभिषेक बनर्जी की उस अपील पर सुनवाई की, जिसमें उन्होंने कलकत्ता हाई कोर्ट के 5 अगस्त के आदेश को चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने उन्हें आंखों के इलाज के लिए विदेश जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि अभिषेक बनर्जी सिर्फ अपने डिप्लोमैटिक पासपोर्ट पर विदेश यात्रा कर सकेंगे। इसके अलावा उन्हें अपनी यात्रा का पूरा कार्यक्रम यानी इटिनरेरी और विदेश में ठहरने की जगह की जानकारी जांच एजेंसी को देनी होगी। बनर्जी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कोर्ट को बताया कि फिलहाल उनके पास सिर्फ डिप्लोमैटिक पासपोर्ट है। यह पासपोर्ट उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विदेशों में संपर्क अभियान के लिए जारी किया गया था।

बंगाल सरकार ने किया याचिका का विरोध

सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने अभिषेक बनर्जी को विदेश जाने की अनुमति देने का विरोध किया। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि अभिषेक बनर्जी के खिलाफ16 मामले हैं और आशंका है कि अगर उन्हें विदेश जाने दिया गया तो वह वापस नहीं लौट सकते। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य की इस दलील को स्वीकार करने में अनिच्छा जताई।

गृह मंत्री अमित शाह के बयान तक जारी रहेगा विरोध : प्रियंका

नई दिल्ली/ए.। विपक्ष और 'इंडिया' गठबंधन के घटक दल पिछले कुछ दिनों से दिल्ली के जंतर-मंतर पर 20 जुलाई को प्रदर्शनकारी छात्रों पर हुई कथित पुलिस बर्बरता, लाठीचार्ज और आंसू गैस के इस्तेमाल के मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह के सदन में जवाब की मांग कर रहे हैं। संसद के मानसून सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच जारी गतिरोध के बीच कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया कि जब तक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सदन में आकर अपना बयान नहीं देते, तब तक यह गतिरोध समाप्त नहीं होगा। संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा, मुझे लगता है कि जब तक गृह मंत्री संसद में बयान नहीं देते, तब तक यह गतिरोध जारी रहेगा।

विपक्ष और 'इंडिया' गठबंधन के घटक दल पिछले कुछ दिनों से दिल्ली के जंतर-मंतर पर 20 जुलाई को प्रदर्शनकारी छात्रों पर हुई कथित पुलिस बर्बरता, लाठीचार्ज और आंसू गैस के इस्तेमाल के मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह के सदन में जवाब की मांग कर रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अपने भविष्य के लिए सवाल पूछ रहे शांतिपूर्ण छात्रों पर गोलियां और लाठियां चलाई गईं। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री की चुप रहने की नीति हिंसा को उनकी मंजूरी दर्शाती है। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने भी बाहर संवाददाताओं से कहा कि जब तक गृह मंत्री दिल्ली में छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई पर बयान नहीं देते, तब तक संसद का गतिरोध खत्म करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। संसद के इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयकों को पेश किया जाना है, जिनमें विदेश अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक 2026 , परिसीमन और महिला आरक्षण विधेयक जैसे विषय शामिल हैं।

'पीएम और अमित शाह कमरों में बैठकर सब सुनते हैं'

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी और अमित शाह कमरों में बैठकर सब सुनते हैं। इसके बाद वह अपने लोगों को निर्देश देते हैं कि जैसे ही विपक्ष बोलने के लिए खड़ा हो, सदन में शोर मचाओ। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, बहुत दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि राज्यसभा में चेयरमैन भी हमें आवाज नहीं उठाने देते हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा, चेयरमैन पर भरोसा करके बैठ जाता हूं और फिर वे सदन स्थगित कर देते हैं। इधर सोमवार दोपहर लोकसभा में बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान सरकार और विपक्ष में सदन चलाने को लेकर सहमति नहीं बन पायी। सूत्रों के अनुसार खबर है कि सरकार छात्रों के मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। जबकि विपक्ष की ओर से अयोध्या में राम मंदिर चंदा चोरी के मुद्दे पर चर्चा की मांग हो रही है।

जयपुर में कांग्रेस का हल्लाबोल पुलिस ने चलाई वाटर कैनन

खाचरियावास का भजनलाल सरकार पर हमला

जयपुर। जयपुर नगर निगम के खिलाफ कांग्रेस की 'हिसाब मांगो रैली' सोमवार को जोरदार विरोध-प्रदर्शन में बदल गई। नगर निगम के घेराव के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग पार करने की कोशिश की। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास भी बैरिकेड पर चढ़ गए और भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। खाचरियावास ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, "पुलिस कितनी भी लगा लो, बैरिकेड लगा लो, लेकिन जनता की आवाज नहीं दबा सकते। जनता के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक जारी रहेगी।"

'पृथ्वीराज नगर में एक भी मकान टूटा तो...'

प्रदर्शन के दौरान खाचरियावास ने पृथ्वीराज नगर में प्रस्तावित कार्रवाई को लेकर सरकार को चेतावनी दी। उन्होंने कहा, ÷अगर पृथ्वीराज नगर में एक भी मकान टूटा तो मुख्यमंत्री को सिविल लाइंस से बाहर नहीं निकलने देंगे।÷ उन्होंने कहा कि कांग्रेस आम जनता के साथ खड़ी है और लोगों के घरों व अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर विधानसभा तक लड़ेगी। रैली जब नगर निगम की ओर बढ़ी तो पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान कई कांग्रेस कार्यकर्ता बैरिकेड पर चढ़ गए और आगे बढ़ने की कोशिश की।

बेंगलुरु में कई होटलों पर फूड सेफ्टी विभाग की छापेमारी, मिले डरावने हालात

बेंगलुरू/ए.। कर्नाटक के खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने बेंगलुरु के कई प्रमुख होटलों और रेस्तरां में व्यापक छापेमारी की है। इस कार्रवाई के दौरान मशहूर यूबी सिटी लग्जरी मॉल की 16वीं मंजिल पर स्थित पॉश 'स्काई लाउंज' पब की किचन को बंद कर सील कर दिया गया है। विभाग द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत कुल 132 किलोग्राम खराब व असुरक्षित खाद्य पदार्थ और 15 लीटर पुराना इस्तेमाल किया हुआ तेल जब्त कर नष्ट किया गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने बेंगलुरु शहरी जिले और बीबीएमपी क्षेत्रों में 30 विशेष टीमों का गठन कर 3-स्टार और 5-स्टार होटलों के साथ-साथ खाद्य आपूर्ति केंद्रों पर भी छापेमारी की। रॉयल चेन होटल से 50 किलो बत्तख का मांस और 5 किलो सड़ी हुई मछली जब्त की गई।

वर्ल्ड एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में भारत का अभियान तीन मेडल के साथ खत्म

नई दिल्ली/ए.। वर्ल्ड एथलेटिक्स अंडर 20 चैंपियनशिप में भारत का अभियान तीन मेडल के साथ खत्म हुआ। नेशनल सीनियर रिकॉर्ड होल्डर पूजा सिंह का प्रदर्शन महिलाओं की हाई जंप फाइनल में निराशाजनक रहा और वह सातवें स्थान पर रहीं। 19 साल की पूजा इस साल की शुरुआत में 1.93 मीटर का नेशनल सीनियर रिकॉर्ड बनाने के बाद इस प्रतियोगिता में एक मजबूत दावेदार के तौर पर उतरी थीं। हालांकि, फाइनल में वह केवल 1.84 मीटर ही पार कर सकीं। इसके बाद वह 1.87 मीटर की ऊंचाई पार करने की तीनों कोशिशों में नाकाम रहीं और प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

ऑस्ट्रेलिया की इजोबेल लुइसन-रो ने 1.92 मीटर की ऊंचाई पार करके गोल्ड मेडल जीता। हंगरी की लिलियाना बाटोरी और स्पेन की एताना अलोंसो ने क्रमशः सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल को अपने नाम किया ।इस सीजन की शुरुआत में पूजा का प्रदर्शन शानदार रहा था। उन्होंने मई में एशियन अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 1.93 मीटर का रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड मेडल जीता था। वह सीनियर एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मौजूदा चैंपियन भी हैं।

डीजीएफटी ने एक्सपोर्टर्स के लिए नियम किए आसान फिजिकल चालान जमा करने की जरूरत खत्म

नई दिल्ली/ए.। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड (DGFT) ने एक्सपोर्टर्स के लिए नियमों को और आसान बना दिया है। अब एडवांस ऑथराइजेशन और EPCG स्कीम के तहत एक्सपोर्ट ऑब्लिगेशन डिस्चार्ज सर्टिफिकेट के लिए आवेदन करते समय फिजिकल ड्यूटी पेमेंट चालान जमा करने की जरूरत नहीं रहेगी। इससे नियमों का पालन करने का बोझ कम होगा और एक्सपोर्टर्स की ट्रांजेक्शन कॉस्ट में बचत होगी। मंत्रालय ने सोमवार को घोषणा की कि यह सुविधा 1 अगस्त 2026 को या उसके बाद किए गए स्वैच्छिक ड्यूटी पेमेंट पर लागू होगी। रिलीज में साफ कहा गया, ÷1 अगस्त 2026 को या उसके बाद किए गए स्वैच्छिक ड्यूटी पेमेंट के लिए, एक्सपोर्टर्स को अब ऑथराइजेशन बंद करने के लिए अपने एप्लीकेशन के साथ फिजिकल चालान जमा करने की जरूरत नहीं होगी। अब एक्सपोर्टर्स DGFT कस्टमर पोर्टल पर वेरिफाइड पेमेंट डिटेल्स देख सकेंगे। आवेदन फाइल करने से पहले वे यह सुनिश्चित कर सकेंगे कि पेमेंट सही ऑथराइजेशन से जुड़ा है या नहीं। कस्टम्स/ICEGATE से मिले लाइसेंस-वाइज स्वैच्छिक ड्यूटी पेमेंट डेटा को DGFT के ऑनलाइन सिस्टम के साथ इंटीग्रेट कर दिया गया है। इससे संबंधित ऑथराइजेशन के मुकाबले पेमेंट का वेरिफाइड वेरिफिकेशन सीधे हो सकेगा। वेरिफाइड पेमेंट रिकॉर्ड DGFT के रीजनल अधिकारियों के लिए भी बैक ऑफिस के जरिए उपलब्ध होंगे। इससे मैनुअल वेरिफिकेशन की जरूरत काफी कम हो जाएगी।

भारत भाग्य विधाता' से 'केबीसी 18' तक; इस वीक लगेगा मनोरंजन का मेला

मुंबई। ओटीटी पर अगस्त का पहला वीक काफी शानदार रहा। 'मैं वापस आऊंगा' से लेकर 'ऑपरेशन सफेद सागर' तक, कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। आज सोमवार से एक नया सप्ताह शुरू हुआ है। इस बार भी पिटारे में काफी कुछ शानदार है। देखिए, क्या-क्या हैं विकल्प?

इस वीक का पहला शगुन 'केसीबी 18' है। क्विज रियलिटी शो का 18वां सीजन आज 10 अगस्त से शुरू हो रहा है।

नाम/परिवर्तन

मैं तिरथ कुमार सिन्हा (TIRATH KUMAR SINHA) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र गजानंद सिन्हा, निवासी- म.नं.-448, वार्ड नं.-37, आजाद वार्ड दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम तिरथ कुमार सिन्हा (TIRATH KUMAR SINHA) (पुराना नाम) से बदल कर तिरथ सिन्हा (TIRATH SINHA) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
तिरथ कुमार सिन्हा
सुपुत्र गजानंद सिन्हा
निवासी- म.नं.-448, वार्ड नं. 37 आजाद वार्ड दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104600095

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी नवीन उपाध्याय पिता/पति रामकुमार उपाध्याय पता दुर्गा मंदिर के पास के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 138/82(0.0110) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता ज्योति उपाध्याय पिता/पति स्व. नवीन उपाध्याय पता वार्ड नं. 53 सड़क नं. 04 बोरसी रोड विवेकानंद नगर दुर्ग, ना.बा. आदया उपाध्याय पिता/पति स्व. नवीन उपाध्याय पता वार्ड नं. 53 सड़क नं. 04 बोरसी रोड विवेकानंद नगर दुर्ग, ना.बा. अनुज उपाध्याय पिता/पति स्व. नवीन उपाध्याय पता वार्ड नं. 53 सड़क नं. 04 बोरसी रोड विवेकानंद नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.08.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.07.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-04 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.202607104100029 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लुकेश्वर पिता स्व. परसराम निवासी ग्राम मालूद तह. व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि खातेदार परसराम पिता गैंदलाल के नाम पर ग्राम मालूद प.ह.न. 03 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 366 रकबा 0.1200 हेक्टेयर भूमि एकल खाता/शामिल खाता में दर्ज है। खातेदार/सहखातेदार परसराम पिता गेंदलाल की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 20.08.2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/आक्षेप पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.08.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं दोनी बाई (DONI BAI) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता मदनलाल, उम्र 50 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 02, जय स्तम्भ चौक अर्जुन्दा, तहसील अर्जुन्दा, जिला बालोद (छ.ग.) जिसे अब तक दोनी बाई पिता मदनलाल ने अपना नाम बदल कर दामिनी टंडन (DAMINI TANDAN) पति कोजमदास टंडन (KOJAMDAS TANDAN) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
दोनी बाई पिता मदनलाल
निवासी वार्ड नं. 02, जय स्तम्भ चौक अर्जुन्दा, तहसील अर्जुन्दा
जिला बालोद (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं लेखराम (LEKHURAM) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता रामलाल, उम्र 55 वर्ष, निवासी ग्राम फुलझर, तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.) जिसे अब तक लेखराम पिता रामलाल ने अपना नाम बदल कर पवन कुमार (PAWAN KUMAR) पिता रामलाल (RAMLAL) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
लेखराम पिता रामलाल
निवासी ग्राम फुलझर तहसील
गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.)

आम-सूचना

यह कि मैं अधिकृत अधिवक्ता जयराम भागवानी (जिला न्यायालय दुर्ग) स्वतंत्र माइको हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमि. रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार यह सूचना प्रकाशित करता/करती हूँ कि मेरे पक्षकार कविराज सिंह सुदन पिता जितेन्द्र सिंह सुदन पता वार्ड नं. 39, राजनांदगांव (छ.ग) द्वारा दिये गये अधिकार उपरान्त विक्रेता सी.जी. गृह निर्माण मंडल रायपुर केता - सुरजीत सिंह पिता हरभजन सिंह निवासी कौरिनभाठा कॉलोनी राजनांदगांव (छ.ग.) मौजा-कौरिनभाठा कॉलोनी राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव के मकान नं. एच.आई.जी.- I/56 रकबा 153.345 वर्गमीटर 1650 वर्गफीट (सेल डीड) रजिस्ट्री दिनांक 31/03/2007 ग्रन्थ नं. 7054 पृष्ठ नं. 1-16 दस्तावेज नं. 6711, उप-पंजीयक राजनांदगांव की मूल रजिस्ट्री कहीं गुम हो गया है उक्त मूल रजिस्ट्री स्टाम्प का कोई दुरूपयोग ना करे अतएव आम जनता जो कि उक्त जमीन / मकान के संबंध में किसी प्रकार का स्वत्व: स्वामित्व रखता हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय मे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि अवसर पश्चात् किसी प्रकार की दावा आपत्ति शून्य एवं निष्प्रभावी होगा। सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रकाशित।

जयराम भागवानी
अधिवक्ता-जिला न्यायालय दुर्ग
प्लाट नं. 20 पेट्रोल पंप के बाजू में
न्यू आदर्श नगर दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9302838684

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 8)
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID - rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **34233** दिनांक **08.08.2026**
वार्ड का नाम- **70 - संत रविदास वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **70** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR870J00346** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ANITA LAKHA** पिता / पति श्री/श्रीमती **MUKESH LAKHA** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **SMT. POONAM KUMARI MEENA** पिता /पति श्री/श्रीमती **D/O SHRI MANGI LAL MEENA W/O SHRI BHUPENDRA KUMAR PANWAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्रीमति राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 8)
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID - rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **33977** दिनांक **03.08.2026**
वार्ड का नाम- **69 - माधवराव सप्रे वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **69** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR568B00548** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MANJU PRASAD CHOURSIYA** पिता / पति श्री/ श्रीमती **SHWETAMBAR PRASAD CHOURASIYA** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **SMT. PRIYANKA DEWANGAN** पिता /पति श्री/श्रीमती **SHRI CHUNNU LAL DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्रीमति राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **34175** दिनांक **07.08.2026**
वार्ड का नाम- **67 - भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **67** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR663I01672** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **LAKHESHWAR PRASAD VERMA** पिता / पति श्री/ श्रीमती **DILESHWAR PRASAD VERMA** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **ANUPAMA TIWARI** पिता /पति श्री/श्रीमती **LT. RAJENDRA PRASAD TIWARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्री खीरसागर नायक
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **34172** दिनांक **07.08.2026**
वार्ड का नाम- **67 - भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **67** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR663FH1301** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **CHHATISGARH PROJECT INDIA PRIVATE LTD** पिता / पति श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **KHUSHI SONKAR** पिता /पति श्री/श्रीमती **BHUSAN SONKAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्री खीरसागर नायक
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202608101200008 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जा है कि आवेदिका ऊषा प्रजापति आ./पति स्व. पंछीलाल निवासी ग्राम चिंगरी तह व जिला दुर्ग (छ.ग) के द्वारा ग्राम चिंगरी तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा न. 15 रकबा 0.20 हे. भूमि जो कि आवेदिका पिता पंछीलाल आ. दयाराम के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु दिनांक 19.04.2026 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.08.2026 तक स्वयं अथवा अपने के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.08.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
e-mail- eewrknk@cgwrd.in

// निविदा निरस्तीकरण सूचना //

क्रमांक/2523/व.ले.लि./2026-27 कांकेर, दिनांक 07/08/2026

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा **सिस्टम क्र. 195570** / निविदा सूचना क्र. **09/व.ले.लि./2026-27 दिनांक 20.07.2026** कार्य का नाम **कांकेर जिले के विकासखंड नरहरपुर की टूरी व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य का मरम्मत कार्य (राशि रूपये 1182.37 लाख) कार्य** हेतु **प्रथम आमंत्रण,** में तकनीकी त्रुटिवश निविदा अशुद्ध होने के फलस्वरूप निविदा निरस्त किया जाता है। जिसका प्रकाशन **जी.नं. 262702248** दिनांक 23.07.2026 है।

जी-262702655/8

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग कांकेर
जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 7)
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID - rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **34259** दिनांक **10.08.2026**
वार्ड का नाम- **25 - संत रामदास वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **25** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR819C00235** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAMESH CHANDRAKAR** पिता / पति श्री/ श्रीमती **HARI CHANDRAKAR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **SHIV CHANDRAKAR** पिता /पति श्री/श्रीमती **LATE RAMESH CHANDRAKAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **शपथ पत्र, सहमति पत्र** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
डॉ. तृप्ति पाणिग्रही
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार थानखम्हरिया, जिला बेमेतरा (छ.ग.)
// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र................ वर्ष 2025-26

आवेदक मेहतरु साहू पिता झिंगुट साहू जाति तेली निवासी ग्राम खैरझिटीकला तहसील थानखम्हरिया जिला बेमेतरा छ.ग. द्वारा ग्राम खैरझिटीकला प.ह.न. 16 स्थित भूमि ख.न. 60, 787, 74, 1198, 115/1, 1270, 325 रकबा क्रमशः 0.54, 0.35, 0.62, 0.38, 0.26, 0.66, 0.20 हे. कुल ख.न. 07 कुल रकबा 3.01 हे. कृषि भूमि भूमि जो आवेदक एवं आवेदक के भाई परेटन पिता झिंगुट के नाम से शामिलात खाते में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। परेटन पिता झिंगुट निसंतान था जिसकी मृत्यु दिनांक 30/10/2021 को हो गयी है। उक्त कृषि भूमि में मृतक परेटन पिता झिंगुट का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज होने से खाद बीज ऋण लेने में असुविधा हो रही है। इसलिए मृतक परेटन पिता झिंगुट का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर आवेदक द्वारा अपने नाम पर रिकार्ड दुरुस्त किए जाने आवेदन पेश किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में उपस्थित होकर उपरोक्त मामले की सुनवाई दिनांक 25/08/2026 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति कर सकते हैं बाद में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/08/2026 को न्यायालय की पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
थानखम्हरिया, जि.बेमेतरा

कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्रमांक / लो.क.वि./ 2026/1026 रिसाली दिनाँक 10/08/26

नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्रं.	कार्य का विवरण	सिस्टम टेंडर क्रं.	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा डाउन लोड करने की अंतिम तिथि
1	PUMPING ARRANGEMENT FOR SEWAGE OF TALPURI AREA TO EXISTING PUMPING STATION OF BSP. (3rd call)	197142	185.87	17.08.2026

(नोट :- ई टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 06.08.2026

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा **'डी' एवं अधिक श्रेणी** के ठेकेदारों के लिये आमंत्रित की जाती है।

एन.आई.टी क्र./ निविदा क्रं.	कार्य का नाम	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3	4
NIT NO. 178 Tender No.196921	लोक निर्माण विभाग संभाग बलौदाबाजार अंतर्गत उपसंभाग बलौदाबाजार, कसडोल एवं भाटापारा हेतु पेटी बाजार सामाग्री प्रदाय कार्य।	द्वितीय आमंत्रण दिनांक 20.08.2026	रू. 20.00 लाख
NIT NO. 179 Tender No.196922	लोक निर्माण विभाग संभाग धमतरी अंतर्गत उपसंभाग धमतरी हेतु पेटी बाजार सामग्री प्रदाय कार्य।		रू. 11.00 लाख
NIT NO. 180 Tender No.196923	लोक निर्माण विभाग संभाग धमतरी अंतर्गत उपसंभाग कुरुद हेतु पेटी बाजार सामग्री प्रदाय कार्य।		रू. 11.00 लाख
NIT NO. 181 Tender No.196924	लोक निर्माण विभाग संभाग महासमुंद अंतर्गत उपसंभाग क्र. 1 एवं क्र. 2 हेतु पेटी बाजार सामग्री प्रदाय कार्य।		रू. 15.00 लाख
NIT NO. 182 Tender No.196925	कसडोल अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य।	तृतीय आमंत्रण दिनांक 17.08.2026	रू. 10.31 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र बिड केपेसीटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

Credible Chhattisgarh

जी-262702650/2

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्र-2 (छ.ग.)

बेरला क्षेत्र में सिंचाई कार्यालय का अभाव, तांदुला जल संसाधन विभाग दुर्ग के भरोसे अन्नदाता

ब्लॉक व जिले में नहीं हैं तांदुला जल संसाधन विभाग दुर्ग का विभागीय कार्यालय व अधिकारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है और किसान देश के अन्नदाता हैं, लेकिन बेमेतरा जिले के बेरला क्षेत्र के किसानों को एक अदद पानी की समस्या के समाधान के लिए एक जिले से दूसरे जिले का सफर तय करना पड़ रहा है। बेरला विकासखंड के लगभग 115-120 गांवों का ग्रामीण क्षेत्र सिंचाई विभाग के तांदुला जल संसाधन विभाग दुर्ग के अंतर्गत आते हैं। विडंबना यह है कि इस विभाग का मुख्य कार्यालय बेरला ब्लॉक या बेमेतरा जिले में न होकर पड़ोसी जिले दुर्ग में स्थित है। स्थानीय स्तर पर कार्यालय न होने के कारण क्षेत्रवासी और किसान सालों से परेशान हैं।

बेरला के 100 में 90 पंचायतों का क्षेत्र तांदुला में: ज्ञात हो कि बेमेतरा जिले के बेरला ब्लाक में कुल 100 ग्राम पंचायत आते हैं, जिनमें से लगभग 85-90 ग्राम पंचायतों के 120 गांवों का क्षेत्र तांदुला जल संसाधन विभाग दुर्ग के अंतर्गत आता हैं। कुल 100 ग्राम पंचायतों में से मात्र 10-15 ग्राम पंचायतों के क्षेत्र ही बेमेतरा जिले में आते हैं।

नदियां हैं विभाजन रेखा: बेमेतरा जिलें के बेरला ब्लाक के ग्राम पंचायतों का विभाजन नदियों के द्वारा किया गया है। जिसके तहत बेमेतरा से बेरला मार्ग पर ग्राम अमोरा में स्थित शिवनाथ नदी के इस ओर बेमेतरा व उस ओर दुर्ग जिला में विभाजित किया गया है। वैसे ही कोदवा से बेरला मार्ग पर ग्राम परपोड़ा में स्थित शिवनाथ नदी के इस ओर बेमेतरा व उस ओर दुर्ग जिला में विभाजित किया गया है। बेमेतरा जिला क्षेत्र के ग्रामों में सिंचाई के लिए जल संसाधन विभाग बेमेतरा द्वारा कार्य किया जाता हैं, वहीं दुर्ग जिला क्षेत्र के ग्रामों में सिंचाई के लिए तांदुला जल संसाधन विभाग दुर्ग के द्वारा कार्य किया जाता हैं।

इस संबंध में विभाग से जानकारी लेकर पता करती हूं।
– **प्रतिष्ठा ममगाई**, कलेक्टर बेमेतरा

दफ्तरों के चक्कर में कट रहा किसानों का समय

बेरला क्षेत्र के लगभग 120 गांवों की कृषि भूमि और सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह से तांदुला विभाग दुर्ग के अधीन है। क्षेत्र में सिंचाई की नई सुविधाएं, नहरों व बांधों का निर्माण, संधारण (रखरखाव) और किसी भी कार्य की प्रशासनिक या तकनीकी स्वीकृति का पूरा जिम्मा दुर्ग कार्यालय के पास है। हालत यह है कि यदि किसी किसान को पानी की समस्या, नहर टूटने या सिंचाई से जुड़ी कोई छोटी सी भी शिकायत या आवेदन देना हो, तो उसे अपना काम-काज छोड़कर दुर्ग जाना पड़ता है।
किसानों का दर्द : 'फसल के समय जब पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तब अधिकारी स्थानीय स्तर पर मिलते नहीं। एक छोटे से आवेदन पर दस्तखत कराने के लिए हमें पूरा दिन और पैसा खर्च करके दुर्ग जाना पड़ता है। वहां भी साहब मिलेंगे या नहीं, इसकी कोई गारंटी नहीं होती।'

प्रमुख समस्याएं जो झेल रहे हैं क्षेत्रवासी

समय और पैसे की बर्बादी: बेमेतरा जिले के सुदूर गांवों से दुर्ग की दूरी तय करने में किसानों का भारी समय और पैसा बर्बाद होता है।
अधिकारियों से संपर्क का अभाव: स्थानीय स्तर पर कोई जिम्मेदार अधिकारी या कंट्रोल रूम न होने से आपात स्थिति (जैसे नहरों में पानी छोड़ना या रोकना) में किसानों की सुनवाई नहीं हो पाती।
विकास कार्यों में लेत-लतीफी: बेरला क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, नहरों की मरम्मत और नए निर्माण कार्यों की फाइलें दुर्ग कार्यालय में ही दबी रह जाती हैं।
क्षेत्रवासियों की मांग: बेरला में खुले उप-संभाग कार्यालय स्थानीय ग्रामीणों, प्रगतिशील किसानों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि किसानों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए तांदुला विभाग का एक उप-संभाग कार्यालय या कम से कम एक नोडल डेस्क बेरला ब्लॉक मुख्यालय में अनिवार्य रूप से खोला जाए।

बेरला खुद हैं एक बड़ा विकासखंड

जब बेरला खुद में एक बड़ा विकासखंड है, जहां कुल 100 ग्राम पंचायतें आती हैं, जिनमें से लगभग 85-90 ग्राम पंचायतों का क्षेत्र तांदुला जल संसाधन विभाग दुर्ग के अंतर्गत आता हैं, तो यहाँ के किसानों को अपने हक के पानी और सुविधाओं के लिए दूसरे जिले पर निर्भर क्यों रखा जा रहा है? अब देखना यह है कि शासन-प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कब तक संज्ञान लेता है और बेरला के अन्नदाताओं को इस मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना से कब मुक्ति मिलती है।

न्यूज गैलरी

मध्य प्रदेश से शराब तस्करी करते दो आरोपी बोलेरो सहित गिरफ्तार

खैरागढ़/नवप्रदेश। पुलिस लिखे बोलेरो वाहन मे मप्र से शराब तस्करी कर कोंडागांव ले जा रहे दो तस्करो को सूचना के बाद गातापार पुलिस ने धर दबोचा । पकड़ाए दोनो आरोपियो के कब्जे से पुलिस ने 25 पेटी मप्र निर्मित अंग्रेजी शराब गोवा और बोलेरो वाहन जप्त किया है । एएसपी रूपेश डांडे ने बताया कि मप्र के करंजा शराब दुकान से पुलिस लिखे वाहन मे अवैध शराब की तस्करी की सूचना के बाद गातापार पुलिस और साइबर सेल की मदद से मप्र की ओर से आ रहे बोलेरो की जांच की गई । बोलेरो मे 25 पेटी मप्र निर्मित गोवा शराब के साथ आरोपी अंकित नामदेव 35 वर्ष और सुभम सरकार 30 वर्ष दोनो बीएनके कालोनी कोंडागांव को पकड़ा गया । अवैध शराब की बड़ी खेप आरोपी कोंडागांव ले जा रहे थे।

शादी एप में विवाह का झांसा देकर युवती से ठगी का आरोपी गिरफ्तार

खैरागढ़/नवप्रदेश । मेटिमोनियल साइट जीवनसाथी एप मे आई डी बनाकर युवती को शादी का झांसा देकर 1 लाख 67 हजार रू की ठगी के आरोपी को पुलिस ने कोरबा से गिरफ्तार कर जेल भेजा है । एएसपी

रूपेश डांडे ने बताया कि छुईखदान थाना क्षेत्र की पीड़िता ने थाने मे इसकी शिकायत दर्ज कराते बताया था कि आरोपी रोहित यादव से जीवनसाथी एप मे विवाह संबंधी परिचय हुआ था । बातचीत के दौरान आरोपी रोहित द्वारा प्रार्थिया के व्यक्तिगत जानकारी एवं फोटो लेकर उसे वाइरल करने की धमकी देकर प्रार्थिया से फोन के माध्यम से जुलाई से अगस्त के बीच 1 लाख 67 हजार रू की ठगी की है। मामले मे छुईखदान पुलिस ने अपराध दर्ज कर धारा 308 -2 और 318 -4 के तहत कार्यवही करते पुलिस टीम आरोपी की तलाश मे भेजी गई थी। खोजबीन के बाद आरोपी रोहित यादव 31 वर्ष को पुलिस ने कोरबा मे गिरफ्तार किया। आरोपी मूलत बिलासपूर का रहने वाला है। आरोपी रोहित को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय मे पेश किया है।

जम्मू से लौटे आरोपी के घर पुलिस की दबिश, नाबालिग सकुशल बरामद

रायगढ़/नवप्रदेश।। एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान संवेदना के तहत पुसौर पुलिस ने करीब छह महीने से लापता 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने वाले 22 वर्षीय युवक को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफअपहरण एवं दुष्कर्म के मामले में भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार 16 वर्षीय नाबालिग 18 फरवरी 2026 को अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। परिजनों द्वारा आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। इसके बाद 22 फरवरी को थाना पुसौर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 40/2026, धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी।

संत ज्ञानेश्वर स्कूल के बच्चों ने मनाया सावन उत्सव

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय की मार्निंग असेंबली में सोमवार को सावन उत्सव सेलिब्रेट किया गया। प्री प्राइमरी के बच्चों ने भगवा रंग के कपड़े पहन भोलेनाथ का अभिषेक किया।

शिक्षिका अंजलि महाजन गुप्ता ने बच्चों को बताया कि शिवजी का अभिषेक कराने की सिलसिला कब और कैसे शुरू हुआ। अंजलि के अनुसार शिवजी को प्रसन्न करने, उनकी कृपा पाने और नकारात्मक ऊर्जा को शांत करने के लिए उनका अभिषेक किया जाता है। पौराणिक कथा में उल्लेख है कि समुद्र मंथन के समय विष (हलाहल) पीने से शिवजी का शरीर बहुत गर्म हो गया था। उनके शरीर के तापमान को शांत करने के लिए देवी-देवताओं ने उन पर जल और ठंडी चीजें अर्पित कीं। तभी से अभिषेक की परंपरा शुरू हुई। अपर्णा आठले ने जानकारी दी कि टिकेंद्र गोस्वामी और दिव्या साहू ने शिवभक्ति को समर्पित एक छोटी सी लघु नाटिका प्रस्तुत की, इसमें दोनों भोलेनाथ का अभिषेक किया। हाथों में कांवड़ लेकर टिकेंद्र और पूजा थाल लेकर पहुंची दिव्या ने सुंदर मंत्रोच्चार के साथ शिवजी का अभिषेक किया। ब्लू हाउस की असेंबली का संचालन मोक्ष साहू ने किया।

कभी नक्सलियों ने 123 स्कूलों को बनाया था निशाना, अब वहां गूंज रही बच्चों की किलकारी

नक्सलवाद का खात्मा: बस्तर के गांवों में लौट रही शिक्षा, 80 नए स्कूल खोलने का प्रस्ताव

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग में नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक बढ़त के साथ अब उन गांवों में शिक्षा व्यवस्था भी लौटने लगी है, जहां कभी नक्सलियों ने स्कूलों को निशाना बनाकर बच्चों को पढ़ाई से दूर कर दिया था। वर्ष 2005-06 में सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जिलों में नक्सलियों ने 123 स्कूलों को बम से उड़ा दिया था या आग के हवाले कर दिया था। इसके चलते लंबे समय तक इन क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा प्रभावित रही।

अब सुरक्षा स्थिति में सुधार के साथ इन्हीं इलाकों में बंद पड़े स्कूलों को फिर से शुरू किया जा रहा है। शिक्षा विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का नेटवर्क और मजबूत करने के लिए 80 नए स्कूल खोलने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। मंजूरी मिलने के बाद इन स्कूलों का निर्माण वीवीजी रामजी योजना के तहत किया जाएगा। नक्सली संगठन सरकारी स्कूलों को केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की मौजूदगी के प्रतीक के रूप में देखते थे।

स्कूलों में शिक्षक पहुंचते थे, बच्चों को शिक्षा मिलती थी और ग्रामीणों तक शासन की योजनाओं एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी पहुंचती थी। यही वजह थी कि नक्सलियों ने कई इलाकों में स्कूल भवनों को निशाना बनाया। स्कूल बंद होने का सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ा। गांव में स्कूल नहीं होने के कारण छोटे बच्चों को दूरस्थ क्षेत्रों में जाना पड़ता था। सुरक्षा एवं आवागमन की कठिनाइयों के चलते बड़ी संख्या में बच्चे लंबे समय तक नियमित शिक्षा से दूर रहे।

स्कूल खुला, व्यवस्था अधूरी

दो दशक पहले जिन स्कूल भवनों को नक्सलियों ने निशाना बनाकर शिक्षा व्यवस्था को कमजोर किया था,अब उन्हीं क्षेत्रों में बच्चों के लिए फिर से स्कूल खुल रहे हैं। स्कूल बंद होने के दौरान कई परिवारों ने बच्चों को छात्रावासों में भेजा,लेकिन यह व्यवस्था भी सभी बच्चों के लिए पर्याप्त नहीं थी। इससे बच्चों और उनके माता-पिता के बीच दूरी भी बढ़ी। अब सुरक्षा स्थिति बेहतर होने के बाद गांवों में स्कूलों की वापसी से ग्रामीणों में भी उत्साह है।

2024 में 41, 2026 में 52 बंद स्कूल फिर शुरू

शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक एचआर सोम ने रविवार को बताया कि बीजापुर में 35, सुकमा में 19, नारायणपुर में 25 और दंतेवाड़ा में एक बंद पड़े स्कूल को दोबारा शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में 41 स्कूलों में दोबारा पढ़ाई शुरू हुई, जिनमें 532 बच्चों ने प्रवेश लिया। वहीं वर्ष 2026 में 52 और लंबे समय से बंद स्कूलों को शुरू किया गया, जहां एक हजार से अधिक बच्चों ने दाखिला लिया है।

कलेक्टर के दौरे में ग्रामीणों ने की स्कूल खोलने की मांग

हाल ही में सुकमा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कलेक्टर के दौरे के दौरान ग्रामीणों ने स्कूल खोलने की मांग रखी थी। इसके बाद 80 नए स्कूल खोलने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह प्रस्ताव इस बात का संकेत भी है कि लंबे समय तक हिंसा से प्रभावित रहे इन क्षेत्रों में अब ग्रामीण शिक्षा को लेकर अपनी जरूरतें प्रशासन के सामने मजबूती से रख रहे हैं।

भखारा के सरकारी आईटीआई परिसर में आकार ले रहा 'ऑपरेशन सिंदूर उद्यान'

धमतरी/नवप्रदेश। शासकीय आईटीआई परिसर भखारा में पर्यावरण वानिकी मद से लगभग 31 लाख रुपए की लागत से विकसित किया गया 'ऑपरेशन सिंदूर उद्यान' अब अपने स्वरूप में निखरने लगा है। उद्यान में लगाए गए विभिन्न प्रजातियों के पौधे धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं और परिसर में हरियाली की सुंदर छटा दिखाई देने लगी है। कभी अपेक्षाकृत खाली नजर आने वाला परिसर अब हरे-भरे वातावरण और व्यवस्थित पौधरोपण के कारण आकर्षण का केंद्र बन रहा है। इस उद्यान का निर्माण पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार तथा नागरिकों और विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं प्राकृतिक वातावरण उपलब्ध कराने की दृष्टि से किया गया है। उद्यान में औषधीय, फलदार एवं छायादार प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। इनके विकसित होने के साथ ही परिसर में न केवल हरियाली बढ़ रही है, बल्कि भविष्य में यह स्थान विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों के लिए प्रकृति के निकट समय बिताने

तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का उपयोगी स्थल भी बनेगा। उल्लेखनीय है कि शासकीय आईटीआई भखारा परिसर में लगभग 31 लाख रुपए की लागत से निर्मित 'ऑपरेशन सिंदूर उद्यान' का लोकार्पण विगत अप्रैल माह में क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर द्वारा किया गया था। इसके साथ ही मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत लाइवलीहुड (भखारा-भठेली) केंद्र का उद्घाटन भी किया गया तथा युवाओं को प्रशिक्षण किट प्रदान की गई। इन पहलों के माध्यम से क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ युवाओं के कौशल विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता के अवसरों को भी बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है।

अब महिला जनप्रतिनिधियों के पति और रिश्तेदार नहीं बन पाएंगे प्रतिनिधि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने नगरीय निकायों में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के परिजनों को प्रतिनिधि या समन्वयक के रूप में नामित करने पर रोक लगा दी है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित की है। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ नगरपालिक (लोकसभा सदस्य, राज्य विधानसभा सदस्य या राज्यसभा सदस्य द्वारा प्रतिनिधि के रूप में नाम निर्देशन हेतु अर्हताएँ) नियम, 2022 में संशोधन करते हुए नया प्रावधान जोड़ा है।नियम 3 के बाद नया नियम 4 जोड़ा गया है, जिसके अनुसार-निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के पारिवारिक सदस्यों के प्रतिनिधियों के रूप में नामनिर्देशन पर प्रतिषेध - किसी भी नगरीय निकाय में, निर्वाचित

महिला जनप्रतिनिधि के पति, पुत्र, पुत्री, भाई, बहन अथवा किसी अन्य निकट पारिवारिक, सदस्य या नातेदार को उनके परोक्ष प्रतिनिधि अथवा समन्वयक व्यक्ति के रूप में नामनिर्दिष्ट अथवा नियुक्त नहीं किया जाएगा। यह संशोधन छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 तथा छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए किया गया है।

मधोता के बाद लामकेर में बाघ की आहट, बैल का शिकार

जंगल से लगे गांवों में बढ़ी दहशत, वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की दी हिदायत

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायत मधोता के बाद अब ग्राम पंचायत लामकेर के जंगल क्षेत्र में भी बाघ की मौजूदगी की आशंका से ग्रामीणों में दहशत है। लामकेर के जंगल में गत रात्रि एक बैल का जंगली जानवर द्वारा शिकार किए जाने की घटना सामने आई है।

सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। वन विभाग अधिकारी सूरज कुमार कश्यप के अनुसार,घटना स्थल पर मिले साक्ष्यों के आधार पर बैल का शिकार बाघ द्वारा किया गया है। उन्होंने ग्रामीणों को जंगल में अकेले नहीं जाने और विशेष सतर्कता बरतने की सलाह

दी है। इससे पहले मधोता के नकटामुंडा क्षेत्र में जंगली जानवर के पदचिन्ह मिलने से ग्रामीणों में चिंता बनी हुई थी। मधोता और लामकेर के जंगल आपस में जुड़े होने के कारण वन्यजीवों के आवागमन की संभावना बनी रहती है। अब लामकेर में बैल के शिकार की घटना सामने आने से ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है।

वर्तमान में खेती-बाड़ी का सीजन होने के कारण ग्रामीण सुबह से शाम तक खेतों में काम कर रहे हैं। कई खेत जंगल एवं झाड़ी वाले क्षेत्रों से लगे हैं। ऐसे में ग्रामीणों के लिए विशेष सावधानी जरूरी हो गई है।

मासाड़ी क्षेत्र में पंजों के निशान ने बढ़ाई चिंता, वन अमला अलर्ट

जगदलपुर-दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। मासाड़ी क्षेत्र में सड़क पर बाघ दिखाई देने की घटना के बाद अब खेतों में मिले उसके पंजों के निशान ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है। बीती रात सड़क के बीच बाघ देखे जाने के बाद रविवार को वन विभाग की टीम ने आसपास के इलाकों में जांच की। इस दौरान गांव के खेतों में बाघ के पंजों के निशान मिले हैं। इससे क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी की पुष्टि को और बल मिला है। वन विभाग ने अब उसके आवागमन वाले संभावित इलाकों पर निगरानी बढ़ा दी है। बीजापुर से दंतेवाड़ा की ओर आ रहे ट्रक चालक संतोष ने मासाड़ी के पास सड़क के बीचों-बीच बाघ को खड़ा देखा था। ट्रक की हेडलाइट बाघ पर पड़ते ही चालक ने वाहन रोक दिया और उसकी तस्वीर भी ली। इसके बाद उसने ग्रामीणों और वन विभाग को इसकी सूचना दी थी। घटना के बाद वन

विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में बाघ की गतिविधियों पर नजर रख रही है। बचेली के रेंजर डॉ प्रीतेश पांडेय ने बताया कि बाघ की मौजूदगी को देखते हुए क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है। अलग-अलग संभावित स्थानों पर चार से अधिक ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। कैमरों के माध्यम से बाघ की गतिविधियों और उसके आवागमन वाले मार्ग की जानकारी जुटाई जा रही है। वन अमला यह भी प्रयास कर रहा है कि बाघ किसी तरह की परेशानी या खतरा पैदा किए बिना सुरक्षित तरीके से वापस जंगल की ओर चला जाए।

विश्व आदिवासी दिवस: गरियाबंद में गरजा आदिवासी समाज, संजय सिंह बोले- झुकेंगे नहीं, जेल जाने को तैयार

जल-जंगल-जमीन पर अब आर-पार की लड़ाई, अधिकार नहीं मिला तो छीन लेंगे

गरियाबंद/नवप्रदेश। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को गरियाबंद में आदिवासी समाज ने शक्ति, एकता और अधिकारों का जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह,दिल्ली विधायक मुकेश सहरावत, क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल और बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम से पहले मालगांव से मोटरसाइकिल रैली निकाली गई,जो तिरंगा चौक पहुंची।यहां आतिशबाजी और जोरदार नारों के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया।मंच पर आदिवासी संस्कृति की झलक भी देखने को मिली।पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे समाज के लोगों ने कार्यक्रम को भव्य रूप दिया। इस दौरान संजय सिंह बोले– 10 करोड़ की आबादी, फिर भी एक भी आदिवासी भारत रत्न क्यों नहीं? सभा को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आदिवासी समाज के अधिकार,शिक्षा,स्वास्थ्य और जल-जंगल-जमीन के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि भारत में आदिवासी समाज की आबादी करीब 10 करोड़ है, लेकिन अब तक किसी आदिवासी को भारत रत्न नहीं मिला।

अडानी का मुद्दा उठाकर सरकार पर हमला

सांसद संजय सिंह ने छत्तीसगढ़ में खनिज संपदा और जंगलों को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में कोयला,बिजली,पानी और खनिज संसाधनों पर बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में किसी कंपनी के काम के लिए ग्रामसभा की भूमिका और संवैधानिक अधिकार महत्वपूर्ण हैं,लेकिन उनके अनुसार इन अधिकारों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने मंच से कहा कि 'जल, जंगल और जमीन की लड़ाई में मैं आपके साथ खड़ा रहूंगा।'

मुकेश सहरावत बोले-'आदिवासी पेड़ काटे तो जेल, बड़े कारोबारी काटें तो सरकार खामोश?'

दिल्ली विधायक मुकेश सहरावत ने भी आदिवासी अधिकारों और जंगलों के मुद्दे पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि यदि कोई आदिवासी एक पेड़ काटता है तो उसके खिलाफकार्रवाई हो जाती है, लेकिन बड़े उद्योगों द्वारा बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई के आरोपों पर सरकार की भूमिका पर सवाल उठते हैं।उन्होंने छत्तीसगढ़ में जंगल और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए कहा कि आदिवासी समाज को अपने अधिकारों और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए एकजुट होना होगा। इस अवसर पर क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल ने अपने संबोधन में आदिवासी और छत्तीसगढ़ के मूलनिवासी अधिकारों को लेकर तीखा तेवर दिखाया। उन्होंने 'जय जोहार' के नारे के साथ कहा कि छत्तीसगढ़ के निवासियों के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा।अमित बघेल ने कहा कि जब समाज अपने अधिकार मांगता है तो आंदोलनकारियों को जेल भेज दिया जाता है, लेकिन वे जेल जाने से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े महापुरुष भी जेल गए थे और यदि छत्तीसगढ़ के मूलनिवासियों के हक के लिए जेल जाना पड़े तो वे इसके लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमारे संवैधानिक अधिकार नहीं मिलेंगे तो हम अपने अधिकार छीनकर लेंगे।

आदिवासी सिर्फवोट बैंक नहीं

अमित बघेल ने राजनीतिक दलों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि अब आदिवासी समाज को केवल वोट बैंक समझने की राजनीति नहीं चलेगी। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि जब चुनाव के समय कोई राजनीतिक दल वोट मांगने आए तो उससे पूछा जाए कि आदिवासी समाज के लिए उसकी ठोस योजना क्या है।

दिखी आदिवासी एकता

विश्व आदिवासी दिवस के इस आयोजन में बड़ी संख्या में समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। मंच पर अतिथियों का सम्मान किया गया तथा आदिवासी संस्कृति और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जल-जंगल-जमीन, संवैधानिक अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और राजनीतिक भागीदारी जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि.शेड नं.74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 फोन : 0771-3526755, 6262188999